YouTube kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes

कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

www.kanwhizztimes.com

❐ वर्ष-15 ❐ अंक-241 ❐ शुक्रवार, 02 अक्टूबर 2026 ❐ नगर संस्करण ❐ लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित ❐ मूल्य- ₹ 3.00 ❐ पृष्ठ-12



पिछले 12 वर्षों में राहुल गांधी का भारतीय लोकतंत्र में योगदान झूठ, गलत सूचना और अराजकता फैलाने तक सीमित रहा है। उनके पास देश या केरल के लिए कोई सकारात्मक संदेश नहीं है इसी वजह से उन्होंने राहुल गांधी को ''फ्रॉड'' कहा है और वह अपने इस बयान पर कायम हैं। **राजीव चंद्रशेखर**

यासीन समेत सात पर धनशोधन के आरोप तय करने का आदेश 11

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने डीयू में किया स्वच्छता अभियान का शुभारंभ 12

संक्षेप

यूपीआई ऐप के जरिए एनपीएस खाता खोल सकेंगे

नई दिल्ली। पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) ने गुरुवार को 'एनपीएस तत्काल' योजना शुरू कर दी। इसके तहत अब लोग यूपीआई ऐप के जरिए सीधे एनपीएस खाता खोल सकेंगे। इसकी शुरुआत भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के भीम यूपीआई ऐप से की गई है। पीएफआरडीए के चेयरपर्सन एस. रमन ने बताया कि इस योजना से मझोले (टियर 2) और छोटे शहरों (टियर 3) के शहरों में पेंशन दायरा बढ़ाने में भी मदद मिलेगी। इसके तहत यूपीआई ऐप के माध्यम से नए अंशधारकों को एनपीएस से जोड़ा जाएगा। खासकर असंगठित क्षेत्र से अधिक लोग 'एनपीएस तत्काल' के माध्यम से पेंशन योजना से जुड़ेंगे।

युद्ध खत्म करने के प्रस्ताव पर अमेरिका का जवाब मिला : ईरान

दुबई। ईरान ने संकेत दिया है कि उसे युद्ध समाप्त करने के अपने प्रस्ताव पर अमेरिका का आधिकारिक जवाब मिल गया है। हालांकि, ईरानी अधिकारियों ने यह स्पष्ट नहीं किया कि अमेरिका ने प्रस्ताव को खारिज कर दिया है या नहीं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कुछ दिन पहले सार्वजनिक रूप से ईरान के इस प्रस्ताव को खारिज कर चुके हैं। गाजा में पांच फलस्तीनियों की मौतगाजा पट्टी में इजरायली हमलों में पांच फलस्तीनियों की मौत हो गई और 19 अन्य घायल हो गए। अस्पताल अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। युद्धविराम समझौते के करीब एक साल बाद भी क्षेत्र में लगभग रोजाना हमले जारी हैं।

2017 से पहले माफिया के सामने नाक रगड़ती थी सरकार : योगी

लोकभवन में मुख्यमंत्री ने अत्याधुनिक 87 इंटरसेप्टर वाहनों को फ्लैग ऑफ किया

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



- वीर पुलिसकर्मियों का सम्मान और पूर्व डीजीपी प्रकाश सिंह की पुस्तक 'संघर्ष' का विमोचन भी किया
- सीएम ने कहा- पुलिस रिफॉर्म लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना उत्तर प्रदेश, सात पुलिस कमिश्नरेट कर रहे काम
- 16 पुलिसकर्मियों को राष्ट्रपति वीरता पदक, 10 को मुख्यमंत्री वीरता पदक

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पूर्ववर्ती सरकार की कानून-व्यवस्था पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले प्रदेश के हर जिले में दुर्दांत माफिया का बोलबाला था। समानांतर सरकारें चलती थीं। माफिया के सामने नाक रगड़ी जाती थी, घुटने टेके जाते थे और पुलिस मजबूर थी। राजनीतिक नेतृत्व की रीढ़ ही टेढ़ी हो तो वह कानून-व्यवस्था को सीधा कैसे कर सकता है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को लोकभवन सभागार में आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने 87 इंटरसेप्टर वाहनों को हरी झंडी दिखाई, वीर पुलिसकर्मियों को पदक प्रदान किए और पूर्व डीजीपी प्रकाश सिंह की पुस्तक 'संघर्ष' का विमोचन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2017 के बाद सरकार ने पुलिस सुधारों को आगे बढ़ाया। प्रकाश सिंह ने जिस पुलिस रिफॉर्म की वकालत की थी, उसे उत्तर प्रदेश ने देश में सबसे पहले लागू किया। प्रदेश में अब सात पुलिस कमिश्नरेट काम कर रहे हैं। आज यूपी पुलिस के सामने विचार, वीरता और तकनीक, तीनों का समन्वय दिखाई दे रहा है। 'संघर्ष' के माध्यम से पुलिस सेवा के अनुभव और चुनौतियां सामने आई हैं तो जांबाजों की वीरता का सम्मान हुआ है और सड़क सुरक्षा के लिए अत्याधुनिक इंटरसेप्टर वाहन पुलिस बल को समर्पित किए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वैचारिकी केवल शब्द या आलेख नहीं होती, बल्कि वह व्यावहारिक जीवन की चुनौतियों को भी समाहित करती है। प्रकाश सिंह ने अपने सेवाकाल में पग-पग पर इन चुनौतियों का सामना किया और अपनी पूरी सेवा को कुशलतापूर्वक पूरा किया। लंबे समय तक विभिन्न संस्थानों में व्याख्यानों के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करने वाली उनकी वैचारिकी अब पुस्तक के रूप में सामने आई है। आचार और विचार में जब समन्वय होता है और दोनों एक ही दिशा में आगे बढ़ते हैं, तभी परिणाम सामने आता है।

मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले प्रदेश की कानून-व्यवस्था की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय 'यूपी वाला' कहकर लोगों को बाहर कर दिया जाता था। पुलिस के सामने भी बड़ी चुनौतियां थीं। राजनीतिक नेतृत्व में स्वयं निर्णय लेने की सामर्थ्य नहीं हो तो कानून-व्यवस्था को नियंत्रित करना कठिन होता है। तब पुलिस सुधार और अवस्थापना सुविधाओं की स्थिति भी बेहतर नहीं थी। एक वर्ष में करीब छह हजार पुलिस कार्मिकों को ही प्रशिक्षण दिया जा सकता था। पुलिसकर्मियों को टूटे भवनों में रहना पड़ता था। पीएसी की वाहिनियां समाप्त कर दी गई थीं। कोसीकलां, ● शेष पेज 11 पर

बंद कमरे में टिप्पणी करना आसान, सुरक्षा हटा दें तो बड़े से बड़े व्यक्ति को भीगी बिल्ली बनने में देर नहीं लगती

मुख्यमंत्री ने कहा कि बंद कमरे में बैठकर किसी के प्रति कोई भी टिप्पणी करना आसान है। कोई व्यक्ति कितना भी बड़ा क्यों न हो और उसे अपने पद का कितना भी गुरूर हो, सुरक्षा हटा दी जाए तो अराजकता के माहौल में उसे भीगी बिल्ली बनने में देर नहीं लगेगी। स्वस्थ चिंतन तभी संभव है, जब समाज में सुरक्षा का वातावरण हो। सुरक्षित माहौल में ही समृद्धि की परिकल्पना को साकार किया जा सकता है। यूपी पुलिस की थीम 'आपकी सुरक्षा, हमारा संकल्प' इसी भावना को व्यक्त करती है। जब तराई क्षेत्र आतंकवाद की चपेट में था, तब पुलिस व सेना की सुरक्षा में ही आवागमन संभव था। सूर्यास्त के बाद आवाजाही लगभग बंद हो जाती थी। उस समय डीजीपी के रूप में प्रकाश सिंह ने इन चुनौतियों का सामना किया। पुलिस सुधारों के लिए प्रकाश सिंह को सुप्रीम कोर्ट की शरण लेनी पड़ी थी। उत्तर प्रदेश ने पुलिस सुधारों को लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

न्याय पाने का सभी को समान अधिकार : सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि न्याय पाने का अधिकार सभी को समान रूप से है। शीर्ष अदालत ने एक पूर्व न्यायिक अधिकारी की याचिका पर सुनवाई से इनकार करते हुए यह टिप्पणी की। पूर्व न्यायिक अधिकारी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में अपनी लंबित याचिका पर जल्द सुनवाई की मांग की थी। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने याचिकाकर्ता व पूर्व न्यायिक अधिकारी राकेश कुमार नैन के वकील से कहा कि कोई व्यक्ति चाहे बस कंडक्टर हो या राज्य का सचिव, न्याय पाने का अधिकार सभी को समान रूप से है। पूर्व न्यायिक अधिकारी ने नौकरी से हटाए जाने के फैसले को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी है जो वहां लंबित है। पीठ ने सुनवाई की शुरुआत में ही कहा याचिकाकर्ता को हाईकोर्ट जाकर जल्द सुनवाई के लिए अनुरोध करना चाहिए?

इससे पहले, याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता ने शीर्ष अदालत से कहा कि हाईकोर्ट में मुकदमे का भारी बोझ होने के कारण उनकी याचिका पर फैसला नहीं हो पा रहा है। पीठ ने हाईकोर्ट से याचिकाकर्ता की याचिका को प्राथमिकता देने के लिए कहना उन अन्य लोगों के साथ अन्याय होगा जो अपनी याचिकाओं पर फैसले के लिए अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। पीठ ने कहा कि संवैधानिक समानता के इस दायरे में, हम व्यक्तिगत आधार पर कोई दखल नहीं देंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता हाईकोर्ट से जल्द सुनवाई का आग्रह कर सकता है।

न्यायिक भर्ती प्रक्रिया में सुधार की जरूरत

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि वह न्यायिक भर्ती परीक्षा प्रक्रिया में सुधार की जरूरत है और यह अदालत इसके लिए पहल करना चाहती है। शीर्ष अदालत ने गुजरात हाईकोर्ट में जिला जज की भर्ती प्रक्रिया को चुनौती देने वाली दो वकीलों की याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए यह मौखिक टिप्पणी की। याचिका में 2024-25 के लिए 25 फीसदी सीधी भर्ती कोटे के तहत ● शेष पेज 11 पर

इसके साथ ही, सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट में दाखिल याचिका के अनुसार याचिकाकर्ता राकेश कुमार नैन को भ्रष्टाचार के आरोपों में न्यायिक कदाचार का दोषी पाए जाने के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ ने नौकरी से बर्खास्त कर दिया था। पूर्व न्यायिक अधिकारी ने अपनी बर्खास्तगी को हाईकोर्ट में चुनौती दी है, जिस पर अभी सुनवाई होनी बाकी है। याचिकाकर्ता उत्तर प्रदेश के जिला अदालत में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम के तहत मामलों की सुनवाई करने वाले विशेष जज के तौर पर तैनात थे?

शिक्षामित्रों को हाईकोर्ट से झटका

स्पेशल टीईटी में शामिल करने की मांग खारिज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट से शिक्षामित्रों को राहत नहीं मिली। शिक्षामित्रों को स्पेशल टीईटी 2026 में शामिल करने की मांग को लेकर दाखिला याचिका को हाईकोर्ट ने खारिज कर दी। यह फैसला न्यायमूर्ति मंजूरानी चौहान की एकल पीठ ने सुनाया है। पिछली सुनवाई के दौरान कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद फैसला सुरक्षित कर लिया था।

इलाहाबाद हाईकोर्ट में परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्रों को विशेष शिक्षक पात्रता परीक्षा में आवेदन का अवसर दिए जाने की मांग को लेकर याचिका दायर की गई थी। न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान की अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद मामले में आदेश सुरक्षित कर लिया था। मामला वसीम अहमद एवं 220 अन्य बनाम राज्य सरकार से संबंधित है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता जैन अब्बास ने शिक्षामित्रों का पक्ष रखा था। शिक्षामित्रों के अधिवक्ता ने अदालत के समक्ष कहा कि परिषदीय विद्यालयों में शिक्षामित्र लंबे समय से शिक्षण कार्य कर रहे हैं और बड़ी संख्या में शिक्षामित्रों का करीब 26 वर्षों से बतौर शिक्षक शिक्षण कार्य के साथ साथ निर्वाचन कार्य, चुनाव ड्यूटी, एसआईआर, जनगणना, मतगणना, बालगड़ना, विद्यालय संचालन प्रभार, सरकार द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में ● शेष पेज 11 पर

ममता घर वापसी करें, बंगाल कांग्रेस को उनका नेतृत्व स्वीकार : अधीर



कोलकाता। कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने गुरुवार को ममता बनर्जी से अपने विधायकों और सांसदों के साथ पार्टी में लौटने की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पश्चिम बंगाल में उनके नेतृत्व को स्वीकार करने के लिए तैयार है। ज्ञात हो कि कांग्रेस से अलग होकर ही ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस पार्टी बनाई थी। पार्टी में हुई फूट का जिक्र करते हुए राज्य कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि इस समय किसी अलग संगठन की जरूरत नहीं है। विधानसभा चुनावों में हार के बाद टीएमसी में अब ज्यादा कुछ बचा नहीं है। उन्होंने कहा कि हम ममता बनर्जी से अपील करेंगे कि वे अपने सभी बचे हुए विधायकों और सांसदों के साथ कांग्रेस में शामिल हो जाएं। उन्होंने कहा कि ममता ने कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन का सहारा लिया है, इसलिए उन्हें पार्टी में शामिल हो जाना चाहिए। साथ ही अपना 'बोझ' पीछे छोड़ने की बात भी कही। उनका इशारा टीएमसी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी की ओर था। टीएमसी सांसद सौगत रॉय ने कहा कि पार्टी ऐसे प्रस्ताव पर तभी विचार करेगी, जब वह कांग्रेस नेतृत्व की ओर से औपचारिक रूप से आएगा। रॉय ने कहा कि अधीर रंजन चौधरी ने वही कहा जो उन्हें लगा। हमें कुछ नहीं कहना है। टीएमसी अब एक अलग पार्टी है। अगर कांग्रेस कोई आधिकारिक प्रस्ताव लाना चाहती है, तो हम पार्टी में इस मामले पर चर्चा करेंगे। चौधरी की 'बोझ' वाली टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर रॉय ने कहा कि अभिषेक बनर्जी के बिना पार्टी के बारे में कोई फैसला नहीं लिया जा सकता।



भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बदले यूपीएससी की चयन प्रक्रिया: मोदी

एजेंसी



- 'नेशन फर्स्ट' और 'सिटीजन फर्स्ट' हों चयन की कसौटी, एआई युग में ज्ञान के साथ समस्या-समाधान और दूरदृष्टि पर जोर

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की चयन प्रक्रिया को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप ढालने पर जोर देते हुए कहा कि भर्ती परीक्षा में केवल उम्मीदवार का ज्ञान ही नहीं बल्कि यह भी परखा जाना चाहिए कि वह सिविल सेवा में क्यों आना चाहता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लिए 'नेशन फर्स्ट' और 'सिटीजन फर्स्ट' चयन की प्रमुख कसौटी होनी चाहिए।

यूपीएससी के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर भारत मंडपम में आयोजित शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि 2047 का भारत आज के भारत से बहुत अलग होगा। भारत अधिक शहरी होगा, गांव और शहरों के बीच अंतर कम होगा तथा युवाओं की आकांक्षाएं और अपेक्षाएं कहीं अधिक बड़ी होंगी। ऐसे में सार्वजनिक सेवाओं को भी आज की त्वरित सेवा वाली दुनिया की गति के अनुरूप काम करना होगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब कृत्रिम बुद्धिमत्ता हजारों दस्तावेजों को कुछ ही क्षणों में संसाधित कर सकती है और सरकार के पास वास्तविक समय का आंकड़ा उपलब्ध है तो नागरिक भी तेजी से समाधान चाहता है। इसलिए चयन के मानकों और भर्ती प्रक्रिया को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बनाना होगा। उन्होंने कहा कि ऐसे युवाओं को सार्वजनिक सेवा में लाना जरूरी है जो सरकारी पद से नहीं बल्कि जनसेवा से आकर्षित हों। मोदी ने कहा कि 21वीं सदी के भारत की कार्य संस्कृति का मूल सिद्धांत 'प्रो पीपल, प्रोएक्टिव गुड गवर्नेंस' होना चाहिए। सरकार को नागरिकों के हितों को सर्वोपरि रखते हुए काम करना चाहिए और समस्या सामने आने का इंतजार करने के बजाय उसका पहले से अनुमान लगाकर समाधान तैयार करना चाहिए। उन्होंने 'नागरिक देवो भव' का उल्लेख करते हुए कहा कि नागरिक की सेवा सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के दौर में सिविल सेवकों के सामने सूचना युद्ध, डीपफ़ेक, एल्गोरिदमिक पक्षपात और जलवायु न्याय जैसे नए और जटिल सवाल होंगे। इसलिए चयन प्रक्रिया में जटिल समस्याओं को सुलझाने की क्षमता और दूरदृष्टि को परखने को प्राथमिकता देनी होगी। प्रधानमंत्री ने परीक्षा प्रक्रिया में लगने वाले समय को कम करने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा को केवल एक आयोजन नहीं समझना चाहिए क्योंकि यह युवाओं के भविष्य और उनके जीवन से जुड़ी है। परीक्षा में कुछ महीनों की ● शेष पेज 11 पर

सड़क पर उतरे बाढ़ पीड़ित, बोले–एक माह से पानी में फंसे हैं,राहत कहां है

❐ लासा मोड़ पर दो घंटे माल रोड जाम, घरों में पानी और खेत तबाह होने का ग्रामीणों ने लगाया आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब,लखनऊ। करीब एक माह से बाढ़ की समस्या झेल रहे लासा और अकड़रिया खुर्द गांव के ग्रामीणों का गुरुवार को गुस्सा फूट पड़ा। राहत सामग्री और अन्य जरूरी सुविधाएं नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए सैकड़ों ग्रामीण इटौंजा-माल रोड स्थित लासा मोड़ पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने सड़क पर पत्थर, बबूल का पेड़ और कांटेदार झाड़ियां डालकर करीब दो घंटे तक मार्ग जाम रखा। इस दौरान प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राहत और मुआवजे की मांग की गई।

ग्रामीणों सुमन, उदयवीर, इंद्र प्रसाद, मोहित, जंगली, संजीव, अशोक, इंद्रपाल, लालजी, जगदीश और रामआसरे ने बताया कि करीब एक माह से बाढ़ का पानी गांवों में भरा है। कई घरों में पानी पहुंच गया है और खेतों में खड़ी फसल बर्बाद हो गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि अधिकारियों को कई बार समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अपेक्षित राहत नहीं मिली। इससे ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ती गई।

सूचना पर एसडीएम बीकेटी आकाश कुमार मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों ने उन्हें ज्ञापन सौंपकर राहत सामग्री उपलब्ध कराने, फसल और मकान क्षति का मुआवजा दिलाने, मवेशियों के लिए भूसा उपलब्ध कराने, पशु चिकित्सा सुविधा और बाढ़ प्रभावित क्षेत्र में बिजली से संबंधित राहत देने की मांग की। एसडीएम ने समस्याओं के समाधान के लिए तत्काल कार्रवाई का भरोसा दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त कर दिया।

इसके बाद राजस्व कर्मचारियों की टीम नाव के जरिये बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुंची और घर-घर जाकर स्थिति का जायजा लिया। जलभराव वाले मकानों तथा क्षतिग्रस्त और गिरे घरों का सर्वे कराया गया। एसडीएम ने बताया कि हरदा में राहत शिविर संचालित किया जा रहा है और अधिकारियों-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। प्रभावित लोगों को नियमानुसार सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। ग्रामीणों ने गांव में कई मवेशियों के बीमार होने और पशु चिकित्सक के नहीं पहुंचने की शिकायत भी की। एसडीएम ने पशुओं के इलाज की व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। वहीं सीएचसी बीकेटी के अधीक्षक डॉ. जेपी सिंह ने बताया कि जलभराव वाले गांवों में स्वास्थ्य विभाग की टीम भेजी गई है। टीम ने प्रभावित लोगों को मेडिकल किट वितरित की हैं और जरूरत के अनुसार स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रदर्शन की सूचना पर एडीएम न्यायिक राजबहादुर वर्मा, तहसीलदार बीकेटी शरद सिंह, एसडीएम न्यायिक मोहनलालगंज निधि पांडे समेत अन्य अधिकारी और कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। अधिकारियों के समझाने और कार्रवाई के आश्वासन के बाद ग्रामीण शांत हुए और यातायात बहाल हो सका।

रामलीला में उमड़ेगी भीड़, नगर निगम अलर्ट

❐ महापौर और नगर आयुक्त ने रामनगर रामलीला मैदान का किया निरीक्षण, जलभराव और गंदे पानी की निकासी के दिए निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। विश्व प्रसिद्ध रामनगर की रामलीला में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए नगर निगम प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए हैं।

गुरुवार को महापौर अशोक कुमार तिवारी और नगर आयुक्त हिमांशु नागपाल ने रामनगर रामलीला मैदान का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। महापौर ने जेई, एई और स्वास्थ्य निरीक्षक को मौके पर मौजूद रहकर कमियां तत्काल दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि तैयारियों में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महापौर ने मुख्य अभियंता और प्रभारी नगर स्वास्थ्य अधिकारी को दिन में दो बार स्थलीय निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश भी दिए।

निरीक्षण के दौरान रामबाग के सामने मैदान में हल्का जलभराव मिलने पर तत्काल पानी निकालने और वहां राख (भस्सी) डालने के निर्देश दिए गए। वहीं चंदौली की ओर से आने वाले नाले से रामबाग तालाब में गिर रहे गंदे पानी को तत्काल बंद कराने को कहा गया। इसके अलावा खेदू पहलवान बीर बाबा रोड और पंचवटी त्रिमुहानी पर पंप एवं सक्शन मशीन लगाकर जल निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान जलकल महाप्रबंधक अनूप सिंह, मुख्य अभियंता सुरेश चंद्र, अधिशासी अभियंता विकास कुरील समेत नगर निगम अधिकारी, स्थानीय पार्षद, भाजपा मंडल के नेता और क्षेत्रीय गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

समाजवादी पार्टी के कार्यक्रमों में पहुंचे जिला उपाध्यक्ष



प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता। समाजवादी पार्टी के बूथ अध्यक्ष पचेड़ा सुशील कुशवाहा के घर आयोजित माताजी के तेरहवीं कार्यक्रम में पार्टी के जिला उपाध्यक्ष मंगलदेव कोल कार्यकर्ताओं के साथ पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। वहीं मझिगवां में शिव कुमार पाल की माताजी की तेरहवीं* में भी जिला उपाध्यक्ष शामिल हुए। इसके अलावा पूर्व कानूनगो बृजलाल पाल के भाई हीरामणि पाल* निवासी मझिगवां के निधन पर उनके घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस दौरान कई सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गांधी जयंती पर विशेष ग्राम सभाओं में होगी वीबी–जी राम जी योजना पर चर्चा : केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता । उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गांधी जयंती (02 अक्टूबर) के अवसर पर होने वाली ग्राम सभाओं में वीबी–जी राम जी योजना का प्रचार-प्रसार करने के निर्देश ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को दिये है। इस अवसर पर विशेष ग्राम सभाएं आयोजित की जाएंगी और पंचायत सचिव द्वारा ग्रामीणों को वार्ता के बिंदु सुनाए जाएंगे। उन्होने कहा है कि ग्राम पंचायतों को विकसित, सक्षम और आत्मनिर्भर बनाने में सब लोग मिलकर एक विकसित पंचायत और विकसित भारत का संकल्प लें। ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुसार दो अक्टूबर को आयोजित ग्राम सभाओं में वीबी–जी राम जी योजना के प्रमुख प्रावधानों और विकसित ग्राम पंचायत प्लान (वीजीपीपी) पर विशेष चर्चा की जाएगी। इस संबंध में आयुक्त ग्राम्य विकास विभाग, उत्तर प्रदेश प्रमोद कुमार उपाध्याय ने सभी मुख्य विकास अधिकारियों को दिशा निर्देश जारी किए हैं। ग्राम सभा बैठकों के दौरान पंचायत सचिव वीबी–जी राम जी अधिनियम के मुख्य बिंदुओं की जानकारी ग्रामीणों के साथ साझा करेंगे। विकसित ग्राम पंचायत प्लान–गाँव के विकास के लिए जरूरी काम विकसित ग्राम पंचायत प्लान के माध्यम से तय की जाएंगी । रोजगार, आजीविका, जल संरक्षण, ग्रामीण आधारभूत संरचना और टिकाऊ परिसंपत्तियों के निर्माण के माध्यम से हम अपने गाँव को आगे बढ़ा सकते हैं। दो अक्टूबर को आयोजित किए जाने वाले रिफार्म उत्सव (प्रचार प्रसार) के सफलता पूर्वक आयोजन किये जाने के सम्बन्ध में जनपद व विकास खण्ड स्तर पर नोडल अधिकारी नामित किये गये हैं।

भोले बाबा के आशीर्वाद से बनेगा मूल गर्भ गृह स्थल पर भगवान श्री कृष्ण का भव्य मंदिर : प्रदीप मिश्र

मथुरा, कैनविज टाइम्स संवाददाता । श्रीकृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के अध्यक्ष और हिंदू पक्षकार महेंद्र प्रताप सिंह एडवोकेट ने आज गुरुवार को कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा से मुलाकात की। उन्होंने फूलमाला पहनाकर पंडित मिश्रा का स्वागत किया और भगवान राधा-कृष्ण की छवि तथा श्रीमद्भगवद्गीता भेंट की। करीब 30 मिनट चली इस मुलाकात में श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर के इतिहास, मूल गर्भगृह स्थल और न्यायालय में विचाराधीन मुकदमों पर विस्तार से चर्चा हुई। महेंद्र प्रताप सिंह ने पंडित प्रदीप मिश्रा को हिंदू पक्ष के दावों से अवगत कराया। उन्होंने श्री मिश्र को बताया कि श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर को अलग-अलग कालखंडों में चार बार क्षतिग्रस्त किया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 1670 में औरंगजेब के शासनकाल के दौरान मंदिर को तोड़ा गया और मूल गर्भगृह स्थल पर ईदगाह का निर्माण कराया गया। इस दौरान भगवान के विग्रहों को आगरा ले गया और जामा मस्जिद की सीढ़ियों में लगवा दिए थे। उन्होंने बताया कि मूल गर्भगृह स्थल पर भव्य मंदिर निर्माण और आगरा से भगवान के विग्रहों को वापस लाने की मांग को लेकर उच्च न्यायालय में दो वाद दायर किए गए हैं। इन मुकदमों की तैयारी के लिए देश-विदेश की पुस्तकालयों से ऐतिहासिक दस्तावेज, पुस्तकें और अन्य प्रमाण जुटाकर साक्ष्य तैयार किए गए हैं। महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मंदिर निर्माण का संघर्ष न्यायालयीन प्रक्रिया के साथ-साथ जनसमर्थन के माध्यम से भी जारी रहेगा। मुलाकात के दौरान पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहा कि यदि भगवान श्रीकृष्ण के मूल गर्भगृह स्थल पर भव्य और दिव्य मंदिर का निर्माण अब नहीं हुआ, तो यह कार्य फिर कब होगा। उन्होंने कहा कि श्री शिव बाबा के आशीर्वाद से मंदिर निर्माण का मार्ग प्रशस्त होगा और सनातन धर्म और अधिक मजबूत बनेगा। कथावाचक मिश्रा ने महेंद्र प्रताप सिंह को आंदोलन में हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया। और कहा कि श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति न्यास के बैनर तले भविष्य में कोई बड़ा आयोजन जन समर्थन जुटाने के लिए किया जाएगा और उनके पास समय होगा तो वह अवश्य उसमें शामिल होने के लिए आएंगे। उन्होंने कहा कि आज हम सबको सनातन की रक्षा करने के लिए एकजुट होने की आवश्यकता है। इसका संदेश कथाओं के माध्यम से दिया जा रहा है। अब श्री कृष्ण जन्मभूमि की मुक्ति के विषय को भी अपने भक्तों के सामने रखेंगे। ताकि अधिक से अधिक लोगों तक यह विषय पहुंच सके। इस अवसर पर मुंबई से आए फिल्म निर्देशक विजय पाल सिंह, मनोज राजावत, मनोज चौधरी और भगत सिंह मौजूद रहे।

बूम बैरियर तोड़कर सोसाइटी में घुसा बीएमडब्ल्यू कार सवार, वीडियो वायरल होते ही पुलिस ने किया गिरफ्तार

नोएडा, कैनविज टाइम्स संवाददाता । थाना सेक्टर 126 क्षेत्र के सेक्टर 94 स्थित सुपरनोवा सोसाइटी में बीएमडब्ल्यू कार में सवार एक युवक द्वारा मुख्य द्वार पर जबरदस्ती प्रवेश को लेकर एक सिक्योरिटी गार्ड के साथ विवाद हुआ तथा कार सवार बैरियर तोड़ता हुआ आगे निकल गया। पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह के मीडिया प्रभारी सुबोध कुमार सिंह ने बताया कि एक अक्टूबर को सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुई। वीडियो में दिखाया गया कि बीएमडब्ल्यू कार सवार युवक सेक्टर 94 स्थित सुपरनोवा सोसाइटी के मुख्य द्वार पर कार में सवार होकर आया। सिक्योरिटी गार्ड ने उसे रूकने और एंट्री करने के लिए कहा तो युवक ने विवाद किया और कार को चलाते हुए बूम बैरियर तोड़ता हुआ चला गया। उन्होंने बताया कि इस मामले को संज्ञान में लेते हुए थाना पुलिस ने सेक्टर 15 निवासी तुषार शर्मा पुत्र लक्ष्मीकांत को बृहस्पतिवार की शाम को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि घटना में प्रयुक्त बीएमडब्ल्यू कार को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है।

संभल हिंसा मामले में आरोपित मुल्ला अफरोज प्रकरण की सुनवाई टली, अब 5 अक्टूबर को होगी

संभल, कैनविज टाइम्स संवाददाता । उत्तर प्रदेश के जनपद संभल के सदर तहसील क्षेत्र में स्थित शाही जामा मस्जिद के दूसरे सर्वे के दौरान 24 नवंबर 2024 को हुई हिंसा के मामले में आरोपित मुल्ला अफरोज के विरुद्ध दर्ज अपराध प्रकरण में गुरुवार को सुनवाई होनी थी लेकिन उनके अधिवक्ता के उपस्थित न होने के कारण न्यायालय ने इस मामले में 5 अक्टूबर की तारीख नियत कर दी है । डीजीसी राहुल दीक्षित ने बताया कि गुरुवार को मुकदमा अपराध संख्या 340 सन 2024 में 313 की कार्रवाई में मुल्ला अफ़रोज़ और गुलाम के विरुद्ध सुनवाई होनी थी, लेकिन जो है मुल्ला अफरोज के वकील ने एक स्थगन इस बात का दिया कि मैं आवश्यक किसी कार्य से मुरादाबाद किसी केस में पैरवी में जा रहा हूं, इसलिए सुनवाई की अगली नियत कर दी जाए। इसी आधार पर जनपद न्यायाधीश ने अंतिम अवसर देते हुए और इस केस में 5 अक्टूबर नियुक्त कर दी। इसकी विवेचना रजनीश कुमार ने की और इसमें विवेचक के भी बयान हो गए हैं ।

नगर निगम का 3740 करोड़ का बजट पास

❐ गुरुवार को भरवारा स्थित एसटीपी प्लांट में हुई कार्यकारिणी की बैठक में वर्ष 2026-27 के पुनरीक्षित बजट को मंजूरी दे दी गई

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। नगर निगम ने शहर की सड़कों, सफाई और जल निकासी व्यवस्था पर खर्च बढ़ाने का खाका तैयार किया है। गुरुवार को भरवारा स्थित एसटीपी प्लांट में हुई कार्यकारिणी की बैठक में वर्ष 2026-27 के पुनरीक्षित बजट को मंजूरी दे दी गई। इसमें ?3,740.34 करोड़ की आय और ?3,739.56 करोड़ के खर्च का प्रावधान है। बजट में नगर निगम ने गृहकर से ?811 करोड़ जुटाने का लक्ष्य रखा है।

राज्य वित्त आयोग से 1,126 करोड़, यूजर चार्ज से 100 करोड़ और विज्ञापन शुल्क से 16 करोड़ की आय का अनुमान है। वहीं सड़क और निर्माण से जुड़े कामों के लिए करीब 1,319 करोड़ रखे गए हैं। इनमें सड़कों की मरम्मत, निर्माण और अन्य अवस्थापना कार्य शामिल हैं। शहर की सफाई व्यवस्था के लिए भी बड़ा बजट रखा गया है। नालों की सफाई, ठोस कचरा प्रबंधन और अन्य स्वच्छता कार्यों के लिए करीब 585 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा स्ट्रीट लाइट, पार्क, विद्यालय, स्वास्थ्य, पशु चिकित्सा और डिजिटल सेवाओं पर भी खर्च किया जाएगा।पूंजीगत मद में सीएम ग्रिड योजना के लिए 300 करोड़, 15वें वित्त आयोग के लिए 175 करोड़ और 16वें वित्त आयोग के लिए 250 करोड़ का प्रावधान है। बैठक में जलकल विभाग का पुनरीक्षित बजट भी मंजूर किया गया। जलकल के लिए 472.31 करोड़ की आय और 483.45 करोड़ के खर्च का प्रावधान किया गया है। इसमें जलापूर्ति और सीवर व्यवस्था को बेहतर करने के साथ ऑनलाइन बिलिंग और राजस्व वसूली बढ़ाने पर जोर दिया गया है।

सेंट मैरी स्कूल तरांव-कोराव के फादर जॉर्ज मेडेपल्ली का निधन, गुरुवार को स्कूल बंद



कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। सेंट मैरी स्कूल तरांव, कोराव के प्रधानाचार्य फादर जॉर्ज मेडेपल्ली (43 वर्ष) का आकस्मिक निधन हो गया। मूल रूप से विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश (तेलंगाना) के रहने वाले फादर अविवाहित थे। परिवार में तीन भाई व एक बहन हैं, जिनमें वे सबसे छोटे थे।

विद्यालय की एडमिनिस्ट्रेटिव प्रधानाचार्य सिस्टर रोशनी ने बताया कि मंगलवार शाम 6 बजे अचानक तबीयत बिगड़ने पर उन्हें नाजरेथ हॉस्पिटल, प्रयागराज में एडमिट कराया गया था। और बुखार से ये हफ्तों से बीमार चल रहे थे हालत में सुधार न होने पर बुधवार को उन्हें लखनऊ रेफर किया गया, जहाँ इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। फादर जॉर्ज का सेंट मैरी स्कूल तरांव में 3 साल का कार्यकाल रहा। उनका कार्यकाल अप्रैल 2027 में पूरा होने वाला था। इससे पहले वे सेंट जोसेफ स्कूल प्रयागराज में हेड मास्टर और सेंट जेवियर्स / सेंट जे.बी.एस. कानपुर में हेड मास्टर के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके थे। स्कूल में उनका कार्यकाल काफी सराहनीय रहा। फादर के निधन से विद्यालय परिवार में शोक की लहर है। इस दुःखद घटना के चलते गुरुवार को विद्यालय में अवकाश घोषित किया गया है।

बिजली के तार और ट्रांसफार्मर चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़,चार गिरफ्तार

❐ मलिहाबाद समेत कई थानों में दर्ज हैं आरोपियों पर चोरी के मुकदमे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मलिहाबाद, लखनऊ। मलिहाबाद पुलिस ने विद्युत केबल और ट्रांसफार्मर की कॉपर क्वायल चोरी करने वाले गिरोह का ख़ुलासा करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 201 किलोग्राम कॉपर क्वायल समेत भारी मात्रा में चोरी के विद्युत तार बरामद किए हैं। जबकि गिरोह के तीन अन्य सदस्य मौके से फरार हो गए। मलिहाबाद पुलिस नें चोरी की घटनाओं का खुलासा करते हुए बताया कि बीते 27 सितंबर की रात मलिहाबाद के पाठकगंज नेजाभारी स्थित एक नर्सरी के ट्यूबवेल से एबीसी केबल, स्टार्टर केबल और सोलर लाइट चोरी हो गई थी। जगदीश प्रसाद शुक्ल निवासी बड़ी गढ़ी की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू की गयी थी। आख़िरकार गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक सुरेंद्र सिंह भाटी के नेतृत्व में वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय यादव,उपनिरीक्षक राहुल तिवारी, उपनिरीक्षक अश्वनी कुमार सिंह, उपनिरीक्षक विवेक कुमार ने पुलिस बल के साथ बड़ीगढ़ी रोड स्थित समदा तालाब के पास आम के बाग की झाड़ियों में घेराबंदी कर चार संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया, जबकि तीन आरोपी मौके से भाग निकले। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान काकोरी के घनश्यामपुर निवासी रंजीत यादव 31 वर्ष पुत्र रामचन्द्र यादव, मनोज यादव 28 वर्ष पुत्र रामचन्द्र यादव, शिवा उर्फ तन्नू यादव 25 वर्ष पुत्र हरिश्चन्द्र यादव उर्फ हरिशंकर यादव, और मोनू यादव 23 वर्ष पुत्र हरिश्चन्द्र यादव उर्फ हरिशंकर यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर झाड़ियों में छिपाकर रखी गई 25 मीटर एबीसी केबल, करीब 40 किलो कटी हुई केबल, 200 मीटर एल्युमिनियम एचटी-एलटी तार और ट्रांसफार्मर की 10 कॉपर क्वायल बरामद कीं। बरामद कॉपर क्वायल का वजन करीब 201 किलोग्राम बताया गया है।

मलिहाबाद से उन्नाव तक फैला चोरी का नेटवर्क

पुलिस के अनुसार आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि मलिहाबाद में पांच, रहीमाबाद में तीन, सैरपुर और बीकेटी में एक-एक तथा उन्नाव के फतेहपुर चौरासी में ट्रांसफार्मर और विद्युत तार चोरी की घटनाओं में संलिप्तता की जानकारी दी है। इन मामलों में संबंधित थानों में मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी चोरी के तार और कॉपर क्वायल का कुछ हिस्सा कबाड़ियों को बेच देते थे, जबकि बाकी सामान सुनसान स्थानों और झाड़ियों में छिपाकर रखते थे। चारों गिरफ्तार आरोपियों का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है। रंजीत यादव, मनोज यादव और शिवा उर्फ तन्नू के खिलाफ लखनऊ और उसके आसपास के ज़िलों में पहले से चोरी और गैंगस्टर एक्ट समेत दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। वहीं, मोनू के खिलाफ भी काकोरी और दुबग्गा थानों में मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस फरार तीन आरोपियों की तलाश के साथ गिरोह से जुड़ी अन्य चोरी की घटनाओं की भी जांच कर रही है।

एआई युवा पीढ़ी की सोच पर प्रहार या प्रगति का माध्यम, विद्यार्थियों ने पक्ष-विपक्ष में रखे तर्क

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। नेचुरल टच वेलफ़ेयर सोसाइटी एवं श्री जय नारायण मिश्र पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज (केकेसी), लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में ल्क्या इ.क्र युवा पीढ़ी की सोच पर प्रहार है।

विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युवा पीढ़ी की सोच, रचनात्मकता और भविष्य पर पड़ने वाले प्रभावों को लेकर पक्ष एवं विपक्ष में अपने विचार प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किए।प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने तर्कों और तथ्यों के माध्यम से एआई के बढ़ते प्रभाव पर चर्चा की। किसी ने इसे ज्ञान और तकनीकी विकास का सशक्त माध्यम बताया तो किसी ने इसके अत्यधिक इस्तेमाल से युवाओं की मौलिक सोच एवं रचनात्मकता प्रभावित होने की आशंका जताई। विद्यार्थियों के आत्मविश्वासपूर्ण तर्कों और प्रभावी अभिव्यक्ति ने कार्यक्रम को खासा रोचक बना दिया।कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, अभिव्यक्ति कौशल, आत्मविश्वास तथा समसामयिक विषयों के प्रति जागरूकता को बढ़ावा देना रहा।प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका डॉ. कमल कुमार पांडे, एसोसिएट प्रोफ़ेसर, केकेसी, डॉ. मनीषा खन्ना, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर, नेशनल पीजी कॉलेज तथा डॉ. जसवंत कुमार, असिस्टेंट प्रोफ़ेसर, लखनऊ विश्वविद्यालय ने निभाई।प्रतियोगिता में स्वच्छम सिंह ने प्रथम स्थान हासिल कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं डैनज़ेल ऑस्कर सिंह एवं अंकिता सिंह ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक हासिल किया। श्रद्धा पांडे ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक अपने नाम किया।कार्यक्रम में संस्था की अध्यक्ष श्रीमती स्मृति शर्मा एवं सचिव प्रदीप शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का समन्वय प्रो. अलका शर्मा एवं प्रो. गिरिजेश त्रिपाठी ने किया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों को तकनीक के बदलते दौर में अपनी सोच, तर्क क्षमता और रचनात्मकता को मजबूत बनाए रखने का संदेश दिया गया।

स्वच्छता ही सेवा के तहत वाकाथन डीआरएम आशीष जैन ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

❐ अधिकारियों के साथ किया श्रमदान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



वाराणसी। पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल में 'स्वच्छता ही सेवा-2026' पखवाड़े के तहत गुरुवार को विभिन्न स्वच्छता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के नेतृत्व में सुबह वाकाथन निकाला गया।

वाकाथन अधिकारी क्लब के गेट संख्या-1 से शुरू होकर ऑफिसर्स कॉलोनी और रेलवे कॉलोनी होते हुए अधिकारी क्लब की सेकेंड एंट्री पर समाप्त हुआ। सुबह आठ बजे 'आकाश गंगा' में मंडल रेल प्रबंधक ने रेल अधिकारियों और कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इसके बाद स्काउट एवं गाइड के बच्चों ने स्वच्छता संदेश वाले प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया।

रैली में अपर मंडल रेल प्रबंधक (आप.) अशोक कुमार वर्मा, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा) अजय सिंह, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. आर. जे. चौधुरी, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) विकास कुमार सिंह, वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (वर्क्स) अनुभव पाठक, वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त पंकज चुघ समेत शाखा अधिकारी, स्काउट-गाइड के बच्चे, आरपीएफ जवान और रेलवे कर्मचारी शामिल हुए।

अधिकारियों ने किया श्रमदान

रैली के बाद मंडल रेल प्रबंधक ने 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' श्रमदान अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने अधिकारियों के साथ रेलवे आवासीय अधिकारी कॉलोनी के उद्यान में करीब दो घंटे श्रमदान किया। इस दौरान उन्होंने सेल्फी प्वाइंट पर वालंटियर्स के साथ फोटो खिंचवाकर उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में 'स्वच्छ भारत, विकसित भारत' थीम पर आधारित सेल्फी प्वाइंट और स्वच्छता पखवाड़ा पंपलेट का विमोचन भी किया गया।

वृद्ध पुजारी हत्याकांड में नामजद आरोपित गिरफ्तार, बीती रात की गयी थी हत्या

एटा। उत्तर प्रदेश के एटा जिले में बृहस्पतिवार को एक व्यक्ति द्वारा थाना निधौली कलां में उनके वृद्ध बाबा की बीती रात ईंट से कुचलकर हत्या की गयी थी। परिजनों ने नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी थी। पुलिस ने इस मामले में नामजद आरोपित संदीप को गिरफ्तार कर लिया है।

बृहस्पतिवार को जनपद एटा के थाना क्षेत्र निधौली कला निवासी ग्राम लालपुर होरची नीरज कुमार पुत्र प्रेमपाल सिंह लोधी ने प्रातः लगभग 9 बजे थाने पर सूचना दी कि मेरे बाबा भोजराज पुत्र सूरजपाल उम्र लगभग 65 वर्ष जो गांव के ही हनुमान मंदिर में रहकर मंदिर की सेवा करते थे उनकी बीती रात्रि हाथ पैर बांधकर सिर पर ईंट से हमला कर उनकी हत्या कर दी है। उक्त घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर बाद विधिक कार्यवाही पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल एटा मोर्चरी भेज दिया गया।

मृतक के भतीजे वादी देवेन्द्र सिंह पुत्र किशोरीलाल निवासी ग्राम लालपुप होरची थाना निधौलीकला जनपद एटा ने थाने में तहरीर देखकर आरोप लगाया कि मेरे चाचा भोजराज पुत्र सूरजपाल (आयु लगभग 65 बर्ष) लगभग 15 बर्षों से साधु के रूप में सार्वजनिक मंदिर पर पूजा पाठ करते एवं वहीं पर रहते थे। चाचा भोजराज के पास संदीप उर्फ गब्बर पुत्र कृपाल सिंह निवासी पलिया थाना निधौलीकला अक्सर आता जाता था । पूर्व में चाचा से आरोपित संदीप का पैसे के लेनदेन को लेकर एक दो बार कहा सुनी हो गयी थी। बीती रात्रि में संदीप ने चाचा भोजराज के सिर में ईंट मारकर हत्या कर दी । भोजराज की हत्या कर भागते वक्त आरोपित ने बृजेश पुत्र बांकेलाल निवासी ग्राम लालपुर को भी ईंट मारकर घायल कर दिया। जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है । निधौली कला थाना प्रभारी आदित्य खोखर ने बताया कि वादी की तहरीर पर निधौलीकला पर मु0अ0स0 157/26 धारा 103(1),125 बीएनएस बनाम संदीप उर्फ गब्बर पुत्र कृपाल सिंह निवासी पलिया थाना निधौलीकला पंजीकृत कराया गया है।

सई नदी के जल स्तर में वृद्धि हड़कम्प, रोजमर्रा की जरूरतों की पूर्ति के लिए जान जोखिम में डाल रहे ग्रामीण

- छात्र जूते हाथ में लेकर सड़क के पानी के तेज बहाव को ग्रुप बनाकर पार कर रहे रास्ते
- ग्रामीण पानी में चल कर चक्की पर पिसा रहे आटा, बच्चो के लिये बढ़ने लगी है मुसीबते

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बंथरा, लखनऊ। इलाके में बढ़ता सई नदी का जलस्तर रुकने का नाम नहीं ले रहा। नदी के लगातार बढ़ने से अब पानी ऊंचे स्थानों पर पहुंचने लगा है सड़कों पर बहाव लगातार और तेज हो गया है। ग्रामीणों को गेहूं के आटे की पिसाई कराने के लिए पैदल चलकर नदी के तेज बहाव के बीच से सर पर बोरी रखकर आटा पिसाने चक्की तक जाना पड़ रहा है। जिससे परिवार को दो वक्त का निवाला मिल सके।

वहीं दूसरी ओर छात्र-छात्राओं को अपने स्कूल तक पहुंचने के लिए जूते चप्पल को हाथ में पड़कर एक दूसरे छात्र का हाथ थाम कर सहारे से तेज बहाव को पर करना पड़ रहा है। आज जलस्तर और बढ़ने से राजकीय महाविद्यालय लतीफ नगर के मुख्य गेट के सामने और झण्डेश्वर मंदिर की ओर जाने वाली रोड पर पानी बहने लगा। जिससे महाविद्यालय के अध्यापकों और छात्रों को घुटनों तक वस्त्र समेट कर विद्यालय जाना पड़ा। रहीम नगर करीब 8 किलोमीटर दूर तिर्वा गांव से आते हैं रहीम नगर८ लतीफ नगर रोड पर दिन प्रतिदिन पानी का बहाव तेज हो रहा है। जिससे आने जाने वाले छात्रों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। वह विद्यालय के ही 11वीं के छात्र पीयूष ने बताया कि हम लोगों को अपने जूते हाथ में लेकर टोली बनाकर पैदल विद्यालय जाना पड़ रहा है। प्रशासन की ओर से ना तो इसके लिए कुछ सुरक्षा के इंतजाम है और ना ही मौके पर आने-जाने के लिए कोई जिम्मेदार मौजूद रहता है। लगातार बढ़ते जलस्तर से विद्यालय में छात्रों की उपस्थिति भी काफी कम हुई है। प्रशासन मात्र बैरिकेडिंग और पेड़ की लकड़ी डालकर अपनी जिम्मेदारी से बरी हो गया है। जबकि ग्रामीणों का अपनी जान जोख़िम में डालकर आवागमन जारी है। राहत की बात यह है कि क्षेत्रीय लेखपालों ने प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया है। पाड़ियाना स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में कक्षा 11 के छात्र रचित बताते हैं कि वह

'स्वच्छता ही सेवा-2026' के अंतर्गत लखनऊ मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर सामूहिक श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान

- लखनऊ रेलवे स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा के नेतृत्व में अधिकारियों, रेल कर्मचारियों एवं सफाई मित्रों ने स्वच्छता की शपथ ली

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल में 'स्वच्छता ही सेवा-2026' के तहत गुरुवार को ह्लएक दिन, एक घंटा, एक साथह्व अभियान के तहत लखनऊ, वाराणसी जं., अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, जौनपुर, प्रयाग जं., प्रतापगढ़, रायबरेली, अमेठी, उन्नाव एवं शाहगंज सहित विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छता शपथ, सामूहिक श्रमदान एवं जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

लखनऊ रेलवे स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक सुनील कुमार वर्मा के नेतृत्व में अधिकारियों, रेल कर्मचारियों एवं सफाई मित्रों ने स्वच्छता की शपथ ली। इसके बाद स्टेशन यार्ड के कानपुर छोर पर श्रमदान कर सफाई की गई। वाराणसी जं. रेलवे स्टेशन पर अपर मंडल रेल प्रबंधक बृजेश यादव, मंडल यांत्रिक अभियंता दिवाकर वार्ष्णेय एवं स्टेशन निदेशक अर्पित गुप्ता की उपस्थिति में अधिकारियों, कर्मचारियों, सफाई मित्रों एवं यात्रियों ने श्रमदान किया। वाराणसी की न्यू लोको कॉलोनी एवं टीआरडी लोको कॉलोनी में भी व्यापक सफाई करते हुए लगभग 500 किलोग्राम कूड़ा-कचरा एकत्र कर सुरक्षित निस्तारित किया गया। यहां 'मोटू-पतलू' एवं 'चिंपैंजी' के कार्टून कैरेक्टर बच्चों के विशेष आकर्षण का केंद्र रहे और उनके माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। जौनपुर स्टेशन एवं हेल्थ यूनिट परिसर में झाड़ियों एवं अनावश्यक वनस्पतियों की कटाई के साथ लगभग 150 किलोग्राम कूड़ा-कचरा एकत्र कर निस्तारित किया गया। अयोध्या धाम एवं अयोध्या कैंट स्टेशनों पर भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। अयोध्या कैंट स्टेशन पर ह्लएक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। इसी क्रम में प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शाहगंज, अमेठी एवं उन्नाव स्टेशनों पर रेल अधिकारियों, कर्मचारियों, आरपीएफ कर्मियों, सफाई मित्रों एवं यात्रियों ने श्रमदान में भाग लिया। रायबरेली स्टेशन पर सहायक चिकित्सा अधिकारी नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में यातायात, परिचालन, स्वास्थ्य सहित विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने सहभागिता की। अभियान के दौरान स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने, रेलवे परिसरों को स्वच्छ रखने तथा गीले एवं सूखे कचरे को अलग रखने और सिंगल यूज प्लास्टिक से बचने के लिए यात्रियों एवं आमजन को जागरूक किया गया।

जनसेवा से जनसंपर्क तक, बीकेटी से सपा टिकट की तैयारी में वीरेंद्र यादव

- समाजसेवा के साथ बढ़ा रहे जनसंपर्क, युवाओं को रोजगार, बेहतर शिक्षा-सड़क और 24 घंटे बिजली को बताया प्राथमिकता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बख्शी का तालाब, लखनऊ। 2027 विधानसभा चुनाव को लेकर बख्शी का तालाब क्षेत्र में राजनीतिक गतिविधियां तेज होने लगी हैं। समाजवादी पार्टी से जुड़े नेता वीरेंद्र यादव प्रधान बीकेटी विधानसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने की तैयारी में जुटे हैं। हालांकि, पार्टी की ओर से उनकी उम्मीदवारी की आधिकारिक घोषणा अभी नहीं हुई है। वीरेंद्र यादव प्रधान इन दिनों सामाजिक गतिविधियों के साथ क्षेत्र में जनसंपर्क बढ़ा रहे हैं। उनके समर्थकों के अनुसार, वह गरीब, असहाय और जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आते हैं और क्षेत्रवासियों के सुख-दुख में शामिल होकर उनकी समस्याओं को सुनते हैं। स्थानीय समस्याओं को संबंधित अधिकारियों तक पहुंचाने के साथ उनके समाधान के लिए प्रयास करने का भी दावा किया जाता है। वीरेंद्र यादव प्रधान का कहना है कि जनसेवा उनके लिए केवल राजनीति का हिस्सा नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी है। उनका कहना है कि क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाना, बेहतर शिक्षा की व्यवस्था पर जोर देना और गांवों को अच्छी सड़कों से जोड़ना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। इसके साथ ही पूरे विधानसभा क्षेत्र में 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराने को लेकर भी वह आवाज उठाने की बात कहते हैं।

उन्होंने कहा कि बीकेटी विधानसभा क्षेत्र में बड़ी संख्या में युवा हैं और रोजगार की कमी के कारण उन्हें दूसरे शहरों की ओर जाना पड़ता है। युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के साथ शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करना जरूरी है। उनका जोर क्षेत्र की सड़कों और अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने पर भी रहेगा। 2027 के चुनाव को लेकर वीरेंद्र यादव प्रधान पार्टी कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों के बीच लगातार संपर्क बढ़ा रहे हैं। उन्होंने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने की अपील करते हुए बेरोजगारी, शिक्षा, रोजगार, सड़क और बिजली जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाने की बात कही है। वीरेंद्र यादव प्रधान का कहना है कि गरीबों, युवाओं और जरूरतमंद परिवारों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने के साथ वह क्षेत्र के विकास के लिए जनता के बीच रहकर काम करेंगे। बीकेटी से सपा प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ने की तैयारी के बीच उनकी बढ़ती राजनीतिक सक्रियता क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

रक्षा लेखा विभाग ने मनाया 279वां स्थापना दिवस

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। रक्षा मंत्रालय के अधीन कार्यरत रक्षा लेखा विभाग का 279वां स्थापना दिवस गुरुवार को क्षेत्रीय प्रशिक्षण केंद्र, लखनऊ के रामायण प्रेक्षागृह में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। समारोह में विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

स्थापना दिवस समारोह के तहत पूर्व सप्ताह में 'स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी' अभियान, आयुर्वेद दिवस पर सेमिनार और रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रमों में विभाग के सभी वर्गों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सहभागिता की। समारोह में भारतीय रक्षा लेखा सेवा के भूतपूर्व वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर रक्षा लेखा विभाग की हिंदी पत्रिका 'रक्षा लेखा भारती' के 18वें संस्करण का विमोचन प्रधान नियंत्रक संजय कुमार चौधरी ने किया। साथ ही कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए नवीनीकृत जलपान गृह का उद्घाटन भी किया गया। समापन समारोह में रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक संजय कुमार चौधरी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए। समारोह में विभाग की गौरवशाली विरासत, टीम भावना और कार्य के प्रति समर्पण को रेखांकित किया गया। कार्यक्रम में मयंक बिष्ट, एकीकृत वित्तीय सलाहकार चन्द्र प्रकाश, अपर नियंत्रक, हिमांशू त्रिपाठी, संयुक्त एकीकृत वित्तीय सलाहकार, उप-नियंत्रक स्वर्णिम, अजय कुमार अग्रवाल, कर्ण सिंह, संजय और एसके गुप्ता, सहायक नियंत्रक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

बस परिचालक और महिला से छिनैती करने वाले दो गिरफ्तार

लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। आलमबाग पुलिस और मध्य जोन सर्विलांस टीम ने बस परिचालक और महिला से छिनैती की दो घटनाओं का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने दो काले बैग, टिकट मशीन और उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम का परिचालक वे-बिल बरामद किया है। घटना में शामिल एक अन्य आरोपी की तलाश की जा रही है।पुलिस के अनुसार, 18 सितंबर को आलमबाग बस स्टेशन के बाहर सवारियां बैठाते समय बाइक सवार बदमाश बस परिचालक भानुप्रकाश मिश्रा का बैग छीनकर फरार हो गए थे। बैग में नकदी, टिकट मशीन और परिचालक से संबंधित दस्तावेज थे। मामले में आलमबाग थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। वहीं छह सितंबर को मवैया-दुर्गापुरी मेट्रो क्षेत्र में महिला से पर्स छीनने की घटना हुई थी।दोनों घटनाओं के खुलासे के लिए पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने के साथ संदिग्धों और वाहनों की निगरानी शुरू की। एक अक्तूबर की रात फतेहअली चौराहे के पास चेकिंग के दौरान पुलिस ने जदुनाथ चौराहे की ओर से आ रही बाइक को रोककर दो युवकों को हिरासत में लिया।पूछताछ में आरोपियों ने अपने साथी परम वर्मा के साथ मिलकर आलमबाग बस अड्डे के पास परिचालक से बैग छीनने की घटना में शामिल होना बताया। आरोपी इरफान उर्फ साबित की निशानदेही पर एवरेडी चौराहे के पास रेलवे लाइन के आगे झाड़ियों से काला बैग, टिकट मशीन और परिचालक वे-बिल बरामद हुआ। वे-बिल पर भानु मिश्रा का नाम अंकित था।वहीं आरोपी संजय उर्फ नकुल कश्यप की निशानदेही पर मवैया क्षेत्र में महिला से छीने गए पर्स से संबंधित काला बैग बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों मामलों में बरामदगी के आधार पर धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की है।गिरफ्तार आरोपियों की पहचान इरफान उर्फ साबित (25) निवासी सेक्टर-3, जानकीपुरम विस्तार और संजय उर्फ नकुल कश्यप (20) निवासी सेक्टर-6, जानकीपुरम विस्तार, हाल निवासी सेक्टर-3 जानकीपुरम के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक दोनों के खिलाफ पहले भी मुकदमे दर्ज हैं। घटना में शामिल परम वर्मा की तलाश की जा रही है।

ग्राम पंचायतों में आधार सेवा केंद्र खोलने की तैयारी तेज



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। प्रदेश की ग्राम पंचायतों में ग्रामीणों को डिजिटल और नागरिक सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराने के लिए आधार सेवा केंद्रों की स्थापना की प्रक्रिया तेज की जाएगी। इसके साथ ही ग्राम पंचायत सचिवों को स्मार्ट मोबाइल फोन उपलब्ध कराने, डिजिटल ग्राम योजना और डिजिटल लाइब्रेरी फ़ेज-2 के विस्तार की कार्रवाई भी समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएगी। पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने गुरुवार को विधान भवन स्थित कक्ष संख्या-62 में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को इन योजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण नागरिकों को डिजिटल सेवाओं के लिए अनावश्यक रूप से दूर न जाना पड़े, इसके लिए ग्राम पंचायत स्तर पर अधिक से अधिक सुविधाएं विकसित की जाएं। मंत्री ने आधार सेवा केंद्रों की स्थापना से संबंधित कार्रवाई में तेजी लाने तथा अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने को कहा। उन्होंने ग्राम पंचायत सचिवों को स्मार्ट मोबाइल फोन उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी शीघ्र पूरी करने के निर्देश दिए। बैठक में डिजिटल ग्राम योजना और पूर्व से संचालित डिजिटल लाइब्रेरी योजना के फ़ेज-2 की प्रगति एवं आगामी कार्ययोजना पर भी चर्चा हुई। मंत्री ने संबंधित अभिलेख और विवरण उपलब्ध कराते हुए आवश्यक प्रक्रियाएं शीघ्र पूरी करने को कहा। उन्होंने कहा कि डिजिटल तकनीक ग्रामीण विकास और नागरिक सुविधाओं का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुकी है। ग्राम पंचायतों में डिजिटल संसाधनों के विस्तार से विभागीय कार्यों में सुगमता आने के साथ ग्रामीणों को भी स्थानीय स्तर पर विभिन्न सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सकेगा। बैठक में प्रमुख सचिव पंचायती राज रविंद्र, निदेशक पंचायती राज अमित कुमार सिंह, एमडी यूपीसीएल जसजीत कौर, एमडी यूपीडेस्को आकांक्षा राणा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

छत की सफाई कर रहे युवक की करंट लगने से मौत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बंथरा, लखनऊ। इलाके की भटगवां पांडेय ग्राम पंचायत के गांव हुलास खेड़ा निवासी शत्रोहन उम्र 36 वर्ष पुत्र छोटे लाल की करंट लगने से मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शत्रोहन रात को साफ ऽ सफाई करने के लिए छत पर गए थे वहीं पास से निकले लाइट के तार कहीं कटे थे जिससे वह बिजली की चपेट में आ जाने से मौके पर ही मौत हो गई। शत्रोहन के पिता छोटेलाल ने बताया सुबह 4 बजे जब वह अपनी चारपाई पर नहीं दिखा तो हमने ढूंढने की कोशिश की कहीं ना दिखने पर जब छत पर गया तो वह वहीं पड़ा मिला। सुबह होने पर इसकी सूचना पुलिस को दी गई मौके पर दलऽबल साथ पहुंचे पुलिस चौकी हरौनी प्रभारी श्याम जी मिश्रा ने शव का पंचायतनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शत्रोहन मेहनत मजदूरी करके घर का भरणऽपोषण करता था। परिवार में पिता छोटे लाल के अलावा एक बिटिया प्रतिज्ञा उम्र 15 वर्ष और एक बेटा शनिउम्र 12 वर्ष है।

पितृपक्ष के अवसर पर भारतीय जन सेवा समिति ने वृद्धजनों को वस्त्र, फल एवं खाद्य सामग्री की वितरित

- कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का भारतीय जन सेवा समिति के अध्यक्ष शैलेश बाजपेई 'शीलू' ने पटका पहनाकर स्वागत किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भारतीय जन सेवा समिति द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पितृपक्ष के पावन अवसर पर सेवा एवं श्रद्धा की भावना के साथ पारा स्थित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों को वस्त्र, फल एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री द्विवेदी ने कहा कि भारतीय संस्कृति में सेवा का विशेष महत्व है। बुजुर्ग हमारे समाज की अमूल्य धरोहर हैं और उनका सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि पितृपक्ष के अवसर पर वृद्धजनों के बीच पहुंचकर उनकी सेवा करना एक सराहनीय सामाजिक पहल है। उन्होंने भारतीय जन सेवा समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को इस सेवा कार्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी क्षमता के अनुसार सेवा कार्यों से जुड़ना चाहिए।

कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का भारतीय जन सेवा समिति के अध्यक्ष शैलेश बाजपेई 'शीलू' ने पटका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर अतिथियों ने वृद्धजनों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा उन्हें सेवा-सामग्री वितरित की। समिति के अध्यक्ष शैलेश बाजपेई 'शीलू' ने कहा कि पितृपक्ष केवल अपने पूर्वजों के स्मरण और तर्पण का पर्व नहीं, बल्कि जरूरतमंद एवं बुजुर्गों की सेवा है।

कार्यक्रम में समिति के संरक्षक एवं कल्याण सिंह कैंसर हॉस्पिटल के सदस्य सुनील कुमार मिश्रा, भाजपा नेता आलोक पांडेय, बृजेश मिश्रा,कुसुम गुप्ता, कल्पना सक्सेना, मीना चौबे, सीमा पांडेय, हेमा झा, दीप्ति सिंह, गीता दुबे, मिथिलेश शुक्ला, प्रीति बाजपेई, बीना देवी, प्रियंका साथी, अर्चना बाजपेई, सरिका गुप्ता, पूनम गुप्ता, मीना वर्मा, मधु चौहान, पूनम बाजपेई, साधना सिंह, प्रमिला शर्मा, प्रिया गुप्ता, गीता गुप्ता, कांति सिंह, सहित समिति के दर्जनों पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

कनकहा स्थित जावित्री इंस्टीट्यूट में एडमिट कार्ड रोकने का आरोप लगाकर छात्रों ने किया हंगामा



मोहनलालगंज, लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। मोहनलालगंज क्षेत्र के कनकहा स्थित जावित्री इंस्टीट्यूट में अतिरिक्त शुल्क और फाइन वसूली के विरोध में छात्र-छात्राओं का आक्रोश फूट पड़ा। संस्थान प्रबंधन पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने लखनऊ-रायबरेली हाईवे पर प्रदर्शन कर जाम लगा दिया। अचानक हुए इस चक्काजाम के कारण हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं प्रदर्शन कर रहे छात्रों का आरोप है कि संस्थान प्रबंधन फीस के नाम पर उनका मानसिक उत्पीड़न कर रहा है। एएनएम द्वितीय वर्ष की छात्रा शालिनी यादव ने आरोप लगया कि बीते 22 सितंबर को उसकी परीक्षा थी और वह निर्धारित फीस पहले ही जमा कर चुकी थी। इसके बावजूद अतिरिक्त शुल्क और फाइन न देने पर उसका एडमिट कार्ड रोक दिया गया। बाद में करीब 3,000 रुपये जमा कराने के बाद एडमिट कार्ड जारी किया गया और बाकी फाइन जल्द जमा करने को कहा गया। संस्थान प्रबंधन की इस मनमानी से नाराज सैकड़ों छात्र-छात्राएं गुरुवार को एकजुट होकर सड़क पर उतर आए। छात्रों ने संस्थान के बाहर से निकलकर लखनऊ-रायबरेली हाईवे पर बैनर लेकर सड़क पर धरना देकर बैठ गए। देखते ही देखते हाईवे के दोनों ओर लंबा जाम लग गया, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा।हाईवे जाम होने की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। मोहनलालगंज कोतवाल रामबाबू सिंह पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। पुलिस अधिकारियों ने सड़क पर बैठे आक्रोशित छात्र-छात्राओं से बातचीत की और उनकी समस्याएं सुनीं। निष्पक्ष कार्रवाई का आश्वासन मिलने के बाद छात्रों को समझा-बुझाकर सड़क से हटाया गया। इसके बाद पुलिस ने यातायात बहाल कराते हुए आवागमन सामान्य कराया।मामले को शांत कराने के बाद पुलिस ने जावित्री इंस्टीट्यूट के प्रबंधन को भी सख्त हिदायत दी कि छात्र-छात्राओं की फीस संबंधी शिकायतों को गंभीरता से हल किया जाए और अनावश्यक रूप से किसी भी छात्र को परेशान न किया जाए। वहीं, प्रदर्शनकारी छात्रों ने मांग की है कि अतिरिक्त शुल्क व फाइन को लेकर स्थिति पूरी तरह स्पष्ट की जाए और किसी भी छात्र को परीक्षा से वंचित न किया जाए।

लेफ्टिनेंट जनरल संजय मित्रा ने भारतीय सेना की सूर्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ के रूप में कार्यभार संभाला

कैनविज टाइम्स संवाददात



लखनऊ। लेफ्टिनेंट जनरल संजय मित्रा, एवीएसएम ने गुरुवार को लखनऊ में भारतीय सेना की सूर्य कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ (ह्लए-द्वद्व-एह्व) का पद का कार्यभार ग्रहण किया।

कमान संभालने के बाद, आर्मी कमांडर ने लखनऊ के स्मृतिका वॉर मेमोरियल पर वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि दी और उनके साहस व सर्वोच्च बलिदान का सम्मान किया। इसके बाद, उन्होंने एक औपचारिक परेड में 'गार्ड ऑफ ऑनर' का निरीक्षण किया।

उन्होंने ऑपरेशनल तैयारी के उच्चतम मानकों को बनाए रखने, रणनीतिक प्रतिक्रिया क्षमता को बढ़ाने और पूरे थिएटर में मल्टी-डोमेन क्षमताओं को मजबूत करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। आर्मी कमांडर ने सूर्य कमान की सभी रैंकों, वीर नारियों, पूर्व सैनिकों, रक्षा नागरिक कर्मचारियों और उनके परिवारों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

लेफ्टिनेंट जनरल संजय मित्रा को 10 जून 1989 को इंडियन मिलिट्री एकेडमी से ग्रेनेडियर्स में कमीशन मिला था। तीन दशकों से अधिक लम्बे करियर में, उन्होंने कई कमांड और स्टाफ पदों पर काम किया है। उन्होंने अपने करियर में एक इन्फैंट्री बटालियन, इन्फैंट्री ब्रिगेड और इन्फैंट्री डिवीजन की कमान संभाली है। उन्होंने कमांडो स्कूल बेलगाम में इंस्ट्रक्टर और डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज, वेलिंगटन में चीफ इंस्ट्रक्टर (आर्मी) के तौर पर भी काम किया। उन्होंने नेशनल सिक्योरिटी गार्ड में स्क्वाड्रन कमांडर और आर्मी वॉर कॉलेज की फैकल्टी ऑफ स्टडीज में कर्नल जनरल स्टाफ के तौर पर भी सेवाएं दीं। लेफ्टिनेंट जनरल के पद पर पदोन्नत होने के बाद, 9 जून 2023 को उन्होंने 1 कोर के जनरल ऑफिसर कमांडिंग (GOC) के तौर पर कार्यभार संभाला और 17 जून 2025 को यह कमान छोड़ी। इसके बाद वे आर्मी हेडक्वार्टर में डायरेक्टर जनरल ऑफ ऑपरेशनल लॉजिस्टिक्स एंड स्ट्रैटेजिक मूवमेंट के तौर पर कार्यरत रहे हैं।

ओवरटेक कर रहे दो डंपर आपस में भिड़े, चालक घायल



कैनविज टाइम्स संवाददात

बंथरा। इलाके में गुरुवार की सुबह दो डंफर ओवरटेक के चक्कर में आपस में टकरा ग?ए। एक डंफर डिवाइडर कूदकर दूसरे छोर पर पहुंच गया। हादसे में डंपर चालक घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल चालक को आनन-फानन लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है।उन्नाव के मौरावां क्षेत्र के छोटी गौरी पारा निवासी गोविंद यादव (35) डंपर में मौरंग लादकर कानपुर से जा रहे थे। गुरुवार सुबह करीब पांच बजे वह बंथरा थाना क्षेत्र स्थित आजाद बिहार कॉलोनी के पास पहुंचे थे। इसी दौरान आगे चल रहे डंपर के चालक ने अचानक ब्रेक लगा दी। पीछे से तेज रफ्तार में आ रहा गोविंद का डंपर उससे टकरा गया। टक्कर के बाद डंपर अनियंत्रित होकर डिवाइडर फांदते हुए दूसरी पटरी पर जा पहुंचा।हादसे के बाद लखनऊ से कानपुर और कानपुर से लखनऊ जाने वाली दोनों सड़कों पर वाहनों का आवागमन बाधित हो गया। देखते ही देखते दोनों तरफ करीब दो घंटे तक जाम लगा रहा और वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त डंपर को सड़क से हटवाया, जिसके बाद यातायात सुचारु हो सका। वहीं गंभीर रूप से घायल चालक गोविंद यादव को लोकबंधु अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

फ्रेंचाइजी मीट-2026 में हेयर केयर के बदलते ट्रेंड और कारोबार विस्तार पर हुई चर्चा



लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता। बालों की देखभाल के लिए केवल तेल लगाना ही पर्याप्त नहीं, बल्कि सही समय और तरीके का ध्यान रखना भी जरूरी है। रात में बालों में तेल लगाने से बचना चाहिए। संभव हो तो रोज बालों को वॉश किया जा सकता है। यह सलाह प्रसिद्ध हेयर एक्सपर्ट जावेद हबीब ने गुरुवार को लखनऊ में आयोजित जावेद हबीब हेयर एंड ब्यूटी लिमिटेड की फ्रेंचाइजी मीट-2026 के दौरान दी। कार्यक्रम का उद्देश्य फ्रेंचाइजी पार्टनर्स के साथ संवाद मजबूत करने और कारोबार की नई संभावनाओं पर चर्चा करना रहा। इस दौरान ग्राहकों की बदलती अपेक्षाओं, बेहतर सेवाओं, ग्राहक अनुभव और नेटवर्क विस्तार को लेकर विचार-विमर्श हुआ। इस मौके पर कार्यक्रम के मास्टर फ्रेंचाइजी प्रशांत सिंह भी मौजूद रहे।

विधान परिषद चुनाव की तैयारियों पर डीएम ने की समीक्षा, अफसरों को दिए स्पष्ट निर्देश

❐ अटल सभागार में बैठक कर दायित्वों की बिंदुवार समीक्षा, समयबद्ध तैयारी और आपसी समन्वय पर दिया जोर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी । उत्तर प्रदेश विधान परिषद के लखनऊ खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने की तैयारियों को लेकर डीएम अंजनी कुमार सिंह की अध्यक्षता में अटल सभागार में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में निर्वाचन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए डीएम ने संबंधित अधिकारियों को उनके दायित्वों के अनुरूप समय से सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

बैठक में कार्मिक व्यवस्था, माइक्रो ऑब्जर्वर, प्रशिक्षण, यातायात, लॉ एंड ऑर्डर, सिक्योरिटी प्लान, कंट्रोल रूम, शिकायत प्रकोष्ठ, मतपत्र मुद्रण एवं वितरण, मीडिया, एमसीसी, निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण और वेलफ़ेयर सहित विभिन्न कार्यों की समीक्षा की गई। डीएम ने प्रत्येक व्यवस्था से जुड़े प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों से तैयारियों की जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।डीएम अंजनी कुमार सिंह ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया में प्रत्येक अधिकारी की भूमिका महत्वपूर्ण है। सभी अधिकारी अपने दायित्वों को स्पष्ट रूप से समझते हुए समयबद्ध कार्ययोजना के साथ तैयारी पूरी करें। निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो।

उन्होंने विशेष रूप से निर्वाचन से जुड़े अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय और सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान पर जोर दिया। साथ ही कंट्रोल रूम एवं शिकायत प्रकोष्ठ को प्रभावी रखने तथा निर्वाचन संबंधी किसी भी सूचना अथवा शिकायत पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बैठक में कार्मिक, माइक्रो ऑब्जर्वर एवं प्रशिक्षण की जिम्मेदारी सीडीओ योगानंद पाण्डेय, यातायात प्रबंधन की जिम्मेदारी अतिरिक्त मजिस्ट्रेट तन्वीर अहमद तथा लॉ एंड ऑर्डर एवं सिक्योरिटी प्लान की जिम्मेदारी अपर जिलाधिकारी नरेन्द्र बहादुर सिंह एवं अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) को सौंपी गई। अन्य व्यवस्थाओं के लिए भी प्रभारी एवं सहायक प्रभारी अधिकारियों के दायित्व निर्धारित किए गए।

डीएम ने सभी अधिकारियों को निष्पक्षता, पारदर्शिता और गंभीरता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया को निर्धारित मानकों के अनुरूप सकुशल संपन्न कराया जा सके।

बाढ़ प्रभावित हसनापुर पहुंचीं कांग्रेस प्रवक्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बिसवां, सीतापुर। कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी की वाइस चेयरमैन प्रियंका गुप्ता ने आज जनपद सीतापुर के बिसवाँ विधानसभा क्षेत्र सांडा ब्लाक में विगत दिनों हुए अतिवृष्टि/लगातार भारी वर्षा के कारण आयी बाढ़ से प्रभावित हसनापुर गांव का दौरा किया एवं वहां निवासियों के घर, मकान, दुकान आदि के नुकसान एवं किसानों की धान आदि फसल को हुए भारी नुकसान को देखा। लोगों के मकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये हैं। पेयजल की समस्या पैदा हो गयी है।

ग्रामवासियों ने बताया कि उनकी धान की फसल पूरी तरह खराब हो गयी है। मवेशियों के चारे तक बर्बाद हो गये हैं। भारी बारिश के चलते आयी बाढ़ के पानी से आम जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। ग्रामवासियों ने बताया कि अभी तक सरकार की तरफ से न तो कोई सत्ताधारी दल का नेता पहुंचा और न ही सरकारी अधिकारी, कर्मचारी मौके पर पहुंचे। सरकार की उदासीनता से ग्रामवासी आक्रोशित हैं। प्रियंगा गुप्ता ने गांव का भ्रमण कर भारी बारिश एवं बाढ़ से हुए नुकसान को देखा। उन्होने इस मौके पर कहा कि वह सरकार से आग्रह करके सरकार तहसील से बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का पूरी तरह मुआयना कराकर उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास करेंगी ताकि किसान अपना जीवनयापन कर सकें। उन्होने कहा कि क्षेत्र के किसान एवं परिवार आर्थिक एवं सामाजिक कठिनाइयों का सामना कर रहे है। उन्हाने सरकार से मांग की है कि पीड़ितों को शीघ्र राहत की आवश्यकता है और इसके लिए प्रभावित कृषि क्षेत्रों का राजस्व एवं कृषि विभाग की संयुक्त टीमों के माध्यम से शीघ्र स्थलीय सर्वेक्षण एवं फसल क्षति का निष्पक्ष आंकलन कराया जाए तथा पात्र प्रभावित किसानों को नियमानुसार अनुमन्य सहायता/क्षतिपूर्ति धनराशि यथाशीघ्र उपलब्ध कराई जाए।

इसके साथ ही वर्षा के कारण जिन परिवारों के मकान क्षतिग्रस्त अथवा रहने योग्य नहीं रह गए हैं, उनके लिए तत्काल सुरक्षित एवं उचित अस्थायी आश्रय, भोजन, पेयजल एवं आवश्यक मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। ऐसे पात्र परिवारों का सत्यापन कर उन्हें संबंधित सरकारी आवास योजनाओं के अंतर्गत नियमानुसार आवास उपलब्ध कराने की प्रक्रिया भी शीघ्र प्रारंभ की जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को स्थायी राहत मिल सके साथ मे रजनीश कुमार मिश्र एडवोकेट महासचिव उत्तर प्रदेश कॉंग्रेस आर टी आई मौजूद थे तत्पश्चात एसडीएम न्यायिक सुधीर कुमार को संबंध में ज्ञापनसौपा ज्ञापन के समय विश्व नगर अध्यक्ष अमर मेहरोत्रा पूर्व नगर अध्यक्ष रमेश चंद्र गौड़ करीम अंसारी गौरव बाजपेई प्रियंक शेखर वाजपई समेत अन्य लोग मौजू रहे।

डबल मर्डर : मंदिर परिसर में दो सन्यासियों की हत्या कर जलाए शव, एक हिरासत में

❐ मृतक फाइल फोटो, 102 एडीजी,एसपी का मौका मुआयना

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। थाना खुदागंज क्षेत्र के सूथा गांव में प्राचीन मंदिर परिसर में दो सन्यासियों की हत्या कर उनके शवों को जला दिया गया। सूचना मिलने पर एडीजी बरेली जोन ने एसपी और पुलिस फोर्स के साथ मौका मुआयना किया और आसपास के लोगों से घटना की जानकारी ली। पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है और उससे पूछताछ कर रही है।

जानकारी के अनुसार, थाना खुदागंज क्षेत्र के गांव सूथा में दो मंदिर हैं। जिसमें पूर्व के मंदिर में 70 वर्षीय गोपाल दास और पश्चिमी मंदिर में 60 वर्षीय बिहारी दास सन्यासी सेवा करते थे। बताया जा रहा है कि दोनों सन्यासी गुरू-चेला थे, इसलिए दोनों का एक-दूसरे मंदिर पर आना जाना था। बृहस्पतिवार सुबह पश्चिमी मंदिर परिसर में उन दोनों सन्यासियों के शव जले मिले। सूचना पर एडीजी बरेली जोन ने पुलिस अधीक्षक और पुलिस फोर्स के साथ मौका मुआयना किया तथा आसपास के लोगों से घटना की जानकारी ली। वहीं, फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। मंदिर का जीर्णोद्धार कराने वाले शिवकुमार ने गांव के सुमित नाम के युवक पर हत्या का आरोप लगाया। बताया कि आरोपी सुमित कुछ समय पहले ही जेल से छूटा है और आरोपी कई बार दोनों सन्यासियों से मंदिर खाली करने के लिए कह चुका था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

वहीं, एडीजी बरेली जोन ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी सुमित को हिरासत में ले लिया गया है और उससे पूछताछ की जा रही है। आरोपी पर पूर्व में भी आधा दर्जन मारपीट आदि के मामले दर्ज हैं। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

कानपुर के सांसद -विधायक ने पनकी पड़ाव पुल की बदहाली पर जतायी नाराजगी,गड्ढों, जर्जर हिस्सों को देखा

कानपुर । उत्तर प्रदेश के जनपद कानपुर में पनकी पड़ाव पुल की जर्जर हालत और गड्ढों के कारण लोगों को रोजाना जाम व दुर्घटना के खतरे का सामना करना पड़ रहा है, जिसे कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह बातें सांसद रमेश अवस्थी ने गुरुवार को विधायक सुरेंद्र मैथानी के साथ पुल के निरीक्षण के दौरान कही। सांसद रमेश अवस्थी और गोविंद नगर विधायक सुरेंद्र मैथानी ने संयुक्त रूप से पनकी पड़ाव पुल का स्थलीय निरीक्षण किया। दोनों जनप्रतिनिधियों ने पुल पर जगह-जगह बने गड्ढों, जर्जर हिस्सों और लंबे समय से क्षतिग्रस्त पड़े स्थानों का जायजा लिया। पुल की बदहाल स्थिति पर दोनों ने नाराजगी जताई। मौके पर मौजूद लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अधिशासी अभियंता अनूप मिश्रा समेत संबंधित अधिकारियों से पुल की स्थिति और अब तक की गई कार्रवाई की जानकारी ली गई। जनप्रतिनिधियों ने लापरवाही पर अधिकारियों को फटकार लगाई।

बिना एफआईआर हिरासत, पत्नी पर बयान बदलने का दबाव और रिहाई के नाम पर सुविधा शुल्क!

❐ परिवार ने लगाए सनसनी खेज आरोप,जीडी सीसीटीवी और एक्ट जांच की मांग

❐ मैलानी पुलिस पर गंभीर आरोप! निजी स्कॉर्पियो से दूसरे जिले पहुंची टीम, पति-पत्नी को उठाकर थाने लाने का दावा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। मैलानी पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर एक परिवार ने गंभीर आरोप लगाते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की है। पीड़ित परिवार का दावा है कि 23 सितंबर की शाम मैलानी थाने की पांच सदस्यीय पुलिस टीम निजी स्कॉर्पियो से बरेली जिले के आंवला थाना क्षेत्र के तिगरा खानपुर गांव पहुंची और वहां से सचिन पाल पुत्र सोहन सिंह तथा उनकी पत्नी को अपने साथ मैलानी थाने ले आई।

परिजनों के मुताबिक, सचिन पाल को पूरी रात थाने में हिरासत में रखा गया, जबकि उसकी पत्नी पर कथित तौर पर पति के खिलाफ बयान देने का दबाव बनाया गया। परिवार का आरोप है कि दोनों को थाने लाए जाने के समय किसी क्क्कर की जानकारी नहीं दी गई। मामले में परिवार ने एक और गंभीर आरोप लगाया है। उनका दावा है कि रिहाई के नाम पर सुविधा शुल्क लिया गया। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है।

परिवार ने तत्कालीन कार्रवाई को लेकर उपनिरीक्षक योगेंद्र सिंह पर नियमों को ताक पर रखकर कार्रवाई करने का आरोप लगाया है और पूरे मामले की जांच की मांग की है।

पीड़ित परिवार ने जांच के लिए 23 सितंबर की जनरल डायरी (क्क्क), मैलानी थाने के एएडट्ठु फुटेज और संबंधित पुलिस टीम की एक्ट खंगालने की मांग की है। परिवार का कहना है कि इन रिकॉर्डों की जांच से यह स्पष्ट हो सकता है कि पुलिस टीम कब और किस तरह तिगरा खानपुर पहुंची, किन परिस्थितियों में पति-पत्नी को थाने लाया गया और थाने में उनके साथ क्या प्रक्रिया अपनाई गई। परिवार ने अधिकारियों से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी पाए जाने वाले लोगों पर कार्रवाई की मांग की है।अब सवाल यह है कि 23 सितंबर की क्क्क में क्या दर्ज है? एएडट्ठु में पुलिस टीम की गतिविधियां क्या सामने आती हैं? और एक्ट से पुलिस टीम की लोकेशन व संपर्क की क्या तस्वीर निकलती है? इन सवालों के जवाब जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेंगे।

बाढ़ प्रभावित हरदी गांव में सीएचसी धौरहरा का मेडिकल कैंप

धौरहरा-खीरी। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धौरहरा की स्वास्थ्य टीम द्वारा 01 अक्टूबर 2026, गुरुवार को हरदी गांव में मेडिकल कैंप आयोजित किया गया। कैंप में ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श एवं दवाएं उपलब्ध कराई गईं। मेडिकल कैंप के दौरान कुल 54 मरीजों को उनकी स्वास्थ्य समस्याओं के अनुसार दवाएं वितरित की गईं। वहीं 9 मरीजों की मलेरिया तथा 4 मरीजों की डेंगू जांच की गई। सभी जांचों के परिणाम निगेटिव पाए गए।

स्कार्पियो की चपेट में आने से गोवंश की मौत सीसीटीवी फुटेज सामने आने का दावा

❐ मामले में कॉलोनी निवासी गोविंद लाल मिश्रा ने पुलिस को तहरीर देकर जांच और कार्रवाई की मांग की है

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोला गोकर्णनाथ खीरी। भारत भूषण कॉलोनी में गुरुवार सुबह एक गोवंश की मौत का मामला सामने आया। स्थानीय लोगों के अनुसार, घटना सुबह करीब 5:30 बजे की है। मामले में कॉलोनी निवासी गोविंद लाल मिश्रा ने पुलिस को तहरीर देकर जांच और कार्रवाई की मांग की है।

तहरीर के मुताबिक, एक सफ़ेद रंग की स्कार्पियो UP31-BU3417 की चपेट में आने से गोवंश की मौत हुई। शिकायतकर्ता ने दावा किया है कि घटना कॉलोनी में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। तहरीर में वाहन को बारिश अली अंसारी का बताया गया है और घटना के समय वाहन में उनके मौजूद होने का आरोप लगाया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर भारतीय बजरंग दल के जिला अध्यक्ष अनूप गुप्ता भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने मामले की जांच कर दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। वहीं स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने मामले को संज्ञान में लेकर जांच शुरू कर दी है। घटनास्थल पर पशु चिकित्सा विभाग के चिकित्सक ने पहुंचकर मृत गोवंश का पोस्टमार्टम किया। इसके बाद नगर पालिका की मदद से पुलिस की देखरेख में मृत गोवंश का अंतिम संस्कार कराया गया।

पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य तथ्यों की जांच के बाद ही घटना की वास्तविक स्थिति तथा वाहन चालक की भूमिका स्पष्ट हो सकेगी। जांच में आरोप सही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

बेहजम में आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

❐ कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू, विशिष्ट अतिथि बीना राज संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बेहजम, खीरी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत लोक सभागार बेहजम में बाल विकास पुष्टाहार विभाग द्वारा आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कस्ता विधायक सौरभ सिंह सोनू, विशिष्ट अतिथि बीना राज एवं जिला पंचायत सदस्य शंकर राज ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान विभागीय योजनाओं और महिला एवं बाल विकास से जुड़ी सेवाओं की जानकारी भी दी गई। आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, सहायिकाओं एवं आशा कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को मुख्य अतिथि द्वारा साड़ी और प्रमाण पत्र वितरित किए गए। मुख्य अतिथि विधायक सौरभ सिंह सोनू ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका की सराहना करते हुए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और बच्चों तक सरकार की योजनाओं का लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। कार्यक्रम में प्रभारी सीडीपीओ प्रीती देवी, सुपरवाइजर अनुपमा, निधि एवं ममता, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर सत्येंद्र पांडे, प्रधान मुन्ना राज, प्रधान प्रतिनिधि समीम खान सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं विभागीय कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं ने सहभागिता की।

सेवा के संकल्प को नई ऊंचाई देता आईडब्लूसी बिसवां का चेयरमैन विजिट



बिसवां, कैनविज टाइम्स संवाददाता। आर के ग्रैंड होटल में 28 सितंबर को इनर व्हील क्लब ऑफ बिसवां के डिस्ट्रिक्ट चेयरमैन मधु कमानी जी का गरिमामय विजिट हुआ। क्लब अध्यक्ष सुनीता गुप्ता जी, सचिव निधि सिंघल जी, कोऑर्डिनेटर रेनू मेहरोत्रा जी, कोषाध्यक्ष शिवानी अग्रवाल, ISO तुलसी, एडिटर रिशु अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष गुरमीत कौर जी सहित क्लब की सभी सदस्याएं उपस्थित रहीं। मंच संचालन अंजलि राजवंशी जी ने किया। चेयरमैन की उपस्थिति में क्लब ने समाजहित के कई महत्वपूर्ण प्रकल्पों को साकार किया—रक्तदान एवं ब्लड बैंक, बालिकाओं की शिक्षा व स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, जरूरतमंद परिवारों की सहायता और पर्यावरण संरक्षण जैसे प्रयासों के माध्यम से सेवा को केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का अभियान बनाया गया। मंडलाध्यक्ष्या मधु कमानी जी की उपस्थिति ने क्लब सदस्यों के उत्साह को नई ऊर्जा दी। ऋण उद्वपबथद्व का यह विजिट सेवा, समर्पण और सामूहिक प्रयासों की ऐसी तस्वीर बना गया, जिसमें हर प्रकल्प के केंद्र में था—किसी के जीवन में थोड़ा सा उजाला जोड़ना।

'बालकों में बिड़ला और बालिकाओं में रघुराज बना चैंपियन '



सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपदीय माध्यमिक विद्यालयीय खो-खो (बालक/बालिका) प्रतियोगिता, 2026-2027 का आयोजन आज दिनांक 01.10.2026 को बिड़ला विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज, हरगाँव में किया गया। प्रतियोगिता अंडर 14 और 19 बालक/बालिका वर्ग में आयोजित की गयी। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य रामचेत और जिला क्रीड़ा सचिव अवधेश नन्दन पाण्डेय ने मां सरस्वती के चरणों में पुष्प एवं दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता में जनपद के लगभग 15 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। अंडर 14 बालक वर्ग में जनता इण्टर कॉलेज, कल्याणपुर विजेता बना। अंडर 14 बालिका वर्ग में बिड़ला विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज विजेता बना। अंडर 19 बालक वर्ग में बिड़ला विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज ने महेंद्र कुमार शास्त्री मेमोरियल इण्टर कॉलेज, रामपुर मथुरा को फाइनल मुकाबले में एकतरफा 22 - 03 के स्कोर से पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। अंडर 19 बालिका वर्ग में श्री रघुराज सिंह हायर सेकेंडरी स्कूल ने पहले सेमीफाइनल मुकाबले में हिंदू कन्या पाठशाला इण्टर कॉलेज की टीम को करारी शिकस्त देते हुए फाइनल में प्रवेश किया। दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला बिड़ला विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज और जनता इण्टर कॉलेज, कल्याणपुर के बीच खेला गया। जिसमें बिड़ला विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज ने 05 - 04 से विजय प्राप्त की और फाइनल में प्रवेश किया।

शाहजहांपुर में सेवा संकल्प यात्रा का हुआ स्वागत



कैनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्षों के सेवाकाल की जनकल्याणकारी उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने तथा प्रत्येक नागरिक को विकसित भारत-2047 के सामूहिक राष्ट्रीय संकल्प से जोड़ने के उद्देश्य से 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 तक आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वडनगर से वाराणसी जा रही सेवा संकल्प यात्रा आज शाहजहांपुर पहुंची। यहां जनपद में प्रवेश करने पर ददरौल विधायक अरविन्द कुमार सिंह और महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता आदि के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर यात्रा का स्वागत किया गया। पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा और ढोल-नंगाड़ों से यात्रा का स्वागत किया। यात्रा के माध्यम से सेवा, जनभागीदारी एवं राष्ट्र निर्माण के भाव को आगे बढ़ाने का संदेश दिया गया। यात्रा का रूट निर्धारित-जनपद में बडनगर से वाराणसी यात्रा का रूट निर्धारित है।

गांधी हर युग में रहेंगे प्रासंगिक : प्रो. अजय प्रकाश खरे

प्रयागराज । महात्मा गांधी की सरलता, सहजता और उनके विचार हर युग में प्रासंगिक रहेंगे। गांधी का दर्शन भेदभाव से परे मानवता और समानता का संदेश देता है। उनके सिद्धांतों को जीवन में अपनाकर समाज को बेहतर दिशा दी जा सकती है। यह बातें गुरुवार को गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर राजर्षि टंडन महिला महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय, संघटक इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्राचार्य प्रो. अजय प्रकाश खरे ने कहीं। कार्यक्रम का आयोजन प्रो. नमिता यादव के संयोजन में किया गया। प्राचार्य प्रो. अजय प्रकाश खरे ने महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद प्रो. नमिता यादव के निर्देशन में संगीत विभाग की छात्राओं सौम्या मालवीय, वैष्णवी, लक्ष्मी, मीनाक्षी, तनु और प्रिया राजपूत ने गांधी जी के प्रिय भजनों की प्रस्तुति दी। छात्राओं ने 'रघुपति राघव राजा राम', 'वैष्णव जन तो तेने कहिए' और 'हे राम, हे राम' जैसे भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम में वैशाली ने महात्मा गांधी के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला।

25 सितम्बर को ब्लॉक बेहटा की ग्राम पंचायत हजतपुर में फर्जी अटेंडेंस से भुगतान की साजिश

❐ सरकारी धन का बंदरबाट शीर्षक से प्रकाशित खबर पर कार्यवाही जीरो

❐ भौतिक सत्यापन के अतिरिक्त काफी है ऑनलाइन आंकड़े श्रमदान घोषित हो सकता है 800 ऑनलाइन अटेंडेंस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हजतपुर, बेहटा, सीतापुर। बेहटा ब्लॉक की ग्राम पंचायत हजतपुर में मनरेगा कार्यों को लेकर गंभीर अनियमितताओं की आशंका सामने आई है। कैनविज टाइम्स की पड़ताल के अनुसार 14 सितंबर से लगातार निर्धारित कार्य समय समाप्त होने के बाद शाम चार बजे के पश्चात एकल पारी में श्रमिकों की अटेंडेंस पोर्टल पर अपलोड किया जाना नियम विरुद्ध बताया जा रहा है।

इस प्रक्रिया ने मनरेगा कार्यों की पारदर्शिता और सरकारी भुगतान व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। तकनीकी सहायक, रोजगार सेवक, मेट और ग्राम प्रधान की संभावित मिलीभगत से अटेंडेंस दर्ज कर भुगतान कराने के आरोप जांच का विषय बने हुए हैं। सवाल यह है कि पोर्टल पर दर्ज श्रमिकों की संख्या के अनुरूप कार्यस्थल पर वास्तविक उपस्थिति या भौतिक सत्यापन के अतिरिक्त 800 अटेंडेंस श्रमदान घोषित करने के लिए सिर्फ ऑनलाइन आंकड़े ही पर्याप्त हैं मामले में उच्चस्तरीय टीम द्वारा स्थलीय निरीक्षण, पोर्टल डाटा और मनरेगा अभिलेखों का मिलान कर जिम्मेदारों के स्पष्टीकरण लिए जाने की मांग उठ रही है। संलिप्तता प्रमाणित होने पर मनरेगा अधिनियम के तहत कार्रवाई की मांग की गई है।

अधिवक्ता संघ ने एसडीएम धौरहरा के स्थानांतरण की उठाई मांग न्यायालय कार्यो में रूचि न लेने का आरोप

धौरहरा,कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील धौरहरा में कार्यरत एसडीएम राशी कृष्णा के कार्यप्रणाली को लेकर अधिवक्ता संघ ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर स्थानांतरण की मांग की है। संघ का आरोप है कि एसडीएम कार्यालय में अधिवक्ताओं और वादकारियों से जुड़े मामलों की समय से सुनवाई नहीं हो रही है, जिससे उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अधिवक्ता संघ तहसील धौरहरा की ओर से बृहस्पतिवार को जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह को दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि न्यायालय के कार्यों में अपेक्षित रुचि नहीं ली जा रही है। ज्ञापन के अनुसार, जिन मामलों में वादकारी अथवा अधिवक्ताओं को परेशानी है, उनमें भी समुचित कार्रवाई नहीं हो पा रही है। संघ ने आरोप लगाया कि ज्यादातर वादों में तारीख पर तारीख पड़ रही है और पुराने लंबित मामलों में भी प्रभावी सुनवाई नहीं हो रही है। अधिवक्ताओं ने कहा कि इससे अधिवक्ताओं और वादकारियों में रोष व्याप्त है। संघ ने जिलाधिकारी से मांग की है कि अधिवक्ताओं और वादकारियों के हित को देखते हुए एसडीएम राशी कृष्णा का स्थानांतरण किसी अन्य तहसील में किया जाए तथा धौरहरा तहसील में किसी अन्य एसडीएम की नियुक्ति की जाए, जिससे न्यायालयीन कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सके। इस मौके पर अधिवक्ता संघ अध्यक्ष कृष्ण मोहन तिवारी, महामंत्री विवेक कुमार श्रीवास्तव, कौशल किशोर श्रीवास्तव, दीपक तिवारी, सुशील कुमार कश्यप , सुरेश कुमार भार्गव, आसिफ अली आदि मौजूद रहे।

मछरेहटा में 8 अक्टूबर को होगा विशाल हिंदू सम्मेलन

सीतापुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। जनपद के मछरेहटा क्षेत्र में आगामी 8 अक्टूबर 2026, गुरुवार को विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम दोपहर 1 बजे मछरेहटा स्थित भारासैनी मंदिर प्रांगण में आयोजित होगा। सम्मेलन को लेकर आमंत्रण पत्र जारी किया गया है। हिंदू समाज की एकता और समरसता पर जोर जारी आमंत्रण पत्र में ' 'हिंदू-हिंदू एक रहें, भेदभाव को नहीं सहे, का संदेश दिया गया है। इसके माध्यम से हिंदू समाज में एकता, आपसी भाईचारे और सामाजिक समरसता बनाए रखने का आह्वान किया गया है। सम्मेलन में शामिल होने की अपील आमंत्रण पत्र के माध्यम से क्षेत्र के लोगों से सम्मेलन में शामिल होने की अपील की गई है। आयोजन का उद्देश्य हिंदू समाज के लोगों को एक मंच पर एकत्रित कर एकता और सामाजिक समरसता का संदेश देना है।

पाक्सो अधिनियम के प्रति छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के निर्देशानुपालन में गांधी जयंती के अवसर पर जनपद के विभिन्न विद्यालयों में पाक्सो अधिनियम-2012 के प्रावधानों एवं कानूनी परिणामों के संबंध में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान का प्रथम चरण 25 सितम्बर से 01 अक्टूबर तथा द्वितीय चरण 02 अक्टूबर तक निर्धारित है। इसी क्रम में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ के तत्वावधान में विभिन्न विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम-2012 के प्रति संवेदनशील बनाया गया। पी.एम. श्री केंद्रीय विद्यालय शेखूपुर में माननीय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश-6/विशेष न्यायाधीश, गैंगस्टर एक्ट, बदायूँ श्री ऋषि कुमार की अध्यक्षता में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। श्री ऋषि कुमार ने छात्र-छात्राओं को पाक्सो अधिनियम-2012 के प्रमुख प्रावधानों की जानकारी देते हुए लैंगिक अपराधों से बचाव, सुरक्षित एवं असुरक्षित व्यवहार की पहचान, व्यक्तिगत सुरक्षा तथा किसी अनुचित घटना की जानकारी विश्वसनीय अभिभावक अथवा शिक्षक को देने के संबंध में जागरूक किया। इसी प्रकार राजकीय इंटर कॉलेज गुरगांव में श्री सुरेंद्र पाल सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश, एनडीपीएस एक्ट, नकविया कन्या इंटर कॉलेज में श्रीमती सुमन तिवारी, सिविल जज (सी.डि.), विज्ञानन्द रामनारायण वैदिक इंटर कॉलेज में श्री पुष्पेंद्र चौधरी, प्रथम अपर सिविल जज (सी.डि.), सालिगराम ग्रामसभा उच्च माध्यमिक विद्यालय करौलिया में सुश्री निदा जैदी, सिविल जज (जू.डि.), राजकीय हाईस्कूल उपरैला में श्री सागर तायल, न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय संख्या-1, सेठ छदम्मी लाल उच्च माध्यमिक विद्यालय में श्रीमती सत्या चौधरी, अपर सिविल जज (जू.डि.) न्यायालय संख्या-3 तथा लाला राधेश्याम पोरवाल मेमोरियल उच्च माध्यमिक विद्यालय, कुँवरगांव में सुश्री जयेती चन्द्रा, प्रथम अपर सिविल जज (सी.डि.) द्वारा विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। न्यायिक अधिकारियों ने विद्यार्थियों को बताया कि पाक्सो अधिनियम का मुख्य उद्देश्य 18 वर्ष से कम आयु के सभी बालकों को यौन उत्पीड़न, यौन शोषण एवं अश्लील सामग्री से जुड़े अपराधों से प्रभावी संरक्षण प्रदान करना है। उन्होंने विद्यार्थियों को अपने विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक रहने, इंटरनेट एवं सोशल मीडिया का सुरक्षित एवं उचित उपयोग करने तथा अश्लील सामग्री से दूरी बनाए रखने की सलाह दी। साथ ही विद्यार्थियों को अच्छी शिक्षा, सकारात्मक सोच और पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त नवजीवन वृद्धाश्रम, कछला में सिविल जज (सी.डि.)/त्वरित न्यायाधीश/प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बदायूँ श्री अंकित रस्तोगी द्वारा वृद्धजन दिवस के अवसर पर आयोजित विशेष चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया गया। इसके उपरांत वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आश्रम में निवासरत 15 महिला एवं 10 पुरुष वृद्धजनों को फल, श्रवण यंत्र, छड़ी, दवाइयां एवं अन्य दैनिक उपयोगी सामग्री वितरित की गई। वृद्धजनों की स्वास्थ्य संबंधी जांच भी कराई गई तथा उन्हें उनके विधिक अधिकारों के संबंध में जानकारी दी गई।

श्री अंकित रस्तोगी ने वृद्धाश्रम के संचालनकर्ता से जानकारी प्राप्त करने के साथ ही वृद्धजनों से व्यक्तिगत रूप से वार्ता कर उनकी समस्याओं एवं व्यवस्थाओं की जानकारी ली। उन्होंने आश्रम में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था, मच्छरों की रोकथाम के लिए नियमित फॉगिंग तथा पेयजल की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रमों में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जनपद न्यायालय के कर्मचारी, पराविधिक स्वयंसेवक तथा संबंधित विद्यालयों के शिक्षक एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सेवा और समर्पण के भाव से एक परिवार की तरह आगे बढ़ रहे सेवायात्री- डॉ. हिमांग जोशी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिसौली। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वडनगर से वाराणसी तक जा रही 'सेवा यात्रा' रूट-10 का जनपद बदायूँ में यात्रा के साथ पहुंचे भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद डॉ. हिमांग जोशी तथा जामनगर की सांसद पूनम दीदी का जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता के नेतृत्व में फूल-मालाओं एवं पुष्प वर्षा कर अभिनंदन किया गया। तथा विभिन्न स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा ढोल-नगाड़ों और जयघोष के बीच जेसीबी द्वारा पुष्प वर्षा एवं फूल-मालाओं से सेवायात्रियों का उत्साहपूर्वक भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद यात्रा फैजगंज बेहटा पहुंची, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों द्वारा सेवायात्रियों का स्वागत किया गया। यहां चौपाल एवं स्वागत कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की सेवा, सुशासन एवं राष्ट्रहित के कार्यों पर संवाद किया गया। इसके पश्चात यात्रा मुड़िया पहुंची, जहां बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्साह के साथ सेवायात्रियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया।

युवा मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद डॉ. हिमांग जोशी ने कहा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत निकली यह सेवा यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की सेवा, समर्पण और सुशासन की यात्रा से प्रेरणा लेने का अवसर है। उन्होंने कहा कि यात्रा के हर पड़ाव पर जिस तरह का अपनापन और परिवार जैसा भाव मिल रहा है, वह बेहद आत्मीय है। उन्होंने कहा कि वे गुजरात से हैं, जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेश से हैं और सेवायात्री अलग-अलग जिलों एवं राज्यों से आए हैं, लेकिन सभी एक परिवार की भावना के साथ यात्रा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करना है तो विकास को आगे बढ़ाना होगा। जामनगर की सांसद पूनम दीदी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वडनगर से वाराणसी तक निकली सेवा संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन में सेवा, सुशासन और राष्ट्रहित के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने का माध्यम है। यात्रा के प्रत्येक पड़ाव पर जिस उत्साह और आत्मीयता के साथ लोग सेवायात्रियों का स्वागत कर रहे हैं, वह सेवा के प्रति कार्यकर्ताओं की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सेवा के संकल्प को जन-जन तक पहुंचाते हुए समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना ही इस अभियान का उद्देश्य है। जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वडनगर से वाराणसी तक चल रही सेवा संकल्प यात्रा का बदायूँ में कार्यकर्ताओं और आमजन द्वारा पूरे उत्साह के साथ स्वागत किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष सेवा, सुशासन और राष्ट्रहित के प्रति समर्पण की प्रेरणादायी यात्रा रहे हैं। इसी सेवा भाव को जन-जन तक पहुंचाने और समाज में सेवा के संकल्प को मजबूत करने के उद्देश्य से यह यात्रा आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा औरछी, फैजगंज बेहटा और मुड़िया में जिस तरह बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया, वह अभियान के प्रति उत्साह को दर्शाता है।

इस अवसर पर बिसौली विधायक आशुतोष मौर्य, पूर्व जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय, ब्लॉक प्रमुख ओमकृष्ण सागर, चैयरमैन मुड़िया धुरकी अनुपम पाठक, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमित पाठक, कुंवर शिवम प्रताप सिंह, जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा शिवम शंखधार, जिला उपाध्यक्ष संदीप चौहान, जिला कोषाध्यक्ष अनुभव उपाध्याय सहित सभी मंडल अध्यक्ष एवं बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गोवंशों की मृत्यु पर पशुधन मंत्री ने जताई नाराजगी, जिम्मेदारों पर कठोर कार्रवाई के निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। लगातार हुई बारिश के दौरान 34 गोवंशों की मृत्यु की घटना को गंभीरता से लेते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के पशुधन एवं दुग्ध विकास तथा राजनैतिक पेंशन विभाग के मंत्री धर्मपाल सिंह ने गुरुवार को म्याऊं ब्लॉक के अभिगांव तथा सालारपुर ब्लॉक के ब्यौर गोवंश आश्रय स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने घटना पर नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान सदर विधायक महेश चन्द्र गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, मुख्य विकास अधिकारी गामिनी सिंगला, जिला विकास अधिकारी मनोज कुमार तथा मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. प्रेम कोहली सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। पशुधन मंत्री ने गौ आश्रय स्थलों में गोवंशों के लिए उपलब्ध व्यवस्थाओं का जायजा लिया। वर्तमान में हरा चारा सहित अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलीं। उन्होंने ग्रामीणों से भी घटना के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों ने बताया कि लगातार तीन दिन हुई बारिश के दौरान पर्याप्त शेड उपलब्ध न होने के कारण गोवंश भीगते रहे। आश्रय स्थल ढलान पर होने के कारण बारिश का पानी भी भर गया, जिससे गोवंश पानी में डूबे रहे। लगातार भीगने के कारण गोवंशों को ठंड लग गई और उनकी मृत्यु हो गई। पशुधन मंत्री ने कहा कि गोवंश आश्रय स्थलों में इस प्रकार की घटनाएं कतई बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी शीतकाल को देखते हुए सभी गोवंश आश्रय स्थलों पर शेड, जलनिकासी, चारा, पेयजल तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं अभी से सुनिश्चित कर ली जाएं, जिससे गोवंशों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी ने बताया कि बारिश में भीगने के कारण म्याऊं क्षेत्र में 20 तथा सालारपुर क्षेत्र में 14, कुल 34 गोवंशों की मृत्यु हुई है। निरीक्षण के दौरान ब्यौर गोवंश आश्रय स्थल पर एक गोवंश बीमार पाया गया, जिसका निरंतर उपचार किया जा रहा है।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी दातागंज, अधिशासी अधिकारी, खंड विकास अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

संग्रामपुर में सेवा संकल्प मेला संपन्न, मातृ शक्ति का सम्मान

कैनविज टाइम्स संवाददाता



संग्रामपुर/अमेठी। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गुरुवार को विकास खंड मुख्यालय संग्रामपुर में विकास खंड स्तरीय मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार ने की। मेले का उद्घाटन मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख कल्लन देवी ने फीता काटकर किया।

मेले में विभिन्न विभागों द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा लोगों को सरकारी सेवाओं और लाभकारी योजनाओं से अवगत कराया गया। स्वास्थ्य, शिक्षा, पशुपालन विभाग, आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने स्टॉल लगाकर योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया। कार्यक्रम के दौरान मातृ शक्ति का सम्मान भी किया गया। वहीं विद्युत, जल एवं कृषि विभाग के स्टॉल न लगने की चर्चा भी रही।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि जितेंद्र सिंह एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश शुक्ला उपस्थित रहे। इस अवसर पर एडीओ आईएसबी सुरेश कुमार, एडीओ पंचायत शशिकांत सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष चंद्रकेश यादव, प्रधान मंशाराम मिश्र, शंभूनाथ पांडेय, आलोक तिवारी, अखिलेश कनौजिया सहित ब्लॉक के सचिव, कर्मचारी एवं अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित मेलों का उद्देश्य केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना तथा पात्र लाभार्थियों को योजनाओं से जोड़ना है। उन्होंने बताया कि विभिन्न विभागों के माध्यम से लोगों की समस्याओं के समाधान और जनजागरूकता बढ़ाने का भी प्रयास किया जा रहा है।

कंपोजिट विद्यालय हर्रायपुर में मनाया अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस

बिसौली कैनविच टाइम्स संवाददाता। कंपोजिट विद्यालय हर्रायपुर में अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के वरिष्ठ महिला एवं पुरुषों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय स्टाफ ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित कीं। साथ ही बच्चों से संवाद कर उनके जीवन के अनुभव और सुझाव भी प्राप्त किए गए। खेल प्रतियोगिता में राजेंद्र सिंह और बताशा देवी विजयी रहे, जिन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' अभियान के तहत नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। प्रधानाध्यापक कुंवर सेन ने हर्रायपुर को नशामुक्त बनाने में सभी से सहयोग की अपील की। इस दौरान ग्राम प्रधान धर्मपाल, सोनपाल, कप्तान सिंह, चित्रा, उमेश चंद्र, हिमानी वार्ष्णेय, हेमलता और अंजुम बुशरा आदि मौजूद रहे।

सेवा संकल्प यात्रा का बिसौली पहुंचने पर जोरदार स्वागत, विधायक आवास पर जुटे भाजपा नेता व कार्यकर्ता

कैनविच टाइम्स संवाददाता बिसौली। वडनगर से वाराणसी तक निकाली जा रही सेवा संकल्प यात्रा का गुरुवार को बिसौली पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। विधायक आशुतोष मौर्य के आवास पर आयोजित स्वागत समारोह में युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वडोदरा सांसद डॉ. हेमांग जोशी तथा जामनगर की सांसद पूनम बेन मादाम का फूल-मालाओं से अभिनंदन किया गया। विधायक आशुतोष मौर्य की अगुवाई में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं का भारी जमावड़ा रहा। इस दौरान मंडल अध्यक्ष मनोज गुप्ता, सुनील सिंह, रितेश चौहान, दिनेश राजपूत, जिला उपाध्यक्ष सरिता वार्ष्णेय, जिला मंत्री नीटू पाल, रामवीर सिंह एडवोकेट, पंकज चौहान, राजा बाबू वार्ष्णेय सहित महिला मोर्चा की अनिता शर्मा और प्रवेश सिन्हा ने अतिथियों का स्वागत किया ।स्वागत कार्यक्रम के बाद विधायक आशुतोष मौर्य स्वयं बाइक पर सवार होकर यात्रा में शामिल हुए। वह कार्यकर्ताओं के काफिले के साथ बाइक से नगर पंचायत सैदपुर तक पहुंचे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह दिखाई दिया।

वार्षिकोत्सव कुमारी मंजू लता मेमोरियल इंटर कालेज दबतोरी में होगा आज , तैयारियां पूरी , बच्चे देश भक्ति नाटकों की करेंगे प्रस्तुति

कैनविच टाइम्स संवाददाता बिसौली । तहसील बिसौली क्षेत्र के कुमारी मंजू लता मेमोरियल इंटर कालेज दबतोरी में 2 अक्टूबर गांधी जयंती के शुभ अवसर पर वार्षिकोत्सव कार्यक्रम मनाया जाएगा। इस मौके पर बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम और देश भक्ति नाटकों की प्रस्तुति करेंगे । सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है । इस मौके पर पुलिस प्रशासन के अधिकारी भी रहेंगे मौजूद । इस कार्यक्रम की जानकारी कालेज के प्रधानाचार्य आकाश दीप गुप्ता ने दी । कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 9 बजे शुरू किया जाएगा ।

एयरटेल कम्पनी के युवक की सेटा खेढा रोड पर जमकर लगाई धुनाई, युवक ने रुपए और लर लूटने का भी लगाया आरोप , बिसौली पुलिस को दी तहरीर

बिसौली कैनविच टाइम्स संवाददाता। तहसील बिसौली क्षेत्र के आसफपुर से एयरटेल कम्पनी का टावर ठीक करके लौट रहे हैं कर्मचारी को वावेपुर के पास रोक कर जमकर की गई पिटाई और कर्मचारी ने लूटपाट का भी आरोप लगाकर बिसौली पुलिस को तहरीर रविवार को दे दिया है । कोतवाली बिसौली क्षेत्र के ग्राम संग्रामपुर निबासी आदिल पुत्र मुर्तजा अहमद। ने बिसौली पुलिस को रविवार को एक तहरीर दी है और उसने बताया कि बह एयरटेल कम्पनी में नौकरी करता है रविवार को बारिश में आसफपुर का टावर खराब होने की सूचना पर बह ठीक करनै पहुंचा और ठीक करने के बाद सायं 4 बजे बह बाइक से अपने घर लौट रहा था। बावेपुर के पास कार सवारों ने उसकी बाइक को रोक लिया और जमकर जमीन पर गिराकर उसे पीटा एवं उसने 26 सौ रुपए और एक लर सोने की लूटने का भी आरोप लगाया है । पुलिस को दी गई तहरीर में गुलफाम , सुल्तान नवी , इमरान नवी , कल्लू शादाब नवी नामजद समेत दो अन्य युवकों पर इस घटना करने का आरोप गम्भीर लगाया है । इस मामले में चौकी इंचार्ज दबतोरी विक्रांत आर्या जी से बात की गई तो उन्होंने बताया की तहरीर मिली है जांच की जा रही है जो भी जांच में पाया जाएगा उसके आधार पर आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। तहरीर में एक युवक को हिस्ट्रीशीट और हबाला से जुड़े धंधे में संलिप्त बताया गया है ।

सेवा यात्रा रूट-10 का मुड़िया धुरेकी से प्रस्थान, स्वच्छता अभियान एवं पौधरोपण किया

बदायूँ कैनविच टाइम्स संवाददाता। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वडनगर से वाराणसी तक जा रही 'सेवा यात्रा' रूट-10 ने गुरुवार को मुड़िया धुरेकी स्थित एमजी ग्रीन रिजॉर्ट से अगले पड़ाव के लिए प्रस्थान किया। सेवा यात्रियों का स्थानीय कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों द्वारा अंगवस्त्र तथा बदायूँ का पेड़ा भेंट कर उनके द्वारा स्वागत किया गया। इसी क्रम में एमजी ग्रीन रिजॉर्ट से प्रस्थान के उपरांत सेवा यात्रा राजकीय पशु चिकित्सालय, मुड़िया धुरेकी पहुंची। यहां सेवा यात्रियों ने स्वच्छता अभियान चलाकर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई की। इस दौरान स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए लोगों को अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया गया। इसके उपरांत सेवा यात्रियों ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया। पौधरोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं हरित वातावरण का संदेश दिया गया। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वडनगर से वाराणसी तक जारी यह यात्रा विभिन्न स्थानों पर सेवा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनसंवाद से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सेवा भावना का संदेश दे रही है। इस अवसर पर चैयरमैन मुड़िया अनुपम पाठक, पूर्व जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय, ब्लॉक प्रमुख ओमकृष्ण सागर, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमित पाठक, जिला उपाध्यक्ष संदीप चौहान, जिला कोषाध्यक्ष अनुभव उपाध्याय, वैभव मिश्रा आदि पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

नगर पंचायत अमेठी की बोर्ड बैठक में विकास कार्यों पर हुई चर्चा

अमेठी कैनविच टाइम्स संवाददाता। नगर पंचायत अमेठी सभागार में गुरुवार को बोर्ड की बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर क्षेत्र के विकास, जनसुविधाओं और जनहित से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आवश्यक प्रस्तावों पर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि (राजेश मसाला), नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू कसौधन, प्रतिनिधि फूलचंद्र कसौधन, सभासदों तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। जनप्रतिनिधियों ने नगर की साफ-सफाई, पेयजल, सड़क, प्रकाश व्यवस्था समेत विभिन्न विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक सुझाव दिए। बैठक के दौरान नगर के सर्वांगीण विकास को गति देने तथा नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा हुई।

जनप्रतिनिधियों ने नगर के विकास और जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने पर जोर दिया।

छह सूत्रीय मांगों को लेकर आशा बहुओं व संगिनियों का प्रदर्शन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भेटुआ/अमेठी। विकास खंड भेटुआ स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) परिसर में गुरुवार को आशा बहुओं और आशा संगिनियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए छह सूत्रीय मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। प्रदर्शन कर रही आशा कार्यकर्ताओं ने मानदेय में वृद्धि, आशा बहुओं को स्थायी अथवा संविदा कर्मचारी का दर्जा देने, पेंशन योजना का लाभ, ईपीएफ व ईएसआई सुविधा, आयुष्मान भारत कार्ड तथा कार्य निष्पादन के लिए स्मार्टफोन व इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि लंबे समय से स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के बावजूद उन्हें अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल रही हैं। प्रदर्शन के बाद आशा बहुओं और आशा संगिनियों के प्रतिनिधिमंडल ने सीएचसी अधीक्षक डॉ. अभिमन्यु वर्मा को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र सकारात्मक कार्रवाई नहीं की गई तो वे व्यापक आंदोलन करते हुए विधानसभा घेराव करने के लिए बाध्य होंगी।

मांगों को लेकर जल जीवन मिशन के पंप ऑपरेटरों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्यरत पंप ऑपरेटरों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर गुरुवार को जिलाधिकारी अमेठी को ज्ञापन सौंपा। पंप ऑपरेटरों ने आउटसोर्सिंग व्यवस्था में शामिल किए जाने, न्यूनतम निर्धारित वेतनमान लागू करने तथा कार्यदायी कंपनी की कथित मनमानी पर रोक लगाने की मांग उठाई।

ज्ञापन में पंप ऑपरेटरों ने कहा कि वे लंबे समय से जलापूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने का कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन्हें न तो निर्धारित मानकों के अनुरूप वेतन मिल रहा है और न ही सेवा संबंधी अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। उन्होंने मांग की कि सभी पंप ऑपरेटरों को आउटसोर्सिंग व्यवस्था में शामिल कर उनके रोजगार को सुरक्षित किया जाए।

पंप ऑपरेटरों ने आरोप लगाया कि संबंधित कंपनी द्वारा मनमाने ढंग से कार्य कराया जा रहा है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष है। उन्होंने प्रशासन से हस्तक्षेप कर समस्याओं के समाधान और श्रमिक हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने की मांग की।

जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन में पंप ऑपरेटरों ने शीघ्र कार्रवाई न होने पर आंदोलन की चेतावनी भी दी। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए पंप ऑपरेटर मौजूद रहे।

हीरापुर में शुद्ध पेयजल को तरसे ग्रामीण, दूषित पानी पीने को मजबूर

कैनविज टाइम्स संवाददाता



भेटुआ/अमेठी। विकासखंड भेटुआ के हीरापुर गांव में कई परिवार अब भी शुद्ध पेयजल की सुविधा से वंचित हैं। जलभराव और गंदे पानी के बीच रहने को मजबूर ग्रामीणों को दूषित पानी पीना पड़ रहा है, जिससे संक्रामक बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। ग्रामीणों के अनुसार गांव के कुछ हिस्सों में अभी तक नियमित जलापूर्ति व्यवस्था नहीं पहुंच सकी है। घरों के आसपास तालाब और नहर के पानी के जलभराव से गंदे पानी के गड्ढे बने हुए हैं। ऐसे में पेयजल स्रोतों के दूषित होने की आशंका बनी हुई है। ग्रामीणों का कहना है कि शुद्ध पेयजल उपलब्ध न होने से उन्हें रोजाना कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीण विजय तिवारी ने बताया कि समस्या की जानकारी संबंधित विभागीय अधिकारियों को दे दी गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि जल्द ही गांव में पेयजल व्यवस्था सुचारु की जाएगी। वहीं जल निगम के अधिकारी गिरिजेश श्रीवास्तव ने बताया कि आवश्यक कार्य तेजी से कराया जा रहा है और शीघ्र ही प्रभावित परिवारों तक शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कर दी जाएगी। ग्रामीणों ने विभाग से जल्द समस्या का स्थायी समाधान कर सभी परिवारों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने की मांग की है।

लंबे इंतजार के बाद सीएचसी अमेठी में ब्लड स्टोरेज यूनिट का संचालन शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अमेठी। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अमेठी में ब्लड स्टोरेज यूनिट का संचालन शुरू होने से क्षेत्र के मरीजों और प्रसूताओं को बड़ी राहत मिली है। अब रक्त की आवश्यकता पड़ने पर उन्हें दूसरे जनपदों या निजी संस्थानों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। इससे आपात स्थिति में उपचार व्यवस्था और अधिक प्रभावी हो सकेगी।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार ब्लड स्टोरेज यूनिट के संचालन के लिए कर्मचारियों की तैनाती पहले ही कर दी गई थी, लेकिन आवश्यक उपकरण और सामग्री उपलब्ध न होने के कारण इसका संचालन शुरू नहीं हो पा रहा था। इस दौरान संबंधित कर्मियों को सुल्तानपुर स्थित ब्लड बैंक से संबद्ध किया गया था। स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों द्वारा लगातार यूनिट शुरू किए जाने की मांग की जा रही थी।

आवश्यक संसाधन उपलब्ध होने के बाद यूनिट को संचालित कर दिया गया है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. सौरभ सिंह ने बताया कि ब्लड स्टोरेज यूनिट शुरू होने से गंभीर मरीजों और प्रसूताओं को समय पर रक्त उपलब्ध कराया जा सकेगा। इससे उपचार में होने वाली देरी कम होगी और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलेगी।

दो घंटे के नवजात की सांसें थमीं,108 बनी जीवन रक्षक,ऑक्सीजन देकर पहुंचाया अस्पताल



वजीरगंज सीएचसी में बिगड़ी हालत,जिला महिला अस्पताल तक एंबुलेंस में चलता रहा उपचार

रास्ते मे निगरानी,अस्पताल चिकित्सकों को सौंपा

नवजात की नाजुक स्थिति को देखते हुए एंबुलेंस में पूरे रास्ते उसकी निगरानी की गई। जरूरी प्री-हॉस्पिटल केयर देते हुए टीम उसे सुरक्षित जिला महिला अस्पताल लेकर पहुंची।वहां नवजात को आगे के उपचार के लिए चिकित्सकों की निगरानी में सौंप दिया गया।इस दौरान ईएमटी ओम प्रकाश के साथ पायलट बैजनाथ ने भी जिम्मेदारी निभाई गंभीर हालत में नवजात को समय पर ऑक्सीजन उपलब्ध कराने और अस्पताल तक पहुंचाने में एंबु लेंस टीम की तत्परता अहम रही।

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । जन्म के महज दो घंटे बाद जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे नवजात के लिए 108 एंबुलेंस से वा जीवनरक्षक बनकर पहुंची।वजीरगंज सामुदायि क स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती नवजात को सांस लेने में गंभीर परेशानी हो रही थी।जन्म के समय भी उस ने ठीक से रोना शुरू नहीं किया था।हालत बिगड़ने पर चिकित्सकों ने तत्काल जिला महिला अस्पता ल रेफर किया। ऐसे नाजुक वक्त में एंबुलेंस टीम ने ऑक्सीजन सपोर्ट के साथ नवजात को समय पर उच्च चिकित्सा केंद्र पहुंचाया।जानकारी के मुताबि क, बेबी ऑफ उषा देवी की गंभीर हालत को देख ते हुए चिकित्सकों ने उसे जिला महिला अस्पताल, भेजने का निर्णय लिया,सूचना मिलते ही 108 एंबु लेंस संख्या ठघ32क्का047 मौके पर पहुंची।एंबु लेंस में तैनात इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन (ईए मटी)ओम प्रकाश ने ईआरसीपी चिकित्सक डॉ. रो चना की सलाह के अनुसार नवजात को दो लीटर प्रति मिनट की दर से ऑक्सीजन उपलब्ध कराई।

घाघरा का जलस्तर घटा, गांवों में संकट बरकरार; 25 हजार की जिंदगी पानी में कैद



गाँव मे मचान पर चूल्हा जलाकर गुजर-बसर कर रहे है ग्रामीण..कई बाढ़ पीड़ित मदद से वंचित

दस दिन से स्कूल बंद, घरों में पानी तो सड़कों पर कमर तक जलभराव

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । घाघरा का जलस्तर भले ही घटने लगा हो,ले किन तरबगंज और करनैलगंज तहसील के बाढ़ प्रभावित गांवों में जिंदगी अब भी पानी के बीच ठ हरी हुई है।कहीं घरों के भीतर बाढ़ का पानी भरा है तो कहीं सड़कों पर कमर तक पानी।मचान पर चूल्हा जलाकर भोजन पकाने की मजबूरी है और गांवों के बीच आवाजाही के लिए ग्रामीणों को पा नी के बीच से गुजरना पड़ रहा है।करीब तीस गांवों की पचीस हजार आबादी बाढ़ की मार झेल रही है ऊपर से नदी का जलस्तर घटने के साथ तेज हुई कटान ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। नदी का पानी उतरने लगा है,लेकिन ग्रामीणों की मुश्कि लें कम होने का नाम नहीं ले रहीं,गुरुवार सुबह सा ढ़े सात बजे घाघरा का जलस्तर खतरे के निशान से 26 सेंटीमीटर ऊपर दर्ज किया गया,केंद्रीय जल आयोग के आंकड़ों के मुताबिक,पिछले 24 घंटे में नदी का जलस्तर 24 सेंटीमीटर घटा है।इसके बाव जूद बाढ़ का पानी गांवों में जमा है। हालात यह हैं कि घरों में पानी में पानी,सड़कों पर कमर तक जलभराव तरबगंज तहसील के ब्योन्दा माझा,दत्त नगर साखीपुर, गोकु ला, तुलसीपुर माझा, इंदरपुर, चौखड़िया, मंहगूपुर, जैतपुर माझा राठ,दुल्लापुर, दुर्गागंज,ऐली परसौली और परास पट्टी पुरवार समेत कई गांवबाढ़ से,प्रभा वित हैं।करनैलगंज तहसील के नकहरा,गौरा सिंह ना पुर,और बसहिया सहित करीब तीस गांवों में बा ढ़ का असर बना हुआ है। दत्त नगर निवासी बाढ़ पीड़ित पुल्लू और रामदेव का कहना है कि घरों के अंदर पानी भरा है और सड़कों पर कमर तक पानी होने से आवागमन मुश्किल हो गया है।रोजमर्रा के कामकाज से लेकर भोजन की व्यवस्था तक चुनौ ती बनी हुई है। उनके मुताबिक, प्रशासन की ओर से कुछ लोगों को मदद मिल रही है, लेकिन कई परिवार अब भी सहायता से वंचित हैं।

बच्चों के पढ़ाई पर ताला,पशुओं के चारे का संकट

बाढ़ की मार सिर्फ घरों और खेतों तक सीमित न हीं है।प्रभावित गांवों के प्राथमिक और उच्च प्राथ मिक विद्यालय करीब दस दिन से बंद हैं।इससे ब च्चों की पढ़ाई बाधित हो रही है। दूसरी ओर, जल भराव के चलते पशुओं के लिए चारे की व्यवस्था करना भी ग्रामीणों के लिए मुश्किल होता जा रहा है।बाढ़ के बीच परिवारों के साथ मवेशियों को सुर क्षित रखना भी बड़ी चुनौती है।

राहत के इंतजाम, पीड़ित मदद पहुंचने पर सवाल

जिला प्रशासन के मुताबिक, बीते 48 घंटे में पंद्रह हजार से अधिक लंच पैकेट वितरित किए गए हैं। पांच सौ से अधिक बाढ़ पीड़ितों को राहत सामग्री दी गई है।प्रभावित क्षेत्रों में आवागमन के लिए सौ से अधिक नावें लगाई गई हैं।बाढ़ पीड़ितों की सहा यता के लिए हनुमान रथ भी उपलब्ध कराया गया है।हालांकि, ग्रामीणों के बयानों के मुताबिक, राहत वितरण के बावजूद कुछ परिवार सहायता से वंचि त हैं।ऐसे में सवाल है कि बाढ़ से घिरे प्रत्येक परि वार तक भोजन,राहत सामग्री और जरूरी सुविधा एं पहुंचाने की व्यवस्था कितनी प्रभावी है।

पानी घटा तो कटान ने बढ़ाई किसानों की धड़कन

घाघरा का जलस्तर नीचे आने के साथ तटीय इला कों में कटान तेज होने की बात सामने आ रही है। इससे नदी किनारे बसे ग्रामीणों और किसानों के सामने दोहरा संकट खड़ा हो गया है।पहले बाढ़ के पानी ने जनजीवन प्रभावित किया और अब कटा न से जमीन तथा फसलों पर खतरा मंडराने लगा है।ब्योन्दा माझा निवासी प्रदीप के मुताबिक, उन्हें राहत सामग्री और लंच पैकेट मिल रहे हैं, लेकिन पानी के चलते परेशानी बरकरार है। ग्रामीणों का कहना है कि जलस्तर में गिरावट के बावजूद गांवों से बाढ़ का पानी पूरी तरह नहीं निकला है।कटान बढ़ने से उनकी चिंता और गहरी हो गई है।घाघरा का घटता जलस्तर राहत का संकेत जरूर है,लेकि न गांवों में जमा पानी,बंद स्कूल, चारे का संकट औ र तेज कटान बता रहे हैं कि बाढ़ की चुनौती अभी खत्म नहीं हुई है।प्रभावित परिवारों को राहत के साथ सुरक्षित आवागमन, भोजन और कटान से बचाव के ठोस इंतजामों का इंतजार है।

पत्रकार उत्पीड़न पर भड़के उपजा प्रदेश अध्यक्ष, बोले,नहीं थमा उत्पीड़न तो प्रदेशव्यापी आंदोलन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा में एक माह में करीब आधा दर्जन पत्रकारों के उत्पीड़न का आरोप,

प्रदीप तिवारी पर दर्ज मुकदमा तत्काल वापस लेने की मांग

गोंडा । जिले में पत्रकारों के उत्पीड़न की घटनाओं में लगातार वृद्धि पर उपजा यू पी जर्नलिस्ट्स वेलफ़े यर एसोसिएशन ने कड़ाआक्रोश जताया है,संगठन के प्रदेश अध्यक्ष जी.सी.श्रीवास्तव ने कहा कि पत्र कारों के उत्पीड़न पर तत्काल प्रभावी रोक नहीं ल गी तो प्रदेशभर के पत्रकार शासन-प्रशासन के,विरु द्ध लोकतांत्रिक ढंग से धरना-प्रदर्शन एवं आंदोलन करने को बाध्य होंगे।उन्होंने कहा कि गोंडा में बीते एक माह के दौरान करीब आधा दर्जन पत्रकारों के कथित उत्पीड़न के मामले सामने आए हैं।इन माम लों का विभिन्न पत्रकार संगठनों ने पुरजोर विरोध भी किया, इसके बावजूद स्थिति में अपेक्षित सुधार दिखाई नहीं दे रहा है।उन्होंने आरोप लगाया कि कु छ मामलों में पत्रकारों के विरुद्ध बिना समुचित जां च-पड़ताल के कार्रवाई की जा रही है, जिससे पत्र कारों में आक्रोश बढ़ रहा है,ग्रामीण पत्रकार एसो सिएशन के जिलाध्यक्ष प्रदीप तिवारी के विरुद्ध दर्ज मुकदमे का उल्लेख करते हुए डॉ.श्रीवास्तव ने कहा कि मामले में निष्पक्ष जांच के बाद ही कोई कार्रवाई होनी चाहिए थी,उन्होंने मुकदमे को तत्का ल निरस्त करने की मांग करते हुए कहा कि यदि प त्रकार के विरुद्ध दर्ज प्राथमिकी वापस नहीं ली ग ई तो उपजा प्रदेश स्तर पर आंदोलन का निर्णय ले ने को विवश होगी।श्री श्रीवास्तव ने पत्रकार सत्यम मिश्रा पर हुए हमले तथा पत्रकार अतुल तिवारी से जुड़े कथित पुलिस उत्पीड़न का भी उल्लेख करते हुए कहा कि पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान से किसी भी स्तर पर समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।उन्होंने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के प्रह री के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं,ऐसे में उन्हें भय या दबाव के वातावरण में काम करने के लिए विवश करना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए गंभीर विषय है।उन्होंने कहा कि किसी पत्रकार के विरुद्ध रसूख अथवा दबाव के चलते बिना निष्पक्ष जांच के मुकदमा दर्ज किया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उपजा यू पी जर्नलिस्ट्स वेलफ़ेयर एसोसिएशन पत्रकारों के उत्पीड़न के प्रत्येक मामले में संबंधित अधिकारियों के समक्ष मजबूती से अपनी आवाज उठाएगा।श्रीवास्तव ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि प्रदी प तिवारी के विरुद्ध दर्ज मुकदमा समाप्त करने और पत्रकारों के उत्पीड़न पर प्रभावी अंकुश लगा ने की दिशा में शीघ्र ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो पत्र कार संगठन संयुक्त रूप से शासन-प्रशासन के स मक्ष लोकतांत्रिक आंदोलन का रास्ता अपनाने को बाध्य होंगे।

पीड़ित की आवाज लिखी तो पत्रकार पर मुकदमा ! कीर्तिवर्धन सिंह से सवाल यह कैसी जवाबदेही



केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री के प्रतिनिधि की शिकायत से उबाल मुख्यमंत्री योगी से हस्तक्षेप की मांग,

पत्रकार संगठनों की दोटूक खबर गलत है तो तथ्य रखिए,कलम पर कार्रवाई क्यों ?

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा । पीड़ित परिवार अपनी पीड़ा सुनाएगा तो पत्र कार उसे लिखेगा या नहीं ? नाबालिग लड़की के लापता होने के मामले में पीड़ित पक्ष के बयान औ र आरोपों को खबर के रूपमें प्रकाशित करने वाले पत्रकार प्रदीप तिवारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हो ने कीखबर ने गोंडा में पत्रकारिता की स्वतंत्रता औ र जवाबदेही को लेकर बहस छेड़ दी है,केंद्रीय विदे श राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के प्रतिनिधि निसार की ओर से मनकापुर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया गया है,इसे लेकर पूरे उत्तर प्रदेश मे ग्रामीण पत्रकार एसोसि एशन समेत विभिन्न पत्रकार संगठ नों में नाराजगी बताई जा रही है,संगठनों ने निष्पक्ष जांच और पत्रकार का पक्ष सुने जाने की मांग कर ते हुए मुकदमा वापस न होनेपर आंदोलन की चेता वनी दी है।

खबर बनेगी या कलम पर लगेगी लगाम

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार बेटियों की सुरक्षा और सम्मान के लिए मिशन शक्ति जैसे अभियान चला रही है।ऐसे में सवाल उठना लाजि मी है कि नाबालिग के लापता होने जैसे संवेदनशी ल मामले में पीड़ित परिवार की बात सार्वजनिक करने पर विवाद क्यों खड़ा हुआ है ? क्या पीड़ित माता-पिता के बयान को खबर में जगह देना पत्र कार का अपराध है,....या फिर प्रकाशित खबर में किसी तथ्य को लेकर आपत्ति है ? इन दोनों सवा लों के जवाब सार्वजनिक होने चाहिए।केंद्रीय मंत्री के प्रतिनिधि निसार अहमद से सवाल है कि प्रका शित खबर में ऐसा कौन-सा तथ्य था,जिस पर उन्हें आपत्ति हुई ? शिकायत में पत्रकार के खिलाफ क्या आरोप लगाए गए हैं ? क्या शिकायत से पह ले पत्रकार का पक्ष जानने का प्रयास किया गया ?

नाबालिग लड़की का पता चला या नहीं,

विवाद के केंद्र में जिस नाबालिग लड़की के लाप ता होने का मामला है, उस पर भी जवाबदेही तय होनी चाहिए।लड़की का पता लगाने के लिए पुलि स ने अब तक क्या कार्रवाई की ? पीड़ित परिवार को क्या जानकारी दी गई ? जांच किस स्थिति में है ? इन सवालों का जवाब भी उतना ही जरूरी है, जितना पत्रकार के खिलाफ की गई शिकायत का आधार स्पष्ट करना पड़ेगा।मुद्दा सिर्फ पत्रकार पर मुकदमा का नहीं,पीड़ित परिवार को न्याय मि लने की स्थिति का भी है।

पत्रकार संगठनों में उबाल, आंदोलन की चेतावनी

उत्तर प्रदेश मे ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन सहित विभिन्न पत्रकार संगठनों में इस प्रकरण को लेकर असंतोष की बात सामने आई है।संगठनों ने निष्प क्ष जांच,पत्रकार का पक्ष सुने जाने और मामले में उचित कार्रवाई की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि मुकदमा वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन किया जाएगा, अब निगाहें पुलिस प्र शासन के अगले कदम पर हैं,

मुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्री से सीधे सवाल

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सवाल है कि पीड़ि त परिवार की आवाज सामने रखने वाले पत्रकार के मामले में शासन -प्रशासन क्या रुख अपनाएगा ? केंद्रीय विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह से भी अपेक्षा है कि उनके प्रतिनिधि की शिकायत का आधार और मामले के तथ्य सार्वजनिक हों यह किसी को दोषी ठहराने का नहीं, बल्कि निष्पक्ष जांच और जवाबदेही सुनिश्चित करने का सवाल है।

केंद्रीय विदेश मंत्री से सवाल,जिनके जवाब जरूरी

पीड़ित परिवार के बयान को खबर में प्रकाशित करना आपत्तिजनक कैसे हुआ ? शिकायत में पत्रकार के खिलाफ आखिर कौन - से आरोप लगाए गए हैं ? नाबालिग कहां है,पुलिस की कार्र वाई अब तक कहां पहुंची ? क्या शिकायतकर्ता और संबंधित पक्ष का जवाब भी सार्वजनिक होगा ? क्या नाबालिग लड़की के पीड़ित मां- बाप से कितनी बार मिले केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री।

कलम का सवाल है, जवाब तो देना होगा !

पीड़ित की आवाज खबर बनना अपराध नहीं होना चाहिए, लेकिन पत्रकारिता में तथ्यों की शुचिता भी अनिवार्य है।शिकायत का निष्पक्ष परीक्षण हो पत्र कार को अपना पक्ष रखने का अवसर मिले और नाबालिग से जुड़े मामले में जांच की स्थिति स्पष्ट की जाए। लोकतंत्र में न सवालों को दबाया जा सकता है, न आरोपों को जांच से परे रखा जा सकता है।

डीएम ने छात्राओं से सुने 17, 14 और 19 के पहाड़े, बोले पढ़ाई में हमेशा आगे बढ़ने का रखें जज्बा

कस्तूरबा विद्यालय में छात्राओं से आत्मीय संवाद कर परखी शिक्षा की गुणवत्ता, कम उपस्थिति पर वार्डे न का स्पष्टीकरण तलब

कैनविज टाइम्स संवाददाता



बहराइच । जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय बेगमपुर का निरीक्षण कर छात्राओं को उपलब्ध कराई जा रही शैक्षिक एवं आवासीय सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कक्ष-कक्षों में पहुंचकर छात्राओं से आत्मीय संवाद किया और उनके पठन-पाठन की स्थिति के साथ विद्यालय में मिल रही सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान जिलाधिकारी ने छात्राओं से 17, 14 और 19 के पहाड़े सुनकर उनकी शैक्षिक समझ को परखा तथा पढ़ाई के प्रति सकारात्मक सोच के साथ निरंतर आगे बढ़ने के लिए उनका उत्साहवर्धन किया। नामांकन के सापेक्ष छात्राओं की उपस्थिति कम पाए जाने पर जिलाधिकारी ने वार्डे न से जानकारी ली। संतोषजनक उत्तर न मिलने पर उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को संबंधित वार्डे न का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आवासीय विद्यालय में नामांकित प्रत्येक छात्रा की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और अनुपस्थित रहने वाली छात्राओं के संबंध में प्रभावी निगरानी रखी जाए। जिलाधिकारी ने गणित की पूर्णकालिक शिक्षिका कायनात खानम से छात्राओं की गणित विषय की पढ़ाई के संबंध में जानकारी लेते हुए उनसे प्रश्न भी किए। छात्राओं की विषयगत समझ अपेक्षित स्तर की न पाए जाने पर उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के प्रति नाराजगी व्यक्त की तथा विद्यालय में शिक्षा की गुणवत्ता में प्रभावी सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के साथ उनकी विषयगत समझ और सीखने की क्षमता को मजबूत किया जाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने विद्यालय की रसोई एवं भंडार गृह का निरीक्षण किया और छात्राओं के भोजन में प्रयोग की जाने वाली खाद्य सामग्री का अवलोकन किया। उन्होंने निर्देश दिया कि शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री का ही प्रयोग किया जाए तथा छात्राओं को स्वच्छ, पौष्टिक एवं निर्धारित मानक के अनुरूप भोजन उपलब्ध कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आवासीय विद्यालय में रहने वाली छात्राओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य और सुविधाओं पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। उन्होंने छात्राओं को बेहतर एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के साथ गुणवत्तापरक शिक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालय के सुरक्षा प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन कराने तथा सभी व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के अन्त में डीएम छात्राओं को स्टडी टेबल, डस्टर तथा मार्कर भेंट कर उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया।

टेढ़ी नदी में मौत का मंजर: नहाने उतरे तीन बच्चे, दो की डूबकर मौत

ग्रामीणों ने वर्षीय लल्ली को बचाया,सम्राट और राहुल की नहीं बच सकी जान,उफान पर थी नदी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा । बारिश के बाद उफान मार रही टेढ़ी नदी में नहाने उतरे तीन बच्चों की जिंदगी पलभर में संकट में पड़ गई।गुरुवार शाम करीब चार बजे गहरे पानी में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गई, जबकि तीस री बच्ची को ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत के बाद सु रक्षित बाहर निकाल लिया।हादसे ने भुईरा गांव में मातम पसरा दिया। नदी में पानी बढ़ने के बावजूद बच्चे नहाने पहुंच गए और देखते ही देखते खुशि यों भरी शाम चीख-पुकार में बदल गई।घटना देहा त कोतवाली क्षेत्र के भुईरा गांव की है।जानकारी के मुताबिक, गर्मी से राहत पाने के लिए तीनों ब च्चे टेढ़ी नदी में नहाने गए थे।इसी दौरान एक-एक कर उनके पैर फिसले और वे गहरे पानी में चले ग ए,बच्चों को डूबता देख आसपास के ग्रामीण नदी की ओर दौड़े और बचाव में जुट गए।काफी प्रयास के बाद 12 वर्षीय लल्ली को बाहर निकाल लिया गया।वहीं,10 वर्षीय सम्राट पुत्र जसवीर सिंह और 12 वर्षीय राहुल पुत्र राम कैलाश सिंह को नहीं ब चाया जा सका।

दो परिवारों के बुझ गए चिराग

तीनों बच्चों के डूबने की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने नदी में उतरकर तलाश शुरू की। स्थानीय लोगों की कोशिशों से लल्ली की जान बच गई।उसे पुलि स की मदद से प्राथमिक उपचार दिलाया गया। दू सरी ओर, सम्राट और राहुल की मौत से उनके परि वारों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा।गांव में घटना के बाद शोक का माहौल है।

मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासनिक टीम

हादसे की सूचना पर सीओ नगर योगेंद्र सिंह, सदर तहसीलदार और राजस्व विभाग की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों मृत बच्चों के शव कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमा र्टम के लिए भेज दिया।अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लेकर हादसे की जानकारी जुटाई,सी ओ नगर योगेंद्र सिंह के मुताबिक, डायल-112 के माध्यम से टेढ़ी नदी में तीन बच्चों के डूबने की सूच ना मिली थी।पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर ब चाव कार्य कराया। हादसे में दो बच्चों की मौत हुई है, जबकि एक बच्ची को बचा लिया गया। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

बारिश ने बढ़ाया नदी का खतरा,फिर भी पहुंच रहे लोग

जिला पंचायत सदस्य जमुना सिंह ने बताया कि भुईरा गांव के पास से गुजरने वाली टेढ़ी नदी में बारिश के कारण पानी काफी बढ़ गया है। नदी उफान पर है और ग्रामीणों को किनारे जाने के प्रति लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसके बावजूद बच्चे नहाने के लिए नदी में उतर गए। हादसा एक बार फिर बारिश के मौसम में उफनती नदियों के किनारे बरती जाने वाली लापरवाही और बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ाता है।

80 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले पेंशनर्स को 15 अक्टूबर तक होगा भुगतान

बहराइच। जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी डॉ. अजीत कुमार ने बताया कि ऐसे दिव्यांगजन जिनकी दिव्यांगता का प्रतिशत 80 या उससे अधिक है, उन्हें पेंशन का भुगतान करने हेतु भारत सरकार द्वारा एक नया माध्यम बनाया जा रहा है। डॉ. कुमार ने बताया कि 80 या उससे

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री का नाम जन्म प्रमाण पत्र में अमृता (AMRITA) दर्ज हो गया है, जो कि सही नाम नहीं है।मेरी पुत्री का वास्तविक एवं सही नाम अविका जायसवाल (AVIKA JAISWAL) है। अतः भविष्य में मेरी पुत्री को अविका जायसवाल (AVIKA JAISWAL) के नाम से ही जाना एवं पहचाना जाए।

अश्वनी कुमार जायसवाल
पुत्र राम उजागिर जायसवाल
निवासी 995, गायत्री पुरम,
सिविल लाइन, गोण्डा

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं बैंक पासबुक में नाम मनीराम गुप्ताङ्क अंकित है, जो कि सत्य एवं सही है।जबकि मेरे पासपोर्ट में नाम केवल ल्मनीरामङ्क अंकित है,जो अपूर्ण एवं त्रुटिपूर्ण है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा सही एवं पूर्ण नाम ल्मनीराम गुप्ताङ्क है तथा भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना एवं पहचाना जाए।

मनीराम गुप्ता
पुत्र श्री रामजग
निवासी होल्लापुर
काशीपुर,
तहसील तरबगंज
थाना वजीरगंज गोण्डा

सेवा संकल्प दिवस पर स्वच्छता व्यवस्था की खुली पोल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बल्दीराय/सुल्तानपुर। स्वच्छता अभियान और ग्रामीण विकास की योजनाओं का संचालन करने वाले धनपतगंज ब्लॉक परिसर में ही स्वच्छता व्यवस्था दम तोड़ती नजर आ रही है। ब्लॉक सभागार के बगल बने मूत्रालय के आसपास जमा गंदगी और कचरे का अंबार विभागीय सफाई व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। दुर्गंध से ब्लॉक आने वाले फरियादी, ग्रामीण और कर्मचारी परेशान हैं। विडंबना यह है कि सेवा संकल्प दिवस जैसे जनहितकारी अभियान के अवसर पर भी परिसर की बदहाल स्वच्छता व्यवस्था में सुधार दिखाई नहीं दिया। सेवा संकल्प दिवस अभियान के तहत ब्लॉक में विभिन्न विभागों के काउंटर लगाए जाने की व्यवस्था की गई थी। प्रभारी एडीओआरडी ने कुल 12 विभागों को बुलाए जाने की जानकारी दी, लेकिन दोपहर तीन बजे तक मौके पर केवल नौ विभागों के काउंटर ही मौजूद मिले। इनमें सबसे अधिक भीड़ स्वास्थ्य विभाग के काउंटर पर दिखाई दी। सीएचसी प्रभारी अरुणेश सिंह ने बताया कि मरीजों का समुचित उपचार किया जा रहा है और आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। वहीं ब्लॉक सभागार में अपेक्षाकृत कम लोगों की भीड़ रही। सबसे गंभीर सवाल ब्लॉक परिसर की सफाई व्यवस्था को लेकर है। मूत्रालय के पास जमा गंदगी केवल लापरवाही का दृश्य नहीं, बल्कि संबंधित विभाग की नियमित निगरानी और जवाबदेही पर भी सवाल है। यदि सफाई नियमित होती है तो कचरे का इतना बड़ा ढेर कैसे जमा हुआ । क्या सफाई व्यवस्था का निरीक्षण केवल कागजी अभिलेखों तक सीमित है। सहायक ग्राम विकास अधिकारी (ग्रामीण विकास) विजय कुमार चौधरी ने बताया कि दो अक्टूबर को सफाई कराई जाएगी। नियमित सफाई के सवाल पर उन्होंने समय-समय पर सफाई कराने की बात कही। वहीं गंदगी दोबारा जमा होने के संबंध में उन्होंने आश्वासन दिया कि अब ऐसा नहीं होगा।

सीडीओ ने मिनी स्टेडियम घोरहा में गंदगी पर लगाई फटकार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी,मुख्य विकास अधिकारी पूजा साहू द्वारा युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा विकास क्षेत्र भादर के अंतर्गत ग्राम घोरहा में नवनिर्मित ग्रामीण मिनी स्टेडियम का औचक स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला युवा कल्याण अधिकारी मयंक पटेल अपने अधीनस्थ कर्मियों के साथ मौके पर उपस्थित रहे।निरीक्षण के दौरान स्टेडियम प्रांगण तथा भीतरी कक्षों की साफ-सफाई व्यवस्था अत्यंत असंतोषजनक पाई गई जिस पर मुख्य विकास अधिकारी ने गहरा रोष व्यक्त किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को तत्काल व्यवस्था सुदृढ़ करने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही ग्राम पंचायत सचिव को निर्देशित किया गया कि



कि स्टेडियम में उपलब्ध कराई गई खेल सामग्रियों का नियमित उपयोग नहीं हो रहा है तथा ओपन जिम से संबंधित सामग्री भी अस्त-व्यस्त स्थिति में रखी हुई है। इस पर उन्होंने कड़े निर्देश दिए कि समस्त जिम उपकरणों एवं खेल सामग्रियों को सुव्यवस्थित ढंग से स्थापित किया जाय।खेल मैदान में अभ्यास हेतु आने वाले बच्चों व युवाओं से निरंतर संवाद स्थापित किया जाय तथा उनकी आवश्यकता के

घोरहा के स्टेडियम में अस्त व्यस्त जिम उपकरणों पर जताई नाराजगी

अनुसार नियमानुसार खेल सामग्री उपलब्ध कराई जाय।खेल मैदान में बैडमिंटन, खो-खो आदि खेलों के लिए मानकों के अनुरूप कोर्ट का चिन्हांकन व सांकेतिक बोर्ड अनिवार्य रूप से स्थापित किये जाय।मुख्य विकास अधिकारी ने जिला युवा कल्याण अधिकारी को निर्देशित किया कि निरीक्षण में पाई गई समस्त कमियों का तत्काल निस्तारण कराते हुए आख्या प्रस्तुत करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में इस प्रकार की घोर लापरवाही की पुनरावृत्ति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ग्रामीण मिनी स्टेडियम का निर्माण स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने हेतु किया गया है, अतः इसका सुचारू व प्रभावी संचालन सुनिश्चित किया जाए ताकि क्षेत्र के अधिक से अधिक युवाओं को इसका सीधा लाभ मिल सके।

श्रीराम कथा से ही मनुष्य सन्मार्ग की ओर प्रेरित होता है : आचार्य शान्तनु जी महाराज

कैनविज टाइम्स संवाददाता



तिलोई अमेठी । आरबीएस इण्टर कालेज तिलोई के प्रांगण में आयोजित श्रीराम कथा के प्रथम दिवस पर आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि भगवान की असीम कृपा से ही हम सब सन्मार्ग की ओर प्रेरित होते है माता पार्वती के शंका समाधान करते हुये महादेव ने बताया कि देवी ईश्वर सगुण भी है और निर्गुण भी भक्त जिस रूप में चाहता है प्रभु उसी रूप में भक्तों को दर्शन देते है।मानस की महिमा बताते हुये कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि ये रामायण कल्पवृक्ष के समान है इसको गाने वाला जो चाहता है वो उसको मिलता है परंतु शर्त है कि इसे निर्मल मन से गाया जाय।भगवान शिव के विवाह की कथा सुनाते हुए पूज्य महाराज जी ने कहा कि शिव और पार्वती श्रद्धा और विश्वास के प्रतीक है इसीलिये रामकथा में पहले शिव और पार्वती की कथा है। कथा व्यास ने भगवान शिव की बारात का दर्शन कराते हुये कहा कि उनकी बारात में भूत प्रेत भी शामिल थे परंतु वे भी बहुत ही संयमित थे परांठे आज की क्या स्थिति है हम सब को इस पर विचार करना चाहिये साथ ही साथ महाराज जी ने समाज मे व्याप्त अनेक कुरीतियो पर कुठाराघात किया।श्रीराम कथा के यजमान बबलू सिंह एवं अंकिता सिंह ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ व्यास पीठ का पूजन कर कथा व्यास का फूल मालाओं से स्वागत किया।कार्यक्रम का संचालन धर्मेश मिश्रा ने किया।इस मौके पर राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह, कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, उत्कर्ष शरण सिंह,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह, मनीष सिंह,अंकित पासी,रीना शर्मा, नटराज सिंह राठौर,ज्ञानेंद्र सिंह, वीरेन्द्र तिवारी, प्रमोद त्रिपाठी,राजेश पाण्डेय, विकास सिंह,आशीष मिश्रा, भास्कर सिंह, राजू तिवारी सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

मोहनगंज में जनप्रतिनिधियों ने की पुष्पवर्षा

तिलोई अमेठी, प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के कथा वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज का कस्बा मोहनगंज में पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। तिलोई रियासत के युवराज कुंवर मृगांकेश्वर शरण सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह, सिद्धार्थ सिंह राठौर, अवनेंद्र सिंह,हेमंत प्रताप सिंह, विनोद मौर्या, ध्रुवराज पासी, गुडडू सिंह सहित अन्य तमाम लोगों ने कथा व्यास आचार्य शान्तनु जी महाराज का पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया गया और जय श्री राम के नारों जयकारो से इलाका गुंजायमान रहा।

राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर चिकित्सा महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। एक अक्टूबर राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय, सुलतानपुर के ब्लड सेंटर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.भरत भूषण, प्राचार्य डॉ. हरेन्द्र कुमार, पूर्व प्राचार्य डॉ. प्रियांक वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (पुरुष) डॉ. अविनाश गुप्ता एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (महिला) डॉ. आर. के. यादव उपस्थित रहे। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष पैथोलॉजी एवं रक्त केन्द्र प्रभारी डॉ. सुपर्णा दूबे, रक्त केन्द्र प्रभारी डॉ. संजय सिंह, चिकित्सा अधिकारी डॉ. रविन्द्र यादव, डॉ. ए. के. सिंह, चिकित्सक डॉ. जे. पी. सिंह, शहीद स्मारक सेवा समिति के करतार केशव यादव आजाद समाज सेवा समिति के अशोक सिंह उपस्थित रहे।कार्यक्रम के मंच का संचालन गायत्री परिवार के अभिषेक सिंह द्वारा किया गया। सभी अतिथियों ने रक्तदान के महत्व पर अपने विचार रखे एवं सभी रक्तदाताओं को नियमित रक्तदान की शपथ दिलाई गई।इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य डॉ. प्रियांक वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.आर. के.यादव, हॉस्पिटल मैनेजर डॉ.आरिफ, डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम मैनेजर (एनएचएम) संतोष कुमार यादव, गणपत सहाय पी.जी. कॉलेज के प्रवक्ता डॉ. विष्णु अग्रहरी, डॉ.भोलानाथ ने स्वयं रक्तदान किया।

साथ ही गायत्री परिवार, आजाद समाज सेवा समिति एवं गणपत सहाय पी.जी. कॉलेज के स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़ कर रक्तदान किया।रक्त केन्द्र प्रभारी डॉ. सुपर्णा दूबे एवं डॉ. संजय सिंह ने सभी रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत सात दिवसीय बहुउददेशीय सेवा शिविरों का शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत गुरुवार को जनपद के समस्त विकास खंडों में सात दिवसीय बहुउददेशीय सेवा शिविरों का शुभारंभ किया गया।शिविरों के माध्यम से आमजन को केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ-साथ विभिन्न योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। शिविरों में महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार, स्वास्थ्य, शिक्षा, मिशन शक्ति, राजस्व, पुलिस, समाज कल्याण, कृषि, पशुपालन, वन, पंचायती राज, ग्राम्य विकास, स्वयं सहायता समूह सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उपस्थित लोगों को अपने-अपने विभाग की योजनाओं, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया एवं लाभों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। विकासखंड अमेठी में आयोजित बहुउद्देशीय सेवा शिविर का उद्घाटन जिला



पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि ने किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला भी उपस्थित रहे। वहीं विकासखंड बाजार शुकुल में आयोजित शिविर का शुभारम्भ जगदीशपुर के विधायक सुरेश पासी द्वारा किया गया। इसी प्रकार जनपद के अन्य विकास खंडों में भी स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा शिविरों का उदघाटन कर योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार का आह्वान किया गया। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म संपन्न कराई तथा छह माह के बच्चों को प्रथम बार अन्नप्राशन कराकर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इसके साथ ही विभिन्न विभागों की योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र, प्रमाण पत्र एवं अन्य लाभ भी वितरित किए गए। शिविरों में बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं लाभार्थियों ने सहभागिता करते हुए विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त की। विभागीय अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं तथा पात्र व्यक्तियों को योजनाओं से जोड़ने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया। अधिकारियों ने बताया कि इन बहुउद्देशीय सेवा शिविरों का मुख्य उद्देश्य केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना तथा अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। शिविरों के माध्यम से लोगों को शासन की योजनाओं के प्रति जागरूक कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित ये बहुउददेशीय सेवा शिविर सात अक्टूबर तक जनपद के सभी विकासखंडों में संचालित रहेंगे। जनपदवासियों से अपील की गई है कि वे अपने निकटतम विकासखंड में आयोजित शिविरों में पहुंचकर विभिन्न विभागों की योजनाओं की जानकारी प्राप्त करें तथा पात्रता के अनुसार उनका लाभ उठाएं।

कंपोजिट विद्यालय में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का हुआ आयोजन



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पीलीभीत। कंपोजिट विद्यालय चंदोई में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर जिला न्यायाधीश अनु सक्सेना उपस्थित रहीं।इस अवसर पर टीएन पासवान अपर जिला जज, सतीश कुमार सिविल जज सीनियर डिवीजन, तरुण कुमार अपर सिविल जज जूनियर डिवीजन ने भी बच्चों को कानून से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी।अधिकारियों ने बच्चों को बाल अधिकार, शिक्षा का अधिकार, पॉक्सो एक्ट और हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि यदि किसी बच्चे के साथ कोई गलत व्यवहार होता है तो उसे तुरंत अपने शिक्षकों या 1098 चाइल्ड लाइन पर सूचना देनी चाहिए।विद्यालय की प्रधानाध्यापिका साजदा खातून ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में खकरा चौकी इंचार्ज सौरभ कुमार, पीएलबी तनु सिंह, रीना बी, पंकज माथुर, माजिद

मंसूरी सहित अन्य शिक्षक, अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विकास क्षेत्र मरौरी में आयोजित हुआ सांस्कृतिक एवं सम्मान समारोह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पीलीभीत। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत खंड विकास अधिकारी कार्यालय मरौरी में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख सभ्यता वर्मा ने मां शारदे की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। इसके पश्चात उच्च प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई। खंड शिक्षा अधिकारी मरौरी सुनील कुमार सिंह ने मुख्य अतिथि को बुके भेंट कर तथा प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा की शिक्षिका अंजना शुक्ला ने बैज लगाकर उनका स्वागत किया। इसी प्रकार कार्यक्रम में उपस्थित अन्य अतिथियों का भी स्वागत किया गया। प्राथमिक विद्यालय रामनगर खरौसा की छात्राओं द्वारा मनमोहक स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। इसके उपरांत प्राथमिक विद्यालय बंजरिया की छात्राओं ने खम्मा रे खम्मा रे लोकगीत प्रस्तुत कर सभी को मंत्र मुग्ध कर दिया। प्राथमिक विद्यालय सैदपुर की छात्राओं ने वंदे मातरम गीत पर मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी को देशभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। इसी क्रम में प्राथमिक विद्यालय टाह पौटा की छात्राओं ने यानी सी उम्र में ना ब्याहियो रे गीत पर शानदार प्रस्तुति देते हुए बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कार्यक्रम की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए सभी को साधुवाद दिया। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताते हुए सभी पात्र लाभार्थियों को इनका लाभ दिलाए जाने हेतु सार्थक प्रयास किए जाने की बात कही। उन्होंने विकास क्षेत्र मरौरी के विभिन्न विद्यालयों के भौतिक एवं शैक्षणिक परिवेश की सराहना करते हुए बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं शिक्षकों को इसके लिए साधुवाद दिया। उन्होंने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों की प्रतिभा को मंच प्रदान करने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास और रचनात्मकता का विकास करते हैं। खंड शिक्षा अधिकारी मरौरी श्री सुनील कुमार सिंह ने सरकार द्वारा बेसिक शिक्षा विभाग में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए सभी अभिभावकों को अपने बच्चों का परिषदीय विद्यालयों में प्रवेश कराए जाने हेतु प्रेरित किया।

कांस्य पदक विजेता सलमान को राज्यमंत्री ने सम्मानित कर दी बधाई

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील तिलोई क्षेत्र के गांव पूरे सिंगई खेरौना निवासी सलमान खान ने एशियन गेम्स में शानदार प्रदर्शन कर नौकायन प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने के बाद बुधवार को अपने पैतृक आवास पर पहुंचे इसकी सूचना मिलते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के साथ गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह ने कांस्य पदक विजेता के आवास पर पहुंचकर बधाई देते हुये सम्मानित किया है। तिलोई तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायत खैरहना के गांव पूरे सिंघई निवासी सलमान खान ने जापान के नागोया शहर में आयोजित एशियाई खेलों में भारतीय नौकायन टीम का प्रतिनिधित्व करते हुये उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। कृषक परिवार से आने वाले सलमान खान, कासिम खान एवं जबुरन्निशा के पुत्र हैं। उनकी इस सफलता से पूरे अमेठी जनपद में हर्ष का माहौल है।बुधवार को सलमान खान के कांस्य पदक जीतने के बाद अपने पैतृक आवास पर पहुंचे। गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक एवं राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह के साथ गौरीगंज के विधायक राकेश प्रताप सिंह, ब्लाक प्रमुख तिलोई के प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह सहित अन्य तमाम लोग उनके आवास पर पहुंचकर कांस्य पदक जीतने वाले सलमान खान को बधाई दी। राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने सलमान खान की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की है और कहा कि यह तिलोई विधानसभा क्षेत्र के गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि सलमान खान की उपलब्धि अमेठी के युवा खिलाड़ियों के लिये प्रेरणास्रोत है। उनकी सफलता से नौकायन खेल के प्रति युवाओं का रुझान बढ़ेगा तथा जिले की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का नया उत्साह मिलेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में अमेठी के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और भी बेहतर प्रदर्शन कर जिले का गौरव बढ़ायेंगे।इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख रमेश सिंह,सिद्धांत जैन, धर्मेन्द्र वर्मा समेत अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

पुलिस ने अवैध तमंचा के साथ युवक को भेजा जेल

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने आपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. के निर्देश पर स्थानीय पुलिस द्वारा क्षेत्र में संदिग्धों की चेकिंग एवं अपराध व अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान आपरेशन चक्रव्यूह के तहत थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान मुखबिर की सूचना पर सचिन यादव पुत्र राज नरायन यादव निवासी पूरे गोपाल दास चकदोहरी थाना मुसाफिरखाना को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा की गई तलाशी में युवक के कब्जे से एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुआ। इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

भाजपा कार्यालय पर अति-महत्वपूर्ण टोली बैठक, कार्यकर्ताओं को चुनाव की तैयारियों का दिया गया मंत्र

पीलीभीत कैनविज टाइम्स संवाददाता। आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर अति-महत्वपूर्ण टोली बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि से हुई।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रभारी हर्षवर्धन आर्य उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने की, जबकि संचालन जिला महामंत्री अनुराग अग्निहोत्री ने किया।जिला प्रभारी हर्षवर्धन आर्य ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। सभी कार्यकर्ताओं को अभी से जुट जाना है और एक टीम भावना के साथ बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करना है। उन्होंने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाकर पार्टी को फिर से विजय दिलानी है।जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य ने कहा कि पीलीभीत के भाजपा कार्यकर्ता चुनाव के लिए पूरी तरह तैयार हैं। हम कार्यकर्ताओं के परिश्रम से जनपद की सभी सीटों पर कमल खिलाएंगे।इस अवसर पर जिला महामंत्री मंगली प्रसाद वर्मा, गुरुभाग सिंह, अभिषेक सिंह गोल्डी, दिनेश पटेल, मनोज गुप्ता, आयुष मिश्रा, लेखराज भारती, सत्यपाल वर्मा, मानसिंह राठौर, दीपक सोनकर, रेखा सिंह परिहार, नागेन्द्र प्रताप सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

डिजिटल लाइब्रेरी का भव्य उद्घाटन, ग्रामीणों में उत्साह

कैनविज टाइम्स संवाददाता



अखण्डनगर/सुलतानपुर। ग्रामीण क्षेत्र के छात्रों और युवाओं को डिजिटल शिक्षा से जोड़ने के लिए एक सराहनीय पहल की गई है। विकास खंड अखण्डनगर के अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़गांव अलीमुद्दीनपुर के पंचायत भवन में नवनिर्मित डिजिटल लाइब्रेरी का भव्य उद्घाटन संपन्न हुआ। इस डिजिटल लाइब्रेरी को धरातल पर उतारने में ग्राम पंचायत सचिव सुधाकर वर्मा की मुख्य भूमिका रही। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों और ग्रामीणों ने सचिव सुधाकर वर्मा के प्रयासों की मुक्त कंठ से सराहना की। ग्रामीणों का कहना है कि अलीमुद्दीनपुर में डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना के लिए सचिव सुधाकर वर्मा ने जो अथक प्रयास और मेहनत की थी, आज उसी का परिणाम है कि गाँव को यह बड़ी सौगात मिली है। उनके इसी विजन और सक्रियता के कारण आज यह योजना सफलता के मुकाम तक पहुँच सकी है। मुख्य अतिथि भाजपा राहुल नगर मंडल महामंत्री विनोद कुमार तिवारी ने फीता काटकर लाइब्रेरी का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आज का युग डिजिटल क्रांति का है। इस लाइब्रेरी के खुलने से गाँव के बच्चों और प्रतियोगिता परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में ही आधुनिक संसाधन और अध्ययन सामग्री उपलब्ध हो सकेगी। उन्होंने इस बेहतरीन कार्य के लिए सचिव सुधाकर वर्मा के समर्पण को विशेष रूप से रेखांकित किया। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद प्रधान पति ओम प्रकाश सिंह ने भी सचिव के प्रयासों को सराहा और कहा कि पंचायत भवन में इस डिजिटल लाइब्रेरी के शुरू होने से गाँव के विकास को एक नई दिशा मिलेगी और युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इस गरिमामयी अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित नागरिक अखिलेश तिवारी, पवन तिवारी, प्रपन्न तिवारी सहित भारी संख्या में गाँव के लोग और युवा उपस्थित रहे। सभी ग्रामीणों ने सचिव सुधाकर वर्मा के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस आधुनिक पहल पर गहरी प्रसन्नता व्यक्त की।

शिक्षक स्नातक चुनाव: हरी सिंह ढिल्लों के मुख्य चुनाव कार्यालय का उद्घाटन

पीलीभीत।बरेली-मुरादाबाद खंड शिक्षक स्नातक विधान परिषद सदस्य पद हेतु भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी हरी सिंह ढिल्लों के मुख्य चुनाव कार्यालय का भव्य उद्घाटन किया गया।कार्यालय का उद्घाटन जिला प्रभारी हर्षवर्धन आर्य ने फीता काटकर किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी हरी सिंह ढिल्लों शिक्षकों और स्नातकों की आवाज को विधान परिषद में मजबूती से उठाएंगे और पार्टी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से चुनाव में जुटें।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य, राष्ट्रीय परिषद सदस्य सुरेश गंगवार, शिक्षक स्नातक चुनाव के संयोजक गुरुभाग सिंह, सह संयोजक दिनेश पटेल, अभिषेक सिंह गोल्डी, आयुष मिश्रा, मनोज गुप्ता, नागेन्द्र प्रताप, सत्यपाल वर्मा, हेमराज दिवाकर, मानसिंह राठौर सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।सभी ने एकजुट होकर भाजपा प्रत्याशी को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया। कार्यालय उद्घाटन के बाद चुनावी रणनीति को लेकर भी चर्चा की गई।

सम्पादकीय

महिला सुरक्षा का संकट

यह हमारे लोकतंत्र की विडंबना है कि कार्यपालिका की लचर कार्यशैली के चलते गाहे-बगाहे न्यायालय को उन मामलों में हस्तक्षेप करना पड़ता है, जिनका दायित्व निभाना सरकारों का काम है। वैसे कहने को तो पूरे देश में महिलाओं व बच्चों की सुरक्षा के लिये तमाम कायदे-कानून बनाए गए हैं। लेकिन जब इन कानूनों व योजनाओं को हकीकत में अमलीजामा पहनाने की बात सामने आती है तो जवाबदेही का अंतर साफ नजर आता है। हाल के दिनों में दिल्ली व राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में महिलाओं के साथ हुए दुष्कर्म के मामलों पर स्वतरू संज्ञान लेकर शीर्ष अदालत ने इस कड़वी हकीकत को उजागर कर दिया। इन मामलों में शीर्ष अदालत ने सिर्फ यही नहीं पूछा कि ये संगीन अपराध क्यों हुए, बल्कि यह भी जानना चाहा कि इन अपराधों को रोकने के लिये बनाया गया सिस्टम क्या हकीकत में कुछ काम करता है? कोर्ट का सवाल था कि क्या वास्तव में आपातकाल में मदद करने वाली हेल्पलाइन तुरंत जवाब देती है? क्या सीसीटीवी कैमरे पूरी मुस्तैदी के साथ काम कर रहे हैं? क्या महिलाओं के लिये असुरक्षित समझी जाने वाली जगहों को पहचान करके वहां पेट्रोलिंग की जाती है? क्या महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिये बने डेटाबेस, महिलाओं के लिये हेल्प डेस्क और जांच करने में मददगार ट्रैकिंग सिस्टम का कारगर तरीके से प्रयोग हो रहा है? शीर्ष अदालत का यह सवाल तार्किक है कि जब ये सिस्टम फ़ेल हो जाता है तो विफलता के लिये किसी की जवाबदेही तय की जाती है? निस्संदेह, अदालत ने तंत्र की दुखती रग पर हाथ रखा है। सही मायने में ये सवाल हर किसी को परेशान करने वाले हैं। यह हकीकत है कि देश में नये-नये सुरक्षा कार्यक्रमों की घोषणा करने, पोर्टल, हेल्पलाइन और कमेटियां बनाने में तो कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी जाती है, लेकिन सवाल यह है कि क्या किसी समस्या के निस्तारण के लिये कोई सिस्टम या मैकेनिज्म बना देना ही कर्तव्यों की इतिश्री मान लिया जाए? उल्लेखनीय है कि अक्सर आम लोगों द्वारा शिकायत की जाती रही है कि सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील सड़कों पर स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं होती, सीसीटीवी कैमरे पूरी तरह से काम नहीं कर रहे होते हैं। वहीं दूसरी ओर इस बाबत की गई शिकायतें अक्सर फाइलों में उलझकर रह जाती हैं। कहने को ऐसे अपराधों को रोकने वाला सिस्टम फाइलों में तो दर्ज होता है, लेकिन जब वास्तव में किसी व्यक्ति को इसकी जरूरत होती है, तो यह हमेशा की तरह नदारद मिलता है। ऐसे में देश की शीर्ष अदालत द्वारा सुरक्षा उपायों के ऑडिट, व्यवस्था की कमजोरियों की पहचान, किसी घटना के होने पर प्रतिक्रिया देने के समय और कार्यक्षमता के मूल्यांकन पर जोर देना, एक स्वागत योग्य कदम ही कहा जायेगा। सही मायने में ऐसे मामलों में सिर्फ पुलिस को ही जिम्मेदार नहीं ठहराया जाना चाहिए। ऐसे में सड़कों में स्ट्रीट लाइट न होने पर म्युनिसिपल एजेंसियां, ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी, प्रशासक, तकनीक उपलब्ध कराने वाले विभाग और न्याय व्यवस्था आदि सभी सुरक्षा शृंखला का हिस्सा हैं। निर्विवाद रूप से किसी भी एक स्तर पर विफलता के गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं। दिल्ली के बहुचर्चित निर्भया प्रकरण के चौदह साल बाद मिला यह सबक स्पष्ट करता है कि कानून और योजनाएं तो बस शुरुआत मात्र हैं। असली कसौटी तो उनके लागू होने में है। इस आलोक में किसी पार्क में जाने, बस में चढ़ने या घर पैदल जाने वाली किसी महिला को इस बात पर आशंकित नहीं होना चाहिए कि किसी संकट की स्थिति में सुरक्षा के लिये बना सिस्टम काम करेगा भी या नहीं। निस्संदेह, किसी भी नागरिक को सुरक्षा प्रदान करना राज्य की जिम्मेदारी है। सही मायने में यही जवाबदेही ही उस जिम्मेदारी को हकीकत बनाती है। विश्वास किया जाना चाहिए कि सुप्रीम कोर्ट के सख्त निर्देश के बाद शासन-प्रशासन महिला सुरक्षा की गंभीर चिंता को संवेदनशील ढंग से महसूस करेंगे।

शाकाहार है स्वस्थ और संतुलित दुनिया का आधार

विश्व शाकाहार दिवस पर विशेष

महात्मा गांधी के अनुसार भोजन केवल स्वाद का विषय नहीं, आत्मसंयम का भी विषय है। वे स्वाद पर नियंत्रण को जीवन-साधना का हिस्सा मानते थे। वास्तव में भोजन का उद्देश्य केवल जिह्वा को संतुष्ट करना नहीं, शरीर को स्वस्थ रखना और जीवन को संयमित बनाना होना चाहिए। आज जब स्वाद और बाजार की संस्कृति हमारे खानपान को तेजी से प्रभावित कर रही है, तब शाकाहार हमें संयम, सादगी और विवेक की ओर लौटने का अवसर देता है। शाकाहार का संबंध केवल स्वास्थ्य से नहीं, करुणा और अहिंसा से भी है। भारत की सांस्कृतिक चेतना में 'अहिंसा परमो धर्मः' की भावना ने सदियों से जीवन को दिशा दी है। भगवान महावीर ने प्रत्येक जीव में जीवन की समानता को स्वीकार करते हुए अहिंसा को धर्म का सर्वोच्च आधार बनाया। गौतम बुद्ध, महात्मा गांधी और अनेक संतों-मनीषियों ने भी करुणा और अहिंसा को मानवीय जीवन का मूल मूल्य माना। जैन दर्शन तो जीव मात्र के प्रति मैत्री और करुणा को जीवन की आधारभूमि मानता है। इसलिए शाकाहार केवल थाली में परिवर्तन नहीं, दृष्टि में परिवर्तन है-वह हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि हमारे भोजन की कीमत किसी दूसरे जीव के जीवन से तो नहीं चुकाई जा रही। शाकाहार का एक महत्वपूर्ण पक्ष पर्यावरण से जुड़ा है। पशुपालन और औद्योगिक मांस उत्पादन के लिए भूमि, जल, चारा और ऊर्जा की बड़ी मात्रा की आवश्यकता होती है।

बढ़ती बीमारियों, तनावपूर्ण जीवन और पर्यावरणीय संकटों के बीच मनुष्य को अपने खानपान पर नए सिरे से विचार करने की आवश्यकता महसूस हो रही है। जीवन की गुणवत्ता और निरोगता के लिए आहार में परिवर्तन के स्वर आज दुनिया के अनेक हिस्सों में सुनाई दे रहे हैं। इसी संदर्भ में शाकाहार केवल भोजन की एक पद्धति नहीं, बल्कि करुणा, अहिंसा, स्वास्थ्य, पर्यावरण-संरक्षण और संतुलित जीवन का व्यापक दर्शन बनकर सामने आ रहा है। प्रतिवर्ष 1 अक्टूबर को मनाया जाने वाला विश्व शाकाहार दिवस इसी जीवनशैली के प्रति जागरूकता पैदा करने का अवसर है। इस दिवस का आरंभ 1977 में नॉर्थ अमेरिकन वेजिटेरियन सोसायटी की पहल से हुआ और 1978 में इंटरनेशनल वेजिटेरियन यूनियन ने इसका समर्थन किया। इसका उद्देश्य शाकाहार से जुड़े स्वास्थ्य, पर्यावरणीय, नैतिक और मानवीय पक्षों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। आज आवश्यकता इस बात की है कि शाकाहार को किसी संकीर्ण धार्मिक या खानपान की पहचान तक सीमित न रखकर उसे स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली के रूप में समझा जाए। भोजन मनुष्य के शरीर को ही नहीं, उसके विचारों और व्यवहार को भी प्रभावित करता है। जैसा भोजन, वैसी वृत्ति और जैसी वृत्ति, वैसा जीवन-यह भारतीय चिंतन की महत्वपूर्ण धारणा रही है। शाकाहार इसी दृष्टि से शरीर और मन दोनों के लिए संतुलन का माध्यम बन सकता है। फल, सब्जियां, दालें, अनाज, मेवे, बीज और अन्य वनस्पति-आधारित खाद्य पदार्थ उचित संतुलन के साथ लिए जाएं तो वे स्वस्थ आहार का महत्वपूर्ण हिस्सा बन सकते हैं। हालांकि किसी भी आहार-पद्धति में पोषण-संतुलन आवश्यक है और व्यक्ति की उम्र, स्वास्थ्य तथा जरूरतों के अनुसार भोजन का चयन किया जाना चाहिए।

महात्मा गांधी के अनुसार भोजन केवल स्वाद का विषय नहीं, आत्मसंयम का भी विषय है। वे स्वाद पर नियंत्रण को जीवन-साधना का हिस्सा मानते थे। वास्तव में भोजन का उद्देश्य केवल जिह्वा को संतुष्ट करना नहीं, शरीर को स्वस्थ रखना और जीवन को संयमित बनाना होना चाहिए। आज जब स्वाद और बाजार की संस्कृति हमारे खानपान को तेजी से प्रभावित कर रही है, तब शाकाहार हमें संयम, सादगी और विवेक की ओर लौटने का अवसर देता है। शाकाहार का संबंध केवल स्वास्थ्य से नहीं, करुणा और अहिंसा से भी है। भारत की सांस्कृतिक चेतना में 'अहिंसा परमो धर्मः' की भावना ने सदियों से जीवन को दिशा दी है। भगवान महावीर ने प्रत्येक जीव में जीवन की समानता को स्वीकार करते हुए अहिंसा को धर्म का सर्वोच्च आधार बनाया। गौतम बुद्ध, महात्मा गांधी और अनेक संतों-मनीषियों ने भी करुणा और अहिंसा को मानवीय जीवन का मूल मूल्य माना। जैन दर्शन तो जीव मात्र के प्रति मैत्री और करुणा को जीवन की आधारभूमि मानता है। इसलिए शाकाहार केवल थाली में परिवर्तन नहीं, दृष्टि में परिवर्तन है-वह हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करता है कि हमारे भोजन की कीमत किसी दूसरे जीव के जीवन से तो नहीं चुकाई जा रही। शाकाहार का एक महत्वपूर्ण पक्ष पर्यावरण से जुड़ा है। पशुपालन और औद्योगिक मांस उत्पादन के लिए भूमि, जल, चारा और ऊर्जा की बड़ी मात्रा की आवश्यकता होती है। पशुधन से जुड़ी गतिविधियां ग्रीनहाउस गैसों, जल उपयोग और भूमि पर दबाव जैसे पर्यावरणीय प्रश्नों से भी जुड़ी हैं। ऐसे समय में जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, जल-संकट, भूमि क्षरण और जैव-विविधता के संकट से जूझ रही है, टिकाऊ और संतुलित खाद्य प्रणालियों पर विचार करना जरूरी हो गया है। इस दृष्टि से पौध-आधारित भोजन की ओर बढ़ता रुझान पर्यावरणीय विमर्श का भी हिस्सा बन रहा है। शाकाहार का अर्थ केवल मांसाहार का त्याग नहीं है। इसका अर्थ भोजन के प्रति सजगता है। विश्व के अनेक देशों में पौध-आधारित भोजन के प्रति रुचि बढ़ी है। कभी मांसाहार को आधुनिकता और समृद्धि का प्रतीक मानने वाले समाजों में भी अब स्वास्थ्य, पर्यावरण और पशु-कल्याण के प्रश्नों पर नए सिरे से विचार हो रहा है। अनेक वैज्ञानिक, लेखक, दार्शनिक और सामाजिक चिंतक अपने जीवन में शाकाहार का समर्थन करते रहे हैं। लियोनार्डो दा विंची, लियो टॉल्स्टॉय, जॉर्ज बर्नार्ड शॉ और महात्मा गांधी जैसे व्यक्तित्वों के जीवन और विचार शाकाहार तथा करुणा के प्रश्न से जुड़े रहे हैं। यह परिवर्तन बताता है कि भोजन के संबंध में दुनिया की सोच स्थिर नहीं है, अनुभव, विज्ञान और बदलती परिस्थितियां उसे लगातार प्रभावित करती हैं। भारत के लिए यह विषय और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमारी कृषि-संस्कृति, आध्यात्मिक परंपरा और अहिंसा-दर्शन में शाकाहार की गहरी जड़ें हैं। भारतीय समाज में दाल, अनाज, सब्जियां, फल, दूध, दही, घी, मेवे और अनेक वनस्पति-आधारित खाद्य पदार्थ सदियों से भोजन का हिस्सा रहे हैं। आयुर्वेद ने भी भोजन को शरीर, प्रकृति और जीवनशैली के अनुरूप रखने पर जोर दिया है। इसलिए शाकाहार भारत के लिए कोई नया फैशन नहीं, बल्कि अपनी जीवन-परंपरा को आधुनिक वैज्ञानिक समझ के साथ पुनर्जीवित करने का अवसर है। विशेष चिंता इस बात की है कि आधुनिकता और फैशन के नाम पर नई पीढ़ी में खानपान की ऐसी प्रवृत्तियां बढ़ रही हैं जिनमें स्वाद और दिखावे को स्वास्थ्य एवं संवेदना से अधिक महत्व मिलता है। युवाओं के लिए शाकाहार को केवल परंपरा या धार्मिक आग्रह के रूप में प्रस्तुत करने के बजाय विज्ञान, स्वास्थ्य, पर्यावरण और मानवीय मूल्यों से जोड़कर समझाना होगा। यदि युवा यह समझें कि उनकी थाली का संबंध उनके स्वास्थ्य के साथ-साथ पृथ्वी के स्वास्थ्य और जीव-जगत के प्रति उनके दृष्टिकोण से भी है, तो शाकाहार उनके लिए बोझ नहीं, जागरूक जीवन का विकल्प बन सकता है। जैन धर्म शाकाहार की इस चेतना की सबसे प्राचीन और गहरी आधारभूमियों में से एक है। जैन दर्शन का 'जीओ और जीने दो' का संदेश केवल धार्मिक उपदेश नहीं, बल्कि जीवन के प्रति अत्यंत संवेदनशील दृष्टि है। आज जब दुनिया हिंसा, युद्ध, तनाव और असहिष्णुता से जूझ रही है, तब भोजन में अहिंसा की भावना को जीवन के व्यापक आचरण से जोड़ना जरूरी है। शाकाहार का संबंध आर्थिक संतुलन से भी जोड़ा जा सकता है। कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में यदि पौध-आधारित खाद्य पदार्थों की मांग बढ़ती है तो स्थानीय कृषि, बागवानी, दालों, अनाजों, फल-सब्जियों और पोषणयुक्त खाद्य पदार्थों के उत्पादन को प्रोत्साहन मिल सकता है। साथ ही खाद्य सुरक्षा, जल-संरक्षण और टिकाऊ कृषि जैसे विषयों पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। हालांकि इन प्रश्नों का समाधान केवल शाकाहार से संभव नहीं है, इसके लिए वैज्ञानिक कृषि, बेहतर खाद्य-वितरण, जल प्रबंधन और संतुलित सार्वजनिक नीतियों की भी आवश्यकता है। भारत जब विकसित भारत-2047 के लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है, तब विकास का अर्थ केवल आर्थिक समृद्धि नहीं हो सकता। स्वस्थ नागरिक, संतुलित परिवार, स्वच्छ पर्यावरण, करुणामय समाज और नैतिक जीवन भी विकास के महत्वपूर्ण मानदंड हैं। शाकाहार इन सभी आयामों को एक सूत्र में जोड़ने वाली जीवन-पद्धति के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। इसलिए विश्व शाकाहार दिवस केवल एक दिन का आयोजन न बनकर भोजन और जीवन के प्रति आत्ममंथन का अवसर बने। आज जरूरत किसी पर अपनी खानपान की पद्धति थोपने की नहीं, बल्कि जागरूकता का ऐसा सकारात्मक वातावरण बनाने की है जिसमें व्यक्ति स्वास्थ्य, पर्यावरण, करुणा और नैतिकता के आधार पर अपने भोजन का विवेकपूर्ण चयन कर सके। स्कूलों में संतुलित भोजन की शिक्षा, परिवारों में स्वस्थ खानपान की आदत, युवाओं में पोषण और पर्यावरण के प्रति जागरूकता तथा समाज में जीव-दया की भावना-ये सभी मिलकर शाकाहार को एक व्यापक जनचेतना बना सकते हैं। विश्व शाकाहार दिवस हमें याद दिलाता है कि हमारी थाली केवल हमारी पसंद का विषय नहीं, बल्कि हमारे स्वास्थ्य, प्रकृति और संवेदना से भी जुड़ी हुई है। यदि भोजन में करुणा आएगी तो व्यवहार में भी करुणा का विस्तार होगा, यदि जीवन में संयम आएगा तो संसाधनों के प्रति जिम्मेदारी बढ़ेगी और यदि अहिंसा हमारे आहार से आचरण तक पहुंचेगी तो समाज में शांति की संभावनाएं मजबूत होंगी। शाकाहार इसलिए केवल भोजन बदलने का नाम नहीं, बल्कि जीवन-दृष्टि को अधिक संवेदनशील, संतुलित और मानवीय बनाने की दिशा में एक कदम है। यही विश्व शाकाहार दिवस का वास्तविक संदेश और समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। - ललित गर्ग

लाल बहादुर शास्त्री : श्रम, धीरज और देशप्रेम ही जिनकी पूंजी थी

अंजनी सक्सेना

गरीबी में ही उनका बचपन बीता। कहा जाता है कि गांव आते-जाते समय गंगा पार करने के लिए कई बार पैसे न होने पर वे तैरकर नदी पार कर लेते थे। जो गरीबी में तपता है, वही खरा सोना बनता है, शास्त्री जी इसका प्रमाण थे। पढ़ाई के बाद उन्होंने काशी में अध्यापन किया।

हमारे देश ने एक से बढ़कर एक राजा, संत और देशसेवक देखे हैं। स्वतंत्र भारत के ऐसे ही एक सेवक थे लाल बहादुर शास्त्री, जिन्हें देश का 'लाल' कहा गया। देश के प्रधानमंत्री के रूप में वे केवल 18 महीने काम कर सके। 9 जून 1964 को उन्होंने पदभार संभाला, तब देश दोहरे संकट से गुजर रहा था - भीतर अन्न संकट और सीमा पर पाकिस्तान के हमले। तब उन्होंने कहा था, ''कठिनाइयां हमारे सामने हैं, इनसे भागना कायरता होगी। मैं देश का कार्यभार एक सिपाही की तरह संभालूंगा।'' उनका यही भाव अंत तक रहा। शास्त्री जी का जन्म 2 अक्टूबर 1904 को मुगलसराय में हुआ था। पिता शारदा प्रसाद श्रीवास्तव साधारण कायस्थ परिवार के शिक्षक थे, बाद में राजस्व विभाग में लिपिक रहे। परिवार संपन्न नहीं था, पर संस्कार और सादगी में धनी था। गरीबी में ही उनका बचपन बीता। कहा जाता है कि गांव आते-जाते समय गंगा पार करने के लिए कई बार पैसे न होने पर वे तैरकर नदी पार कर लेते थे। जो गरीबी में तपता है, वही खरा सोना बनता है, शास्त्री जी इसका प्रमाण थे। पढ़ाई के बाद उन्होंने काशी में अध्यापन किया। रोज छह-सात मील पैदल चलकर कॉलेज जाना उनके परिश्रम का प्रमाण था। यहीं से वे स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़े और कई बार जेल गए। 1927 में ललिता जी से उनका विवाह हुआ। ललिता जी धर्मपरायण महिला थीं और दहेज में चरखा और खादी का कपड़ा लाई थीं। शास्त्री जी का अधिकांश राजनीतिक जीवन इलाहाबाद में बीता। पंडित जवाहरलाल नेहरू और मोतीलाल नेहरू के सान्निध्य में उन्होंने जिला कांग्रेस के महासचिव के रूप में 1930 से 1936 तक काम किया। एक साधारण कार्यकर्ता से चलकर प्रधानमंत्री के सर्वोच्च पद तक पहुंचना उनकी साधना का परिणाम था। किसी व्यक्ति की ऊंचाई इस बात से नहीं आंकी जाती कि वह कितना ऊंचा है, बल्कि इस बात से कि वह कहां से चला और कहां तक पहुंचा। शारीरिक कद में छोटे शास्त्री जी का राजनीतिक कद बहुत ऊंचा था। वे सहज, सरल, मिलनसार और निराभिमानी थे। प्रधानमंत्री रहते हुए जब अन्न संकट आया तो भारत को अमेरिका से गेहूं मंगाना पड़ा। उन्होंने 'जय जवान, जय किसान' का नारा दिया, जो आज भी देश का संबल है। पाकिस्तान ने जब युद्ध थोपा तो शास्त्री जी ने दृढ़ नेतृत्व दिया। युद्ध में भारत बढ़त पर था, पर अंतरराष्ट्रीय दबाव में ताशकंद समझौता करना पड़ा। 10 जनवरी 1966 को समझौते पर हस्ताक्षर के कुछ घंटे बाद, 11 जनवरी 1966 को तड़के ताशकंद में ही उनका निधन हो गया। शास्त्री जी के पास न अपना घर था, न जमीन-जायदाद। प्रधानमंत्री बनने पर भी वे उसी बंगले में रहे जो सांसद के रूप में मिला था। उनका निजी कमरा 12ग18 फीट का साधारण कमरा था, जिसमें एक तख्त, खादी की चादर, एक तिपाई, गांधी जी की तस्वीर और तिरुपति बालाजी की मूर्ति थी। एक बार दौरे से लौटने पर बेटी ने कमरे में एयर कंडीशनर लगवा दिया था, तो वे नाराज हुए और उसे तुरंत हटवा दिया। उनका कहना था कि जब करोड़ों देशवासियों के पास सिर छिपाने को घर और पेट भरने को अन्न नहीं, तो प्रधानमंत्री को यह सुख कैसे शोभा देता है। अन्न संकट के दिनों में उन्होंने स्वयं सोमवार को उपवास किया और देश से भी अपील की। उन्होंने प्रधानमंत्री निवास में खुद हल चलाकर गेहूं बोया और नागरिकों को अन्न बचाने की प्रेरणा दी। सादा जीवन, श्रम, धीरज और देशप्रेम ही उनकी पूंजी थी। इसीलिए वे आज भी अमर हैं।

सेहत मंत्र

मुट्ठीभर भीगे चने दूर करेंगे यूरीन प्रॉब्लम, कई और फायदे

काले चने, बादाम जैसे महंगे ड्राइफ्रूट्स से भी ज्यादा फायदेमंद होते हैं। इसमें प्रोटीन, फाइबर, मिनरल, विटामिन और आयरन भरपूर मात्रा में होता है जो प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाने में मददगार है। सुबह खाली पेट भीगे हुए चने खाने से कई तरह की हेल्थ प्रॉबल्मस से छुटकारा पाना आसान हो जाता है। जानें किस तरीके से खाएं भीगे हुए चने। चने खाने का सही तरीका- मुट्ठी भर चने तो मिट्टी या चीनी के बर्तन में डालकर भिगोएं। रात भर इन्हें इसी तरह रखें और सुबह खाली इन्हें पानी से निकाल कर चबा-चबा कर खाएं। 1. कब्ज से राहत- भीगे हुए चने में ढेर सारे फाइबर्स होते हैं जो पाचन क्रिया दुरुस्त करके पेट साफ करने में मददगार है। इसे खाने से कब्ज जैसी परेशानी आसानी से दूर हो जाती है। 2. भरपूर एनर्जी-यह एनर्जी का बहुत अच्छा स्त्रोत है। रोजाना इसका सेवन करने से शारीरिक कमजोरी दूर होने लगती है। 3. मर्दानगी बढ़ाए- वैसे तो भीगे चने कोई भी खा सकता है लेकिन पुरुषों के लिए यह ज्यादा फायदेमंद हैं। 1 चम्मच शक्कर के साथ मुट्ठी भर भीगे चने खाने से मर्दानगी संबंधी कमजोरी दूर होती है। 4. फर्टिलिटी में सुधार- सुबह भीगे हुए चने के साथ शहद का सेवन करने से फर्टिलिटी में सुधार होता है। 5. यूरिन प्रॉब्लम दूर- बार-बार यूरिन जाने की परेशानी होती है तो भीगे चने के साथ गुड़ का सेवन करने से फायदा मिलता है। 6. वजन बढ़ाए- बॉडी मास में सुधार लाना चाहते हैं तो भीगे चने का सेवन बेस्ट है। इसे रोजाना खाने से मसल्स स्ट्रांग होने लगती हैं। 7. किडनी की बीमारियां दूर- जिन लोगों को किडनी से जुड़ी परेशानियां है उनके लिए चने का सेवन बहुत फायदेमंद है। चने किडनी से एकस्ट्रा साल्ट निकालने में मददगार है। जिससे किडनी स्वस्थ रहती है। 8. सर्दी-जुकाम से बचाव-इसे खाने से प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है जिससे सर्दी-जुकाम जैसी छोटी-मोटी परेशानियों से बचाव रहती है।

धर्म मंत्र

काशी के पिशाच मोचन कुंड पर त्रिपिंडी श्राद्ध करने से पितरों को मिलती है व्याधियों से मुक्ति

काशी को मोक्ष की नगरी कही जाती है। ऐसी मान्यता है कि यहीं से भगवान शिव ने सृष्टि रचना का प्रारम्भ किया था । कहते हैं यहां जो इंसान अंतिम सांस लेता है उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है इसीलिए कई लोग अपने अंतिम समय में काशी में ही आकर बस जाते हैं। मोक्ष नगरी काशी में चेतगंज थाने के पास पिशाच मोचन कुंड है। ऐसी मान्यता है कि यहां त्रिपिंडी श्राद्ध करने से पितरों को प्रेत बाधा और अकाल मृत्यु से मरने के बाद व्याधियों से मुक्ति मिल जाती है। इसीलिये पितृ पक्ष के दिनों पिशाच मोचन कुंड पर लोगों की भारी भीड़ उमड़ती है। श्राद्ध की इस विधि और पिशाच मोचन तीर्थस्थली का वर्णन गरुण पुराण में भी मिलता है। **देश में सिर्फ इस कुंड पर ही होता है त्रिपिंडी श्राद्ध-** भारत में सिर्फ पिशाच मोचन कुंड पर ही त्रिपिंडी श्राद्ध होता है, जो पितरों को प्रेत बाधा और अकाल मृत्यु की बाधाओं से मुक्ति दिलाता है। इस कुंड के बारे में गरुड़ पुराण में भी बताया गया है। काशी खंड की मान्यता के अनुसार पिशाच मोचन मोक्ष तीर्थ स्थल की उत्पत्ति गंगा के धरती पर आने से भी पहले से है। **हजारों साल पुराना है कुंड-** वाराणसी के पिशाच मोचन कुंड में ये मान्यता है कि हजार साल पुराने इस कुंड किनारे बैठ कर अपने पितरों जिनकी आत्माए असंतुष्ट हैं उनके लिए यहा पितृ पक्ष में आकर कर्म कांडी ब्राम्हण से पूजा करवाने से मृतक को प्रेत योनियों से मुक्ति मिल जाती है। **पीपल के पेड़ पर बैठती हैं आत्माएं-** मान्यता के अनुसार यहां कुंड़ के पास एक पीपल का पेड़ है जिसको लेकर मान्यता है कि इस पर अतृप्त आत्माओं को बैठाया जाता है।

पर्यटन



थाईलैंड में सबसे ज्यादा घूमना पसंद करते हैं भारतीय

लॉग वीकेंड हो या एक-दो दिन की छुट्टी ज्यादातर भारतीय विदेशी कंट्री में जाना ही पसंद करते है खासकर थाईलैंड। भारत में खूबसूरत ट्रैवलिंग प्लेस होने के बावजूद भी भारतीयों को सबसे अधिक थाईलैंड पसंद आता है। आज हम आपको बताएंगे की आखिर क्यों भारत के लोगों को थाईलैंड जाना इतना अच्छा लगता है। 1. थाईलैंड की दूरी है कम- ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका, यूके और यूरोप के मुकाबले थाईलैंड भारतीय लोगों को ज्यादा पास पड़ता है। इतना ही नहीं, भारतीय लोगों को थाईलैंड का ट्रिप सस्ता भी पड़ता है और वह आराम से यहां सफर कर पाते हैं। 2. सेल्फीज के लिए है बेस्ट जगह- अन्य देश के लोगों के मुकाबले भारतीय सेल्फीज लेने के ज्यादा शौकीन होते हैं। ऐसे में थाईलैंड की प्लेस सेल्फीज के लिए बेस्ट ऑप्शन है। यहां के खूबसूरत बीचों के अलावा ऐसी बहुत-सी जगहें है जहां सेल्फी बहुत अच्छी आती हैं। 3. छुट्टी के लिए बेस्ट ऑप्शन- थाईलैंड में ऐसी कई जगहें है जहां आप अपनी छुट्टियों का भरपूर मजा ले सकते हैं। यहां रोमांचक प्लेस, नाइटलाइफ, मनोरंजन, कला और संस्कृति का खजाना है, जोकि छुट्टियों को मजेदार बना देते हैं। चारो ओर से कई खूबसूरत नजारें और बीचेस से घिरे इस शहर में घूमने के लिए भारतीय बार-बार आते हैं। 4. थाईलैंड के समुद्री बीच- देखा जाए तो भारत की ज्यादातर ट्रैवलिंग स्टेट्स में बीच नहीं है, जिसके कारण लोगों को गोवा जाना पड़ता है। मगर थाईलैंड में बीचेस की इतनी ऑप्शन है कि लोग बार-बार जाकर भी बोर नहीं होते। भारतीय लोगों के लिए विदेशी शहर में थाईलैंड सबसे अच्छा विकल्प माना जाता है। 5. थाई मसाज और 4डी मूवी को करें एंजॉय-थाई मसाज और 4डी मूवी थिएटर के कारण भी थाईलैंड भारतीय की लिस्ट में सबसे ऊपर है। यहां की थाई मसाज लेकर वह अपनी सारी थकान भूल जाते हैं। इतना ही नहीं, यहां के शानदार थिएटर्स में फिल्म देखने का भी अपना ही मजा है।

यथा नाम तथा गुण! डीएम ईशान ने निभाई राखी की लाज

रक्षाबंधन पर बहनों ने बांधी थी उम्मीदों की राखी, भाई ने वादे को सौगात में बदला; केजीबीवी की बेटियों को मिली पाँच स्मार्ट क्लास

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। सरकारी दफ्तरों में फाइलें चलती हैं, आदेश जारी होते हैं और योजनाएं बनती हैं। लेकिन कभी-कभी प्रशासन की कहानी आंकड़ों और आदेशों से आगे निकलकर इंसानी रिश्तों की कहानी बन जाती है। बाराबंकी में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की बेटियों और जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के बीच बना एक ऐसा ही रिश्ता इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है।रक्षाबंधन के दिन विद्यालय की नन्हीं छात्राओं ने जिलाधिकारी की कलाई पर राखी बांधी थी। उस समय वहां मौजूद लोगों के लिए वह एक सामान्य कार्यक्रम रहा होगा, लेकिन उन मासूम बेटियों के लिए वह अपने ''भैया'' से भविष्य मांगने का अवसर था। राखी बांधते समय उन्होंने एक छोटी-सी इच्छा जताई थी ''भैया, हमें भी स्मार्ट क्लास चाहिए, ताकि हम भी आधुनिक तरीके से पढ़ सकें।''बेटियों की आंखों में उम्मीद थी और जिलाधिकारी के शब्दों में आश्वासन। उस दिन दिया गया यह वचन समय के साथ किसी फाइल में दबा नहीं,



बल्कि एक संकल्प बन गया। आज वही संकल्प हकीकत बनकर बेटियों के सामने खड़ा है।जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह के प्रयासों से जनपद के चार कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में कुल पाँच स्मार्ट क्लास स्थापित कराई गई हैं। इनमें मसौली में दो, जबकि देवा, सिरौलीगौसपुर और फतेहपुर में एक-एक स्मार्ट क्लास की स्थापना की गई है। यह कार्य बैंक ऑफ महाराष्ट्र के सीएसआर फंड के सहयोग से संभव हो सका है।

जब सपनों और संसाधनों के बीच की दूरी कम हुई कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय केवल स्कूल नहीं हैं। ये उन बेटियों के लिए अवसर के द्वार हैं, जो आर्थिक, सामाजिक या भौगोलिक कारणों से अक्सर संसाधनों से दूर रह जाती हैं। ग्रामीण परिवेश से आने वाली इन छात्राओं के लिए आधुनिक तकनीक तक पहुंच पहले आसान नहीं थी।आज जब शिक्षा तेजी से डिजिटल हो रही है, तब स्मार्ट क्लास केवल एक उपकरण नहीं, बल्कि अवसरों की समानता का माध्यम बन चुकी है। अब ये बेटियां भी विज्ञान के प्रयोगों को स्क्रीन पर देख सकेंगी, गणित के जटिल प्रश्नों को एनीमेशन के माध्यम से समझ सकेंगी और दुनिया भर की शैक्षिक सामग्री तक अपनी पहुंच बना सकेंगी।जो ज्ञान कभी केवल किताबों के पन्नों तक सीमित था, वह अब चित्रों, ध्वनियों और तकनीक के माध्यम से उनके सामने जीवंत होकर उपस्थित होगा।

ब्लैकबोर्ड से आगे बढ़कर डिजिटल भविष्य की ओर

शिक्षा विशेषज्ञ मानते हैं कि बच्चों की सीखने की क्षमता तब अधिक विकसित होती है जब विषय को देखा, सुना और अनुभव किया जाए। स्मार्ट क्लास उसी सोच का विस्तार हैं।अब कक्षा में केवल शिक्षक ही नहीं पढ़ाएंगे, बल्कि डिजिटल सामग्री, वीडियो, ग्राफिक्स और इंटरैक्टिव माध्यम भी सीखने की प्रक्रिया का हिस्सा होंगे। इससे छात्राओं की जिज्ञासा बढ़ेगी, विषयों को समझना आसान होगा और शिक्षा अधिक रोचक बन सकेगी।ग्रामीण क्षेत्र की इन बेटियों के लिए यह सुविधा केवल तकनीक का प्रयोग नहीं, बल्कि आत्मविश्वास का नया आधार है। यह संदेश भी है कि प्रतिभा किसी शहर या गांव की मोहताज नहीं होती, उसे केवल अवसर चाहिए।

सिर्फ स्मार्ट क्लास नहीं, स्मार्ट वातावरण भी

जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि उनका उद्देश्य केवल स्मार्ट क्लास स्थापित करना नहीं है, बल्कि केजीबीवी विद्यालयों को बेहतर शैक्षिक और आवासीय वातावरण प्रदान करना भी है। विद्यालय परिसरों में स्वच्छ पेयजल, शौचालय, मार्ग और अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने पर भी कार्य किया जा रहा है। प्रशासन का प्रयास है कि छात्राओं को ऐसा वातावरण मिले जहां वे स्वयं को सुरक्षित, सम्मानित और प्रेरित महसूस करें। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा होता है जब विद्यालय केवल पढ़ाई का केंद्र न होकर व्यक्तित्व निर्माण का केंद्र भी बने।

एक अधिकारी नहीं, एक संवेदनशील भाई

जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह ने कहा कि बालिकाओं को गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने कहा कि रक्षाबंधन पर छात्राओं ने जो अपेक्षा व्यक्त की थी, उसे पूरा कर उन्हें आत्मिक संतोष मिला है।दरअसल, प्रशासनिक पदों की सबसे बड़ी शक्ति अधिकार नहीं, बल्कि संवेदनशीलता होती है। जब कोई अधिकारी बच्चों की आंखों में छिपे सपनों को पहचान लेता है, तभी योजनाएं जमीन पर प्रभाव छोड़ती हैं।

राखी का असली सम्मान

भारतीय संस्कृति में रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, बल्कि विश्वास का उत्सव है। बहन अपने भाई की कलाई पर रक्षा का धागा बांधती है और भाई उसकी खुशियों, सम्मान और भविष्य की रक्षा का संकल्प लेता है।बाराबंकी की इन बेटियों ने भी विश्वास का वही धागा जिलाधिकारी की कलाई पर बांधा था। फर्क सिर्फ इतना था कि उन्होंने सुरक्षा नहीं, शिक्षा मांगी थी। उन्होंने उपहार नहीं, अवसर मांगा था। उन्होंने मिठाई नहीं, अपने सपनों को उड़ान देने का माध्यम मांगा था।आज जब उन विद्यालयों में स्मार्ट क्लास स्थापित हो चुकी हैं, तो यह केवल एक प्रशासनिक उपलब्धि नहीं है। यह उस विश्वास की जीत है जो बेटियों ने अपने ''भैया'' पर किया था।सचमुच, कुछ उपहार हाथों में नहीं, भविष्य में दिए जाते हैं। बाराबंकी की इन बेटियों को मिला यह उपहार भी ऐसा ही है। सरकारी अभिलेखों में यह पाँच स्मार्ट क्लास की स्थापना होगी, लेकिन इन बच्चियों के जीवन में यह उनके सपनों की नई खिड़की है। रक्षाबंधन पर बंधा एक धागा आज डिजिटल शिक्षा की रोशनी बनकर सैकड़ों बेटियों के भविष्य को प्रकाशित कर रहा है।और शायद यही किसी भी लोकसेवक की सबसे बड़ी सफलता होती है जब उसके फैसले फाइलों से निकलकर लोगों की मुस्कान बन जाएं।

वीबी जी राम जी योजना में पारदर्शिता पर सवालः पंचायत का नाम है, गांव का पता नहीं – तो सत्यापन कैसे करे आम आदमी?

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा, बाराबंकी। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी वीबी जी राम जी योजना* में पारदर्शिता के दावे की हवा पोर्टल पर ही निकलती दिख रही है। सरकार ने श्रमिकों की ऑनलाइन हाजिरी और कार्यों का विवरण सार्वजनिक किया ताकि आम ग्रामीण निगरानी कर सके, लेकिन हकीकत में ग्रामीण खुद ही भ्रम में है - काम हो कहाँ रहा है?

पंचायत का नाम, पर गांव गायब!

एक ग्राम पंचायत में 4 से 5 गांव और दर्जनों मजरे होते हैं। पोर्टल पर सिर्फ ग्राम पंचायत का नाम और 25 मजदूरों की हाजिरी दिखा दी जाती है। अब ग्रामीण बेचारा पूरे पंचायत में ढूंढता फिरे कि जेसीबी कहाँ चल रही है, मिट्टी कहाँ खुद रही है?

जब तक गांव-मजरे और कार्यस्थल का स्पष्ट पता नहीं होगा, तब तक ऑनलाइन संख्या और मौके पर मौजूद मजदूरों का मिलान कैसे होगा? यह पारदर्शिता है या आंकड़ों का जाल?

रात 9 बजे लग रही हाजिरी, दिन में कहां थे मजदूर?

देर रात तक चढ़ रही ऑनलाइन हाजिरी, नेटवर्क के नाम पर खेल?

इससे भी बड़ा खेल हाजिरी के समय का है। कई पंचायतों में सुबह की हाजिरी देर शाम या रात 9-10 बजे तक पोर्टल पर अपलोड होती दिख रही है। जवाब तैयार है - नेटवर्क नहीं था।

लेकिन हकीकत में स्थलीय पड़ताल में कई जगह नेटवर्क फुल मिला, फिर भी हाजिरी रात में चढ़ी। सवाल उठता है - यदि नेटवर्क था तो हाजिरी में देरी क्यों? क्या दिन में काम हुआ ही नहीं और रात में घर बैठे हाजिरी भर दी गई?

यदि हाजिरी वास्तविक समय से घंटों बाद दिखेगी तो आम नागरिक उसी वक्त मौके पर जाकर गिनती कैसे करेगा? देर से अपलोड होना अपने आप में फर्जीवाड़े का सबूत नहीं, लेकिन सिस्टम का लॉग, हाजिरी का असली टाइम स्टैम्प और नेटवर्क रिकॉर्ड सार्वजनिक होना चाहिए।

अधिकारी खुद कैसे करेंगे औचक निरीक्षण?

यह परेशानी सिर्फ ग्रामीण की नहीं है। यदि किसी अधिकारी को औचक निरीक्षण करना हो तो वह भी पंचायत का नाम देखकर किस गांव में जाएगा? गांव, मजरा और खेत का स्पष्ट ब्यौरा नहीं होगा तो निरीक्षण भी कागजों में ही होगा।

मांग सीधी है -

1. पोर्टल पर ग्राम पंचायत के साथ गांव/मजरा और कार्यस्थल का स्पष्ट नाम लिखा जाए।

2. हाजिरी दर्ज करने का वास्तविक समय और पोर्टल पर अपलोड होने का समय दोनों दिखाया जाए।

3. नेटवर्क फ़ेल होने का तकनीकी लॉग भी सार्वजनिक हो। यह किसी कर्मचारी पर आरोप नहीं, व्यवस्था पर सवाल है। जब सरकार ने सब कुछ ऑनलाइन कर दिया है तो आधा सच क्यों? पूरा सच दिखाइए ताकि VB G RAM G योजना सच में पारदर्शी बने, सिर्फ पोर्टल पर नहीं, जमीन पर भी।

जिम्मेदारों की उपेक्षा ,बदहाल अंबेडकर सामुदायिक केंद्र



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिद्धौर, बाराबंकी। विकासखंड सिद्धौर की ग्राम पंचायत मिर्जापुर में ग्रामीणों की सुविधा के लिए लाखों रुपये की लागत से बनाया गया डॉ. अंबेडकर सामुदायिक केंद्र देखरेख के अभाव में बदहाल हो गया है। भवन की बाउंड्री क्षतिग्रस्त है, जबकि एक कमरे में भूसा भरा हुआ है। इससे सामुदायिक केंद्र का उपयोग ग्रामीणों के लिए नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस उद्देश्य से भवन का निर्माण कराया गया था, वह उद्देश्य ही प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से क्षतिग्रस्त बाउंड्री की मरम्मत कराने, भवन की साफ-सफाई और आवश्यक रखरखाव कराने तथा कमरे में भरा भूसा हटवाकर भवन को उपयोग योग्य बनाने की मांग की है।

लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर भीषण हादसा, दो युवकों की मौत, तीसरा गंभीर

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। नगर कोतवाली क्षेत्र में लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर आलापुर पुल के पास बुधवार देर रात करीब 11 बजे तेज रफ्तार क्रेटा कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर जा गिरे। इसी दौरान पीछे से आए अज्ञात वाहन ने सड़क पर गिरे युवकों में से एक को कुचल दिया। हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि तीसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का लखनऊ में इलाज चल रहा है।

रामसनेहीघाट कोतवाली क्षेत्र के बाजूपुरवा गांव निवासी श्रवण (38), धर्मराज (32) और अमित (30) टेंट लगाने का काम करते थे। बुधवार देर रात तीनों लखनऊ में काम पूरा करने के बाद एक ही बाइक से घर लौट रहे थे। रात करीब 11 बजे उनकी बाइक नगर कोतवाली क्षेत्र में आलापुर पुल के पास हुंडई कार शोरूम के सामने पहुंची, तभी लखनऊ की ओर जा रही क्रेटा कार संख्या यूपी 41 एवाई 7626 ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर जा गिरे। बाइक क्रेटा कार के अगले हिस्से में फंस गई और करीब 200 मीटर तक घिसटती चली गई। इसी दौरान पीछे से आए अज्ञात वाहन ने सड़क पर पड़े बाइक सवारों में से एक को कुचल दिया और मौके से निकल गया।

हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने श्रवण और धर्मराज को मृत घोषित कर दिया। वहीं अमित की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद लखनऊ मेडिकल कॉलेज/ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि उसका लखनऊ में इलाज चल रहा है।

पुलिस ने दोनों मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। हादसे में शामिल क्रेटा कार के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है। वहीं सड़क पर गिरे बाइक सवार को कुचलकर फरार हुए अज्ञात वाहन की पहचान के लिए भी पुलिस जांच कर रही है। घटना से मृतकों के परिवारों में कोहराम मचा हुआ है।

गांधी जयंती पर जिले में होंगे विविध कार्यक्रम

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती 2 अक्टूबर को जिले में स्वच्छता, सेवा, जनकल्याण और सामाजिक समरसता से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सुबह सात बजे जेबा पार्क में बच्चों की पांच किलोमीटर पैदल तेज चाल प्रतियोगिता होगी। सुबह नौ बजे सभी सरकारी भवनों पर ध्वजारोहण के बाद गांधी जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। इसके बाद कलेक्ट्रेट के लोक सभागार में सुबह 9:30 बजे गोष्ठी आयोजित होगी। गांधी उद्यान, रसूलपुर और गन्ना संस्थान में गांधी जी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया जाएगा। गांधी भवन में स्वच्छता अभियान चलाने के साथ कुष्ठ रोगियों को फल व मिष्ठान वितरित किया जाएगा। गांधी नगर की मलिन बस्ती में स्वास्थ्य शिविर और राजकीय इंटर कॉलेज में पौधरोपण कार्यक्रम होगा। जिला कारागार में बंदियों के लिए ध्यान, योग सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। तहसीलों, विकासखंडों और नगर निकायों में भी स्वच्छता एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रम होंगे। जिले में 1 अक्टूबर की रात 10 बजे से 3 अक्टूबर की सुबह 10 बजे तक पूर्ण मद्य निषेध लागू रहेगा।

दशहरा मेला और दुर्गा पूजा को लेकर पीस कमेटी की बैठक

सिद्धौर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कस्बा में गुरुवार को थाना असंदरा की पुलिस चौकी सिद्धौर में दशहरा मेला और दुर्गा पूजा को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थानाध्यक्ष अनिल सिंह ने की। उन्होंने कहा कि मेले के दौरान चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहेगा और अराजक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि रामबरात, शोभायात्रा और विसर्जन कार्यक्रम की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। पुलिस ने लोगों से किसी भी अप्रिय घटना या संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस अधिकारियों को देने की अपील की। बैठक में सिद्धौर चौकी प्रभारी गौरव सिंह, चेयरमैन प्रतिनिधि लल्लू रावत, सत्यनाम सिंह वर्मा, डॉ. राजेंद्र वर्मा, महंत अनिल पुरी, राम प्रसाद वर्मा, अनुज नाग, रामचंद्र सहित दशहरा मेला कमेटी के पदाधिकारी और क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।

किसान पथ पर ट्रक के केबिन में लगी आग, चालक ने कूदकर बचाई जान

निंदूरा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। कुर्सी थाना क्षेत्र के जबरीखुर्द गांव के पास बुधवार सुबह किसान पथ किनारे खड़े ट्रक के केबिन में शार्ट सर्किट से आग लग गई। केबिन में सो रहे चालक संजय की धुआं भरने से आंख खुली और उसने ट्रक से कूदकर जान बचाई। सूचना पर पहुंचे टीएसआई मधुसूदन सिंह ने होटल कर्मचारियों की मदद से आग पर काबू पाया। ट्रक में कोलगेट पेस्ट लदा था और वह दिल्ली से गुवाहाटी जा रहा था। समय रहते आग बुझने से बड़ा नुकसान टल गया।

चार पावा चौदह गद्दी यात्रा सरदहाधाम पहुंची

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। सतनाम संप्रदाय के प्रचार-प्रसार और सत्य, अहिंसा, एकता व मानवता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से निकाली गई चार पावा चौदह गद्दी यात्रा गुरुवार को सरदहाधाम पहुंची। इससे क्षेत्र में धार्मिक उत्साह और भक्तिमय वातावरण दिखाई दिया।

यात्रा सतनाम संप्रदाय के तृतीय पावा पूरे देवीदास पुरवा धाम के श्री देवीदास साहब के वंशज साहब आलोक दास के नेतृत्व में 28 सितंबर को देवीदास पुरवा धाम से श्रीराम नाम संकीर्तन के साथ शुरू हुई थी। यात्रा कमोली धाम और मधनापुर धाम होते हुए बुधवार देर रात कोटवाधाम पहुंची। मधनापुर में महंत अखिलेश दास, महंत छोटे बाबा और बाबा शैलेन्द्र दास तिवारी ने साहब आलोक दास का फूल-माला और अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया। कोटवाधाम से आगे बढ़कर यात्रा सरदहाधाम पहुंची, जहां संतों और स्थानीय श्रद्धालुओं ने भव्य स्वागत किया। सरदहाधाम के महंत कर्मेन्द्र दास ने साहब आलोक दास और महंत अखिलेश दास को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। यात्रा में शामिल श्रद्धालु लगातार श्रीराम नाम का संकीर्तन करते हुए आगे बढ़ रहे हैं।

बाइक यात्रा के स्वागत की तैयारियां तेज

निंदूरा, बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। गुजरात के वडनगर से निकली बाइक यात्रा दो अक्टूबर को विधानसभा कुर्सी क्षेत्र के निंदूरा ब्लॉक पहुंचेगी। यात्रा के स्वागत को लेकर ब्लॉक क्षेत्र में कार्यकर्ताओं की बैठकें कर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मार्ग व्यवस्था और विभिन्न स्थानों पर स्वागत कार्यक्रमों की रूपरेखा तय की गई है। कार्यकर्ताओं के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर 17 सितंबर को गुजरात के वडनगर से शुरू हुई बाइक यात्रा को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। यात्रा बाराबंकी की विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों से होते हुए वाराणसी पहुंचेगी, जहां यात्री भगवान काशी विश्वनाथ के दर्शन करेंगे। सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा तय कर रहे बाइक यात्रियों के स्वागत के लिए निंदूरा क्षेत्र में जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा के निर्देश पर तैयारियां तेज की गई हैं। गुरुवार शाम विधायक ने निंदूरा, कस्बा टिकैतगंज, परमहंस कुटी और कुर्सी सहित विभिन्न स्थानों का दौरा कर कार्यकर्ताओं से तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने स्वागत स्थलों पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा और जनसंपर्क कार्यक्रमों की भी योजना बनाई गई है।

बाराबंकी गांधी आश्रम की कमेटी पर विवाद गहराया

बाराबंकी। क्षेत्रीय श्री गांधी आश्रम, बाराबंकी (पंजी. 665/1980-81) की वर्ष 2025-26 की प्रबंध समिति के गठन पर नियम उल्लंघन का आरोप लगा है।

महंत बी.पी. दास ने डिप्टी रजिस्ट्रार, अयोध्या मंडल को शिकायत देकर जांच की मांग की है। आरोप है कि नियमावली के नियम-30 में 60 वर्ष में सेवानिवृत्ति का प्रावधान होने के बावजूद 22.07.2025 की सूची में 60 वर्ष से अधिक आयु के 5 लोगों को शामिल किया गया है। शिकायत में धारा 4-उ के तहत अभिलेखों के सत्यापन, 19.08.2022 की बैठक, नियमावली संशोधन और पत्रांक 2633 दिनांक 30.09.2025 से हुए पंजीकरण की पूरी पत्रावली की जांच कर वैधानिक कार्रवाई की मांग की गई है।

नवागत खंड शिक्षा अधिकारी का शिक्षक संघ ने किया स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने नवागत खंड शिक्षा अधिकारी उपेंद्र सिंह से शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस दौरान पदाधिकारियों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं दीं।

भेंट के दौरान विकासखंड में बेसिक शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विद्यालयों में बेहतर शैक्षिक वातावरण, शिक्षकों की समस्याओं के समाधान और विभाग तथा शिक्षक संगठन के बीच बेहतर समन्वय को लेकर चर्चा हुई। शिक्षक संघ पदाधिकारियों ने कहा कि खंड शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को



और प्रभावी बनाने की दिशा में सकारात्मक प्रयास किए जाने की उम्मीद है।

खंड शिक्षा अधिकारी उपेंद्र सिंह ने शिक्षक संघ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए विभागीय कार्यों में आपसी सहयोग और समन्वय को महत्वपूर्ण बताया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष दिलीप तिवारी, मंत्री अनूप कुमार, कोषाध्यक्ष सूरज वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रुद्र प्रताप पांडेय, संयुक्त मंत्री संदीप सिद्धार्थ, उपाध्यक्ष दीपक कुमार, प्रचार मंत्री अमन वर्मा, लेखाकार शिवाकांत, उपाध्यक्ष बेंजिल प्रकाश, अंकित जायसवाल, अंकित तिवारी, अखिलेश वर्मा सहित अन्य पदाधिकारी व शिक्षक मौजूद रहे।

बाराबंकी में बेलगाम अफसरशाही का शिकार बना पत्रकार सरकारी भूमि पर दबंगों का कब्जा, स्कूल के रास्ते पर घूर लगा रोका रास्ता

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। जनपद में सरकारी जमीनों पर कब्जे का खेल अब पत्रकारों की जान पर बन आया है। सरकारी संपत्ति बचाने की लड़ाई लड़ने वाला पत्रकार ही अब दबंगों और लापरवाह अफसरशाही का शिकार बन गया है। मामला जनपद के थाना जैदपुर के ग्राम अकबरपुर धनेठी का है। यहाँ के सामाजिक कार्यकर्ता और पत्रकार प्रेम नरायन वर्मा ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक शिकायती पत्र पुलिस अधीक्षक बाराबंकी के माध्यम से भेजकर अपनी और अपने परिवार की जान-माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है।

क्या है पूरा मामला?

1. खलिहान की सरकारी जमीन पर कब्जाः* गांव के राजस्व अभिलेखों में *गाटा संख्या 1205 खलिहान* के नाम दर्ज है। यह जमीन सरकारी स्कूल और पंचायत भवन से सटी है और इसी के बीच से सार्वजनिक रास्ता निकलता है। आरोप है कि *प्रहलाद रावत पुत्र मंगल रावत, सुनील पुत्र मंगल रावत, तिलकराम गौतम पुत्र हीरालाल गौतम, बिंद्रा प्रसाद गौतम एवं राजाराम गौतम* द्वारा इस जमीन पर अवैध कब्जा कर लिया गया है। सड़क किनारे जगह-जगह घूर लगाकर गंदगी फैलाई जा रही है, जिससे बरसात का पानी सड़क पर भर जाता है और स्कूल जाने वाले बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है।

वन विभाग और लेखपाल मौके पर पहुंचे पर कार्रवाई शून्य

पुलिस पहले भी घूर हटवा चुकी है, पर दबंग फिर लगा देते हैं।

2. हरे पेड़ों पर आराः पत्रकार के अनुसार दिनांक 27.09.2026 को उक्त सरकारी भूमि से एक हरा-भरा खड़ा नीम का पेड़ और एक चिलबिल का पेड़ *तिलकराम गौतम* द्वारा काट दिया गया। सूचना पर वन विभाग टीम मौके पर पहुंची, लकड़ी एकत्र कराई, लेकिन आज तक कोई प्रभावी कानूनी कार्रवाई नहीं हुई। शिकायत के बाद मौके पर लेखपाल भी पहुंचे, पर कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति कर लौट गए।

3- 90 हजार की लकड़ी का पुराना खेलः* यह पहला मामला नहीं है। लगभग एक वर्ष पूर्व ग्राम मोहदीपुर में भी सरकारी भूमि से करीब *90,000 रुपये मूल्य के चार यूकेलिप्टस* के पेड़ों की लकड़ी काट ली गई थी। पुलिस ने लकड़ी प्रधान को सुपुर्द की, लेकिन शिकायत के अनुसार बाद में उस लकड़ी का कुछ हिस्सा अन्य लोगों द्वारा उठा ले जाया गया।

4-. अब पत्रकार को मिल रही धमकीः* जनहित में शिकायत करना अब प्रेम नरायन वर्मा को भारी पड़ रहा है। शिकायत में कहा गया है कि उपरोक्त लोगों सहित कुछ अन्य व्यक्तियों के नाराज होने की सूचना है और लोगों के माध्यम से पता चला है कि कुछ व्यक्ति *मारपीट करने तथा फर्जी आपराधिक मामले में फंसाने की साजिश* रच रहे हैं।

''पत्रकार की मुख्यमंत्री से गुहार 8 सूत्रीय मांगः''

पत्रकार ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि -

1. गाटा संख्या 1205 को कब्जा मुक्त कराया जाए।

2. स्कूल और सड़क के आसपास लगे घूर हटवाए जाएं।

3. 27 सितंबर को काटे गए पेड़ों की संयुक्त जांच और नीलामी कर दोषियों पर कार्रवाई हो।

4. पुरानी और वर्तमान में गिरी पड़ी सरकारी लकड़ी की वीडियोग्राफी कर सरकारी खाते में पैसा जमा कराया जाए।

5. शिकायतों की निष्पक्ष जांच सक्षम अधिकारी से कराई जाए।

6. धमकी और फर्जी मुकदमे की साजिश की पुलिस जांच हो।

7. पत्रकार और उसके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

8. यदि उसके विरुद्ध कोई शिकायत आती है तो निष्पक्ष जांच के बाद ही कार्रवाई हो ताकि दुर्भावनापूर्ण शिकायत का दुरुपयोग न हो।

सवाल बड़ा है - जब सरकारी जमीन और सरकारी पेड़ बचाने वाले को ही सुरक्षा मांगनी पड़े, तो क्या बाराबंकी में अफसरशाही पूरी तरह बेलगाम हो चुकी है?

निर्माण के कुछ साल में ही उखड़ने लगी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की सड़क



कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर, बाराबंकी। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गणेशपुर मोड़ से बड़नपुर होते हुए नारायनपुर तक बनाई गई करीब 5.45 किलोमीटर लंबी डामर सड़क निर्माण के कुछ वर्षों में ही खराब होने लगी है। सड़क पर कई स्थानों पर डामर उखड़ गया है और गड्ढे बन गए हैं। दोनों ओर समुचित पटरी न होने तथा सड़क किनारे झाड़ियों के कारण भी राहगीरों को परेशानी हो रही है। बारिश के बाद कई स्थानों पर जलभराव की स्थिति भी बनी हुई है। योजना के तहत सड़क का निर्माण 21 सितंबर 2022 को शुरू हुआ था। सड़क के पांच वर्ष के अनुरक्षण के लिए 30 दिसंबर 2023 से 29 दिसंबर 2028 तक 37.63 लाख रुपये का प्रावधान है। इसके बावजूद सड़क की मौजूदा स्थिति को लेकर ग्रामीणों ने सवाल उठाए हैं। ग्रामीण सुखदेव, महेंद्र, राजकुमार और सुशील ने सड़क की गुणवत्ता और अनुरक्षण कार्य की जांच कराने के साथ क्षतिग्रस्त हिस्सों की शीघ्र मरम्मत की मांग की है। लोक निर्माण विभाग के अनुरक्षण अधिकारी ज्ञानेंद्र वर्मा ने बताया कि 10 दिनों के भीतर पैच रिपेयर करा दिया जाएगा।



एशियाई खेल 2026: श्रीलंका पर बड़ी जीत के साथ भारत ने बनाया टी20 का विश्व रिकॉर्ड

एजेंसी

आइची-नागोया। श्रीलंका को एशियाई खेलों के क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में 124 रन से हराने के साथ भारतीय टीम ने पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 100 या उससे अधिक रन के अंतर से जीत का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। यह भारत की इस अंतर से 11वीं जीत है।

भारत की जीत में ईशान किशन की 80 रन की नाबाद पारी के बाद अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह और अभिषेक शर्मा की शानदार गेंदबाजी की अहम भूमिका रही। चुनौतीपूर्ण पिच पर भारत के 169 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंका की पूरी टीम 9.5 ओवर में केवल 45 रन पर सिमट गई। भारत की 124 रन की जीत पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के सेमीफाइनल या फाइनल में सबसे बड़े जीत अंतर का नया रिकॉर्ड भी है। इससे पहले यह रिकॉर्ड भारत के नाम था, जब उसने अहमदाबाद में 2026 टी20 विश्वकप के फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराया था। श्रीलंका का 45 रन का स्कोर किसी टेस्ट खेलने वाले देश के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय में उसकी पूरी टीम के आउट होने पर संयुक्त रूप से



सबसे कम स्कोर है। इससे पहले वेस्टइंडीज ने 2019 में बैसेटेरे में इंग्लैंड के खिलाफ 45 रन बनाए थे। श्रीलंका की पारी में पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। एक पारी में सबसे अधिक शून्य पर आउट होने के मामले में यह संयुक्त रूप से दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है। इस मामले में जिम्बाब्वे के नाम 2010 में वेस्टइंडीज के खिलाफ छह बल्लेबाजों के शून्य पर आउट होने का रिकॉर्ड है। श्रीलंका की यह टी20 अंतरराष्ट्रीय में दूसरी सबसे बड़ी हार है। उसकी सबसे बड़ी हार 2019 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 134 रन की रही थी। मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारत की ओर से 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी ने 21 गेंदों में छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 38 रनों की उपयोगी पारी खेली। अभिषेक शर्मा और संजू सैमसन हालांकि ज्यादा योगदान नहीं दे सके। भारत का स्कोर जब 87 रन पर चार विकेट था, तब ईशान किशन ने पारी को संभाला। उन्होंने 46 गेंदों पर चार चौकों और पांच छक्कों की मदद से नाबाद 80 रन बनाए और भारत को 20 ओवर में सात विकेट पर 169 रन तक पहुंचाया। श्रीलंका के लिए सहान अराचिगे ने 2/28 और थारिंदु रत्नायके ने 2/32 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंकाई टीम नियमित अंतराल पर विकेट गंवाती रही। नुवानिदु फर्नांडो 15 रन के साथ उसकी पारी में 10 से अधिक रन बनाने वाले एकमात्र बल्लेबाज रहे। भारत की ओर से अक्षर पटेल ने 3/8, जसप्रीत बुमराह ने 2/7, अभिषेक शर्मा ने 2/2 और वाशिंगटन सुंदर ने 1/18 विकेट लेकर श्रीलंका की पारी 45 रन पर समेट दी।

एशियाई खेल 2026: 44 साल बाद महिला हॉकी में स्वर्ण जीतने के इरादे से उतरेगा भारत

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम शुक्रवार को एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक मुकाबले में गत चैंपियन चीन के खिलाफ उतरेगी। भारत की नजरें 44 साल बाद महिला हॉकी में एशियाई खेलों का स्वर्ण पदक जीतने और लॉस एंजिलिस 2028 ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन हासिल करने पर होंगी। भारत ने 1982 में पहली और अब तक एकमात्र बार एशियाई खेलों में महिला हॉकी का स्वर्ण पदक जीता था। इसके बाद टीम 1998 और 2018 में फाइनल तक पहुंची लेकिन दोनों मौकों पर उसे रजत पदक से संतोष करना पड़ा। 1998 के फाइनल में भारत को दक्षिण कोरिया और 2018 में जापान के खिलाफ हार मिली थी। अब भारतीय टीम की नई पीढ़ी इस लंबे इंतजार को खत्म करने के इरादे से मैदान में उतरेगी। भारतीय टीम का 2026 में अब तक का प्रदर्शन शानदार रहा है। टीम ने इस साल एफआईएच नेशंस कप का खिताब जीता और बेल्जियम तथा नीदरलैंड्स में आयोजित एफआईएच विश्वकप में 52 साल में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए पांचवां स्थान हासिल किया। विश्वकप में भारत ने दुनिया की चौथे नंबर की टीम चीन को एम्स्टर्डम में गोलरहित ड्रॉ पर रोका था। यह नतीजा शुक्रवार के फाइनल से पहले भारत का आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। दोनों टीमें अब तक टूर्नामेंट में अजेय हैं और अपने-अपने पूल में सभी मुकाबले जीतकर शीर्ष पर रही हैं। हालांकि, सेमीफाइनल में दोनों को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। गत चैंपियन चीन को पहले सेमीफाइनल में मेजबान जापान के खिलाफ निर्धारित समय में कोई गोल नहीं मिला और मुकाबला 0-0 पर समाप्त हुआ। इसके बाद चीन ने शूटआउट में 4-2 से जीत दर्ज कर फाइनल में जगह बनाई। भारत को भी दक्षिण कोरिया के खिलाफ कड़े मुकाबले का सामना करना पड़ा। दक्षिण कोरियाई रक्षा ने लंबे समय तक भारतीय हमलावरों को गोल करने से रोके रखा लेकिन तीसरे क्वार्टर के अंतिम हिस्से में इशिका ने गोल कर भारत को बढ़त दिलाई। कप्तान सलीमा टेटे ने चौथे क्वार्टर में दूसरा गोल कर भारत की जीत सुनिश्चित कर दी।

एशियाई खेल 2026: नौकायन में मनु फ्रांसिस और प्रिंस नोबल ने जीता रजत

एजेंसी

आइची-नागोया। भारत के मनु फ्रांसिस और प्रिंस कुरिसिकल नोबल ने एशियाई खेल 2026 में नौकायन की पुरुष स्किफ 49er (फॉर्टिनाइनर) स्पर्धा में रजत पदक जीतकर भारत को इस संस्करण का पहला नौकायन पदक दिलाया। चीन के वेन जैडिंग और लियू तान ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि हांगकांग ने कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय जोड़ी ने नौ रेस की प्रतियोगिता में कुल 23 नेट अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। चीन की जोड़ी 16 अंक के साथ पहले और हांगकांग की जोड़ी 24 अंक के साथ तीसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता के अंतिम दिन भारत को मुश्किल शुरुआत का सामना करना पड़ा और आठवीं रेस के बाद टीम चौथे स्थान पर खिसक गई थी। हालांकि, मनु और प्रिंस ने अंतिम यानी नौवीं रेस में शानदार प्रदर्शन करते हुए जोरदार वापसी की और कुल तालिका में दूसरा स्थान हासिल कर रजत पदक पक्का किया। भारतीय जोड़ी ने प्रतियोगिता के दौरान लगातार अच्छा प्रदर्शन किया और एक रेस में जीत भी दर्ज की। मनु फ्रांसिस और प्रिंस नोबल के लिए यह पदक 49er वर्ग में उनके लगातार अच्छे प्रदर्शन का परिणाम है। दोनों ने जनवरी 2026 में मुंबई में आयोजित यॉटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया की एशियाई खेल चयन ट्रायल-2 में पहला स्थान हासिल किया था। इससे पहले दोनों ने 2023 एशियाई नौकायन चैंपियनशिप और 2023 यॉटिंग एसोसिएशन ऑफ इंडिया सीनियर राष्ट्रीय नौकायन चैंपियनशिप में 49er वर्ग में कांस्य पदक जीता था। उन्होंने 2022 में अबू धाबी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय नौकायन प्रतियोगिता में भी 49er/स्किफ वर्ग का कांस्य पदक हासिल किया था।

विश्वकप जीतने का एहसास फिर से चाहता हूं : रोहित शर्मा

एजेंसी



नई दिल्ली। भारतीय सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा की नजरें 2027 में होने वाले आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्वकप पर टिकी हैं। टूर्नामेंट के कार्यक्रम की घोषणा आज रात 8:30 बजे से जियोहॉटस्टार और स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर की जाएगी। जियोस्टार से बातचीत में रोहित ने कप्तान शुभमन गिल, 2027 विश्वकप की तैयारियों और भारत के लिए एक और विश्वकप जीतने की अपनी इच्छा पर बात की। शुभमन गिल की कप्तानी के बारे में रोहित ने कहा कि गिल का क्रिकेटिंग दिमाग शानदार है और कप्तान के तौर पर अभी उनके प्रदर्शन का आकलन करना जल्दबाजी होगी। उन्होंने कहा, ह्लशुभमन गिल का क्रिकेटिंग दिमाग शानदार है, इसमें कोई शक नहीं। वह करीब एक साल से कप्तानी कर रहे हैं इसलिए इतनी जल्दी उनके कप्तान के रूप में आकलन करना उचित नहीं होगा। लेकिन मैंने उन्हें जितना देखा है, वह प्रभावशाली रहे हैं। वह जो चाहते हैं, उसे लेकर बहुत स्पष्ट हैं। कप्तान के लिए यह सबसे महत्वपूर्ण चीज है। अगर कप्तान स्पष्ट है तो उसके आसपास के खिलाड़ी भी स्पष्ट रहेंगे। शुभमन के साथ मुझे यही नजर आता है। वह जानता है कि उसे क्या चाहिए और सही दिशा में आगे बढ़ रहा है। निश्चित तौर पर किसी भी कप्तान को खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के समर्थन की जरूरत होती है। मुझे यकीन है कि मैं जिस भी तरह उसकी मदद कर सकता हूं, करूंगा। रोहित ने गिल को लगातार समर्थन देने की बात भी कही। उन्होंने कहा, ह्लशुभमन कप्तान है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि मैं उससे दूर रहूं या उससे कम बात करूं। जब से उसने पदार्पण किया है, हम एक ही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। ऐसा ही होना चाहिए और किसी भी वजह से इसमें बदलाव नहीं होना चाहिए। उसे टीम के भरोसे की जरूरत है और यह पता होना चाहिए कि सभी एक साथ आगे बढ़ रहे हैं। हमारा काम उसका समर्थन करना और टीम को आगे ले जाना है। 2027 वनडे विश्वकप जीतने के महत्व पर रोहित ने कहा, आगामी वनडे विश्वकप जीतना शानदार होगा, मैं बस इतना ही कहूंगा। मैं अभी इसे किसी पूर्ण चक्र या ऐसी किसी चीज के रूप में नहीं देखना चाहता। भारत के लिए विश्वकप जीतना एक विशेष एहसास है। टी20 प्रारूप में मैं इसका दो बार अनुभव कर चुका हूं। 2007 में मैं सिर्फ 20 साल का युवा था। निश्चित रूप से यह बड़ा टूर्नामेंट है और पहले ही साल विश्वकप जीतना शानदार था। फिर हमने 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीती और उसके बाद करीब 11 साल का लंबा दौर आया, जब हम कोई आईसीसी खिताब नहीं जीत सके। इसलिए जब हमने 2024 में टी20 विश्वकप जीता, तब एहसास हुआ कि यह कितना महत्वपूर्ण था। वह एहसास आज भी काफी हद तक मेरे अंदर है।

एशियाई खेल 2026: भारतीय तीरंदाज गणेश थिरुमुरु ने कंपाउंड व्यक्तिगत में जीता कांस्य

आइची-नागोया। भारतीय तीरंदाज गणेश मणि रत्नम थिरुमुरु ने गुरुवार को एशियाई खेल 2026 की पुरुष कंपाउंड व्यक्तिगत तीरंदाजी स्पर्धा में कांस्य पदक जीत लिया। कांस्य पदक मुकाबले में गणेश ने वियतनाम के कोंग डुक डांग को 149-144 से हराकर पोडियम पर जगह बनाई। गणेश ने मुकाबले की शुरुआत शानदार अंदाज में की। पहले सेट में उन्होंने लगातार तीन 10 अंक हासिल किए, जबकि डांग ने 10, 9 और 10 अंक जुटाए। इसके साथ गणेश ने 30-29 की बढ़त बनाई। दूसरे सेट में भी भारतीय तीरंदाज ने तीनों तीरों पर 10 अंक हासिल किए, जबकि डांग के खाते में 10, 9 और 10 अंक आए। गणेश ने अपनी बढ़त बढ़ाकर 60-58 कर ली। तीसरे सेट में दोनों तीरंदाजों ने तीनों प्रयासों में 10-10 अंक हासिल किए। इसके बावजूद गणेश की कुल बढ़त बरकरार रही और स्कोर 90-88 रहा। चौथे सेट में गणेश ने 10, 9 और 10 अंक जुटाए, जबकि डांग ने 9, 10 और 9 अंक हासिल किए। गणेश ने 119-116 की बढ़त के साथ अंतिम सेट में प्रवेश किया।

त्योहारी सीजन के पहले महंगा हुआ कमर्शियल गैस सिलेंडर 14.2 किलो वाले रसोई गैस के भाव में बदलाव नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। देश में त्योहारी सीजन की शुरुआत होने के ऐन पहले देश की ऑयल मार्केटिंग कंपनियों ने एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में बढ़ोतरी करने का ऐलान कर दिया है। हालांकि कीमत में की गई ये बढ़ोतरी सिर्फ 19 किलोग्राम वजन वाले कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में कटौती कर दी है। 14.2 किलोग्राम वाले एलपीजी गैस सिलेंडर (रसोई गैस) कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। कीमत में की गई बढ़ोतरी के बाद आज से देश के अलग-अलग राज्यों में कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर 62.50 रुपये से लेकर 75 रुपये तक महंगा हो गया है। कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में सबसे अधिक 71.50 रुपये की बढ़ोतरी पटना में की गई है, जबकि दिल्ली में में सबसे कम 62.50 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। गैस सिलेंडर के



महंगा होने से रेस्टोरेंट, ढाबा या कैटरिंग सर्विस चलाने वाले कमर्शियल श्रेणी के उपभोक्ताओं पर मंहगाई का बोझ बढ़ जाएगा, जिसके वजह से उनके द्वारा उपभोक्ताओं को दी जाने वाली सर्विस भी महंगी हो सकती है। एलपीजी गैस की कीमत में यह बढ़ोतरी सिर्फ कमर्शियल श्रेणी वाले सिलेंडर में ही की गई है। घरेलू उपयोग में आने वाले 14.2 किलोग्राम वाले सिलेंडर (रसोई गैस) के भाव में कोई बदलाव नहीं किया गया है। ऑयल मार्केटिंग कंपनी की ओर से उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार कीमत में की गई कटौती के बाद दिल्ली में कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर 62.50 रुपये महंगा होकर 2,747.50 रुपये की जगह 2,810 रुपये के भाव पर मिलने लगा है। इसी तरह मुंबई में कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर 63.54 रुपये महंगा होकर 2,764.54 रुपये के भाव पर मिल रहा है। कोलकाता में कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में 70 रुपये की बढ़ोतरी हुई है। कोलकाता में आज से 19 किलोग्राम वाला एलपीजी गैस सिलेंडर 2,954 रुपये के भाव पर मिल रहा है। इसके अलावा चेन्नई में कमर्शियल गैस सिलेंडर 66.50 रुपये महंगा होकर 2,983 रुपये के स्तर पर आ गया है। बिहार की राजधानी पटना में 19 किलोग्राम का कमर्शियल गैस सिलेंडर 71.50 रुपये महंगा हो गया है। वहां अब ये सिलेंडर 3,029 रुपये की जगह 3,100.50 रुपये के भाव पर मिल रहा है। इसी तरह उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में कमर्शियल गैस सिलेंडर 62.50 रुपये महंगा होकर 2,932.50 रुपये के स्तर पर आ गया है।

विमान ईंधन की कीमत 16 रुपये बढ़कर 137 रुपये प्रति लीटर, नई दरें लागू

एजेंसी

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने त्योहारी सीजन से पहले जेट फ्यूल की कीमतों में इजाफा किया है। कंपनियों ने विमान ईंधन यानी एविएशन टर्बाइन फ्यूल (एटीएफ) की कीमतों में 13.22 फीसदी की वृद्धि की है, एटीएफ की कीमत में लगातार तीसरे महीने बढ़ोतरी की गई है, ये नई दरें आज गुरुवार से लागू हो गई है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक विमान ईंधन की कीमत में करीब 16 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी की गई है, जो 121 रुपये प्रति लीटर से बढ़कर अब 137 रुपये प्रति लीटर हो गई है। एटीएफ की कीमत बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में घरेलू एयरलाइंस के लिए विमान ईंधन की कीमत लगभग 1,37,000 रुपये प्रति किलोलीटर (137 रुपये प्रति लीटर) है। तेल कंपनियों ने पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच इससे पहले सितंबर में एटीएफ की कीमत



6.28 रुपये प्रति लीटर यानी 5.46 फीसदी की बढ़ोत्तरी की थी। वहीं, अगस्त में भी इसमें पांच रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हुई थी। अक्टूबर महीने में ये बढ़ोतरी 13 फीसदी की है. जबकि तीन महीनों में जेट फ्यूल की कीमत में 25 फीसदी की तेजी आ चुकी है। उल्लेखनीय है कि एयरलाइंस के ऑपरेटिंग के लिए विमानन कंपनियों के खर्च में एटीएफ का हिस्सा 40 फीसदी तक होता है, जिससे फ्यूल की कीमतें एयरलाइंस के लिए लागत का एक अहम कारक बन जाती हैं। इस कारण आने वाले समय में हवाई जहाज का सफर और महंगा हो सकता है।

संक्षिप्त समाचार

एशियाई खेल 2026: नितेश सिवाच ग्रीको-रोमन 97 किग्रा फाइनल में, मानसी कांस्य की दौड़ में

आइची-नागोया। भारतीय पहलवान नितेश सिवाच ने गुरुवार को एशियाई खेलों में पुरुषों के ग्रीको-रोमन 97 किग्रा वर्ग के फाइनल में प्रवेश कर लिया, जबकि मानसी अहलावत को महिलाओं के 62 किग्रा सेमीफाइनल में हार का सामना करना पड़ा। नितेश ने मंगोलिया के गंखुयाग गनबातार को 9-0 से हराकर स्वर्ण पदक की ओर कदम बढ़ाया, वहीं मानसी अब कांस्य पदक के लिए रेपेचेज में उतरेंगी। एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता नितेश ने हांगझोउ एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता गंखुयाग के खिलाफ शुरुआत से ही दबदबा बनाए रखा और 9-0 की शानदार जीत दर्ज की। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में तुर्कमेनिस्तान के अमानबर्दी अगामामेदोव को 7-1 से हराया था। नितेश ने पहले ही पीरियड में 7-0 की बढ़त बना ली थी और बाद में मुकाबला अपने नाम किया। नितेश अब स्वर्ण पदक के लिए ईरान के मेहदी बालिहामजेहदेह और जापान के यूरी नकाजातो के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेंगे। वहीं, महिलाओं के 62 किग्रा सेमीफाइनल में मानसी अहलावत को जापान की दो बार की विश्व चैंपियन नोनोका ओजाकी ने 6-0 से हराया। ओजाकी ने शुरुआत में टेकडाउन से दो अंक हासिल किए और फिर एक और टेकडाउन के जरिए अपनी बढ़त 4-0 कर ली। मानसी ने इसके बाद अच्छी रक्षात्मक कुश्ती की, लेकिन ओजाकी की मजबूत रक्षा को भेदने में सफल नहीं हो सकीं। दूसरे पीरियड में ओजाकी ने एक और टेकडाउन से दो अंक हासिल किए और 6-0 की जीत के साथ फाइनल में जगह बना ली। 59 किग्रा वर्ग की पूर्व विश्व चैंपियनशिप कांस्य पदक विजेता मानसी अब रेपेचेज में उतरेंगी, जहां उनके पास कांस्य पदक के लिए मुकाबला करने का मौका होगा। जूडो में भी भारत को मिश्रित परिणाम मिले। महिलाओं के 57 किग्रा क्वार्टर फाइनल में यामिनी मौर्या को मंगोलिया की अरिउनजाया तेरबिश के खिलाफ युको के आधार पर हार मिली। अब वह कांस्य पदक मुकाबले में जगह बनाने के लिए रेपेचेज में जापान की मियो शिराकाने से भिड़ेंगी। महिलाओं के 70 किग्रा वर्ग में इनुंगनबी ताखेल्लाम्बम ने नेपाल की पुनम श्रेष्ठ को इप्पोन से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। अंतिम आठ में उनका सामना उत्तर कोरिया की मुन सोंग हुई से होगा। भारतीय महिला स्क्वैश टीम ने भी कांस्य पदक हासिल किया। भारतीय टीम को सेमीफाइनल में हांगकांग के हाथों 1-2 से हार का सामना करना पड़ा, जिसके बाद उसे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा।

जीएसटी राजस्व संग्रह सितंबर में 14.7 प्रतिशत बढ़कर 2 लाख करोड़ रुपये के पार

नई दिल्ली,। अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर अच्छी खबर है। देश का वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) राजस्व संग्रह सितंबर में 14.7 फीसदी बढ़कर 2.03 लाख करोड़ रुपये रहा, जो सितंबर 2025 में 1.77 लाख करोड़ रुपये रहा था। जीएसटी महानिदेशालय ने गुरुवार को जारी आंकड़ों में बताया कि घरेलू गतिविधियों से सकल जीएसटी राजस्व संग्रह भी 10.1 फीसदी बढ़कर लगभग 1.38 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि आयात से प्राप्त राजस्व 26 फीसदी बढ़कर 65,525 करोड़ रुपये हो गया। आंकड़ों के अनुसार सकल जीएसटी राजस्व संग्रह सितंबर में 2,03,521 करोड़ रुपये रहा, जो एक साल पहले इसी महीने में 1,77,365 करोड़ रुपये था। सितंबर में हालांकि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) 'रिफंड' तीन फीसदी घटकर 27,001 करोड़ रुपये रहा। 'रिफंड' समायोजित करने के बाद सितंबर में शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह 18.1 फीसदी बढ़कर 1.76 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो गया, जो एक साल पहले इसी अवधि में 1.49 लाख करोड़ रुपये रहा था। जीएसटी महानिदेशालय के मुताबिक चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) में सकल जीएसटी राजस्व संग्रह 11.6 फीसदी बढ़कर 12.46 लाख करोड़ रुपये रहा। इसी तरह शुद्ध जीएसटी राजस्व संग्रह भी 10.4 फीसदी बढ़कर 10.66 लाख करोड़ रुपये रहा।

सरकार ने डीजल और एटीएफ पर विंडफॉल टैक्स घटाया, नई दरें लागू

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने डीजल और एविऐशन टरबाइन फ्यूल (एटीएफ) के निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) को घटा दिया है, जबकि पेट्रोल पर लगने वाले टैक्स में कोई बदलाव नहीं किया है। नई दरें गुरुवार से लागू हो गई हैं। वित्त मंत्रालय की अधिसूचना के अनुसार केंद्र सरकार ने डीजल और एटीएफ के निर्यात पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स में कटौती की है। हालांकि, पेट्रोल निर्यात के लिए टैक्स की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। अधिसूचना के अनुसार डीजल के निर्यात पर 4 रुपये और एटीएफ पर 4.50 रुपये प्रति लीटर शुल्क घटाया गया है, जो एक अक्टूबर से लागू हो गया। अधिसूचना के मुताबिक डीजल पर निर्यात शुल्क 20 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 16 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है। वहीं, एटीएफ पर लगने वाले निर्यात शुल्क को 15 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 10.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है, जबकि पेट्रोल के निर्यात शुल्क में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह 0.5 रुपये प्रति लीटर पर ही बरकरार है। संशोधित दरें दो सप्ताह के लिए लागू रहेगी। उल्लेखनीय है कि पिछले महीने 16 सितंबर को भी सरकार ने विंडफॉल टैक्स को घटाया था। उस समय डीजल पर शुल्क में पांच रुपये प्रति लीटर और एटीएफ पर चार रुपये प्रति लीटर की कटौती की थी, जिसके बाद डीजल पर शुल्क 20 रुपये प्रति लीटर और एटीएफ पर शुल्क 15 रुपये प्रति लीटर हो गया था। 1 सितंबर से अब तक डीजल पर कुल 9 रुपये प्रति लीटर और एटीएफ पर 8.5 रुपये प्रति लीटर की कटौती की जा चुकी है।

सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना चांदी के भाव में कोई बदलाव नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। अक्टूबर की शुरुआत होते ही घरेलू सर्राफा बाजार में सोने की कीमत में जारी गिरावट के सिलसिले पर ब्रेक लग गया है। महीने के पहले दिन शुरुआती कारोबार के दौरान सोने की कीमत में तेजी का रुख नजर आ रहा है। भाव में आए बदलाव के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में सोना 720 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 790 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया है। हालांकि चांदी के भाव में आज लगातार दूसरे दिन कोई बदलाव नहीं हुआ है। कीमत में आई तेजी के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,49,580 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,49,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,37,110 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,37,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में



बदलाव नहीं होने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज भी 2,39,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,49,730 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,37,260 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,49,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,37,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,49,630 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,37,160 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,49,580 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,37,110 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,49,580 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,37,110 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,49,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,37,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,49,730 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,37,260 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,49,630 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,37,160 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति 5 से 7 अक्टूबर तक भारत की राजकीय यात्रा पर रहेंगे

नई दिल्ली। स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति गाय परमेलिन 5 से 7 अक्टूबर तक भारत की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। उनके साथ वरिष्ठ अधिकारियों और व्यापारिक नेताओं सहित एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी होगा। राष्ट्रपति परमेलिन इससे पहले इसी वर्ष फरवरी में नई दिल्ली में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट में भाग लेने के लिए भारत आ चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने साल 2016 और फिर 2018 में स्विट्ज़रलैंड की आधिकारिक यात्रा की थी। विदेश मंत्रालय के अनुसार 5 अक्टूबर को प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति परमेलिन व्यापार और निवेश, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार, गतिशीलता, संस्कृति और जन-जन संपर्क सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति की समीक्षा के लिए द्विपक्षीय चर्चा करेंगे। वे बहुपक्षीय मंचों में सहयोग सहित क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर भी विचार-विमर्श करेंगे। राष्ट्रपति परमेलिन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात करेंगे। राष्ट्रपति उनके सम्मान में आधिकारिक भोज का आयोजन करेंगी। राष्ट्रपति परमेलिन की यह यात्रा विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि वे 7 अक्टूबर को भारत-ईएफटीए व्यापार और आर्थिक साझेदारी समझौते (टीईपीए) की पहली वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले दूसरे भारत-ईएफटीए समृद्धि शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। ईएफटीए देशों में, स्विट्जरलैंड भारत का सबसे बड़ा व्यापार और निवेश भागीदार है।

राजीव चंद्रशेखर ने कहा राहुल गांधी की राजनीति झूठ और भ्रम फैलाने पर आधारित' है

नई दिल्ली। केरलम भाजपा अध्यक्ष और विधायक राजीव चंद्रशेखर ने गुरुवार को भाजपा केंद्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर राहुल गांधी की टिप्पणी की आलोचना करते हुए उनकी राजनीतिक शैली पर सवाल उठाए। चंद्रशेखर ने आरोप लगाया कि पिछले 12 वर्षों में राहुल गांधी का भारतीय लोकतंत्र में योगदान झूठ, गलत सूचना और अराजकता फैलाने तक सीमित रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए ''देशद्रोही'' जैसे शब्दों का इस्तेमाल करना राहुल गांधी की राजनीति की प्रकृति को दर्शाता है। उन्होंने राहुल गांधी की राजनीति को ''फ्रॉड'' और ''झूठ की राजनीति'' करार देते हुए कहा कि उनके पास देश या केरल के लिए कोई सकारात्मक संदेश नहीं है।

फ्लाईदुबई के भारतीय कैप्टन स्मित मच्छर को राज्य सरकार देगी 'विशिष्ट गुजरात गरिमा पुरस्कार'

एजेंसी

अहमदाबाद। फ्लाईदुबई एफजेड1073 (बोइंग 737 मैक्स 8) में 174 यात्रियों की जान बचाने में अहम भूमिका निभाने वाले विमान के कैप्टन स्मित मच्छर और भारत के निवासी को गुजरात सरकार 'विशिष्ट गुजरात गरिमा अवॉर्ड' से सम्मानित करेगी। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने भारतीय कैप्टन मच्छर के साहस की सराहना करते हुए यह घोषणा की है। दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की उड़ान संख्या एफजेड1073 (बोइंग 737 मैक्स 8) में 174 यात्रियों की जान बचाने में अहम भूमिका निभाने वाले भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छर की बहादुरी की देश-दुनिया में चर्चा हो रही है। यात्रा के दौरान ओमान के सह-पायलट ने भारतीय कैप्टन स्मिथ मच्छर पर चाकू से हमला कर दिया था, जिसके बाद यात्रियों और क्रू ने सूझबूझ दिखाते हुए विमान को सऊदी अरब के तबुक एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड कराया था। गुजरात के मुख्यमंत्री



भूपेंद्र पटेल ने कैप्टन मच्छर के साहस और जज्बे की सराहना करते हुए घोषणा की है कि प्रदेश सरकार उन्हें 'विशिष्ट गुजरात गरिमा अवॉर्ड' से सम्मानित करेगी। मुख्यमंत्री पटेल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि आसमान में कैप्टन स्मित मच्छर द्वारा दिखाया गया अदम्य साहस और शौर्य असाधारण है। गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने हमलावर का मुकाबला किया। उन्होंने एक बड़ी त्रासदी को टालने में मदद की और 174 यात्रियों की जान बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि कैप्टन मच्छर भारतीय हैं और उनकी रगों में गुजराती रक्त बहता है, जिस पर गुजरात और पूरा देश गर्व करता है। उन्होंने कैप्टन मच्छर के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना भी की। विमान में मौजूद अन्य प्रशिक्षित पायलटों ने स्थिति संभाली और विमान को सऊदी अरब के तबूक में आपातस्थिति में उतारा गया। आपात लैंडिंग के बाद कैप्टन स्मित मच्छर को तबूक के अस्पताल ले जाया गया। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई गई है और उनका उपचार जारी है।

प्रधानमंत्री मोदी और नेतन्याहू ने भी की सराहना

कैप्टन मच्छार के साहस की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भी सार्वजनिक रूप से प्रशंसा की है। नेतन्याहू ने कहा कि गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद मच्छर ने संघर्ष किया और कॉकपिट का दरवाजा खोलकर यात्रियों और क्रू को हमलावर को काबू करने में मदद की। उन्होंने कैप्टन मच्छर को सच्चा नायक बताते हुए उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। प्रधानमंत्री मोदी ने भी कैप्टन मच्छर की बहादुरी की सराहना की है।

गुजरात की धरती से जुड़ा परिवार

कैप्टन स्मित मच्छर का परिवार मूल रूप से गुजरात के सुरेंद्रनगर जिले के वधवन से जुड़ा बताया जाता है, जबकि उनका परिवार लंबे समय से मुंबई में रह रहा है। वे एक अनुभवी कमर्शियल पायलट हैं और रिपोर्टों के अनुसार बोइंग 737 परिवार के विमानों पर हजारों घंटे की उड़ान का अनुभव रखते हैं। आसमान में कुछ ही पलों में पैदा हुए इस गंभीर संकट के बीच कैप्टन स्मित मच्छर के फैसलों और साहस ने 174 यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अब गुजरात सरकार उन्हें 'विशिष्ट गुजरात गरिमा अवॉर्ड' से सम्मानित कर उनके योगदान को सम्मान देने जा रही है।

यासीन समेत सात पर धनशोधन के आरोप तय करने का आदेश

नई दिल्ली। कश्मीर के अलगाववादी नेता यासीन मलिक समेत सात आरोपियों के खिलाफ धनशोधन के मामले में विशेष एनआईए अदालत ने आरोप तय करने का आदेश दिया है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) का आरोप है कि आरोपियों ने हवाला के जरिए पाकिस्तान के एक प्रतिष्ठान और अन्य आतंकी संगठनों से फंड हासिल किया। एजेंसी के मुताबिक, इस रकम का इस्तेमाल जम्मू-कश्मीर में अलगाववादी और विध्वंसक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए किया गया। विशेष एनआईए न्यायाधीश प्रशांत शर्मा की कोर्ट ने सातों के खिलाफ धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की धारा तीन के तहत आरोप तय करने का आदेश दिया है। यह अपराध पीएमएलए की धारा चार के तहत दंडनीय है। अदालत ने आदेश में कहा कि रिकॉर्ड पर प्रथमदृष्टा पर्याप्त सामग्री मौजूद है और सभी सात आरोपियों के खिलाफ मजबूत संदेह पैदा होता है। मामले में यासीन के अलावा जहूर अहमद शाह वटाली, अब्दुल रशीद शेख, शब्बीर अहमद शाह, मसरत आलम भट्ट, नवल किशोर कपूर और ट्रिसन फार्म्स एवं कंस्ट्रक्शंस प्राइवेट लिमिटेड आरोपी है।

2008 अहमदाबाद धमाके: सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का फैसला पलटा

इंडियन मुजाहिदीन के सदस्य की फांसी पर रोक

एजेंसी

नई दिल्ल। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 2008 के अहमदाबाद बम धमाकों के मामले में इंडियन मुजाहिदीन के एक सदस्य की मौत की सजा पर फिलहाल रोक लगाने का आदेश दिया है। इन धमाकों में 56 लोगों की मौत हुई थी। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस एजी मसीह और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने अहमद बावा उर्फ अब्बू अबुबकर बरलेवी की याचिका पर गुजरात सरकार को नोटिस जारी किया है। बावा ने गुजरात हाईकोर्ट के उस फैसले को चुनौती दी है, जिसमें निचली अदालत द्वारा उसे सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा गया था। शीर्ष अदालत ने मामले में निचली अदालत का रिकॉर्ड भी तलब किया है। 7 जुलाई को गुजरात हाईकोर्ट ने 2008 के अहमदाबाद सिलसिलेवार बम धमाकों के मामले में इंडियन मुजाहिदीन के 38 सदस्यों को सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा था। अदालत ने बड़ी संख्या में लोगों की मौत, हमले की साजिश रचने और आतंक फैलाने का दोषी मानते हुए फांसी की सजा सुनाई थी। हाईकोर्ट ने 11 अन्य दोषियों को सुनाई गई उम्रकैद की सजा भी बरकरार रखी थी। अदालत ने कहा था कि गुजरात और केरल में आतंकवादी प्रशिक्षण शिविरों में उनकी भूमिका और साजिश के लिए रसद संबंधी सहायता मुहैया कराने की बात अभियोजन पक्ष ने साबित की है। 26 जुलाई, 2008 को अहमदाबाद के अलग-अलग इलाकों में करीब 70 मिनट के भीतर 21 सिलसिलेवार बम धमाके हुए थे। इन धमाकों में 56 लोगों की मौत हुई थी और 200 से अधिक लोग घायल हुए थे। धमाके उन अस्पतालों में भी हुए थे जहां घायलों को इलाज के लिए ले जाया जा रहा था। यह भारत में किसी आतंकवादी हमले के दौरान चिकित्सा केंद्रों को निशाना बनाए जाने की पहली ऐसी घटनाओं में से एक थी। हाईकोर्ट ने दोषियों की सभी अपीलें खारिज करते हुए विशेष अदालत के फरवरी 2022 के फैसले को बरकरार रखा था। विशेष अदालत ने इंडियन मुजाहिदीन के 38 सदस्यों को मौत की सजा और 11 अन्य को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

राज्य सरकार ने भी दोषियों के लिए मौत की सजा की मांग की थी। हाईकोर्ट ने यह भी कहा था कि कुछ दोषियों का आपराधिक रिकॉर्ड रहा है और किसी ने पश्चाताप नहीं दिखाया। जेल में उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई किए जाने का भी अदालत ने उल्लेख किया था। अदालत ने कहा था कि रिकॉर्ड में ऐसा कुछ नहीं है, जिसके आधार पर सजा में नरमी बरती जा सके। हाईकोर्ट ने दोषियों पर लगाए गए जुर्माने को भी बरकरार रखा। अदालत ने कहा था कि अपराध की गंभीरता, सार्वजनिक संपत्ति को हुए नुकसान और बड़े पैमाने पर हुई मौतों तथा लोगों के घायल होने को देखते हुए ये जुर्माने उचित हैं। अदालत ने गुजरात सरकार को निर्देश दिया था कि वह 30 मार्च, 2027 से पहले मृतकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये और गंभीर रूप से घायलों को 5-5 लाख रुपये का मुआवजा दे।

जेपीसी की प्रक्रिया पर वेणुगोपाल ने उठाए सवाल

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को आरोप लगाया कि विदेशी अंशदान (विनियमन) संशोधन विधेयक (एफसीआरए), 2026 पर विचार कर रही संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में हितधारकों से कोई सार्थक परामर्श नहीं हो रहा है। उन्होंने इस संबंध में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को पत्र लिखकर अपनी शिकायत दर्ज कराई है। वेणुगोपाल ने पत्र में लिखा कि अगर विधेयक को जल्दबाजी में पारित कराया जाता है तो यह उस उद्देश्य को विफल कर देगा, जिसके लिए सदन ने विधेयक को जेपीसी के पास भेजा था। इससे महत्वपूर्ण संसदीय प्रक्रिया महज औपचारिकता बनकर रह जाएगी। उन्होंने कहा कि विधेयक 25 मार्च, 2026 को लोकसभा में पेश किया गया था और इसके प्रावधानों को लेकर विपक्षी दलों ने आपत्ति जताई थी। पत्र में कहा गया है कि प्रस्तावित प्रावधान गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ), अल्पसंख्यक संस्थानों, स्कूलों, अस्पतालों, अनाथालयों और धर्मार्थ संस्थाओं को प्रभावित कर सकते हैं।

पेज एक का शेष

2017 से पहले माफिया...

मेरठ, अलीगढ़ और मुजफ्फरनगर समेत कई स्थानों पर दंगों के चलते लंबे समय तक कर्फ्यू लगा। इन्हीं परिस्थितियों में उत्तर प्रदेश को बीमारू कहा जाने लगा। अर्थव्यवस्था, रोजगार, तकनीक और कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन सहित विभिन्न क्षेत्रों में चुनौतियां खड़ी थीं। 2017 के बाद इन परिस्थितियों को बदलते हुए प्रदेश को आगे बढ़ाने का काम किया गया। सीएम योगी ने कहा कि पुलिस सुधारों के साथ तकनीक का समावेश भी आवश्यक है। सेफ सिटी के लक्ष्य के तहत प्रदेश के शहरों में 14 लाख से अधिक कैमरे लगाए गए हैं। ये कैमरे घटनाओं की रोकथाम और उनके अनावरण में भूमिका निभा रहे हैं। जिलों में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर स्थापित किए गए हैं। विचार और व्यवहार के साथ जब तकनीक जुड़ती है तो उसके परिणाम भी सामने आते हैं। आज यूपी पुलिस की पहचान में यह बदलाव दिखाई देता है। मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश पुलिस के एसटीएफ से जुड़े जांबाज इंस्पेक्टर स्वर्गीय सुनील कुमार सिंह की वीरता को नमन किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने उनकी वीरता के लिए उन्हें कीर्ति चक्र से सम्मानित किया है और यूपी पुलिस को पहली बार यह गौरव प्राप्त हुआ है। सुनील कुमार सिंह ने 22 जनवरी, 2025 को आमने-सामने की मुठभेड़ में चार दुर्दांत अपराधियों को मार गिराया था। इस दौरान वह अपराधियों की गोलियों से गंभीर रूप से घायल हुए और बाद में उनका बलिदान हुआ। मुख्यमंत्री ने उनकी धर्मपत्नी एवं परिवार के सदस्यों को सम्मानित करते हुए उनकी स्मृति को नमन किया। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में 16 पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों को राष्ट्रपति के वीरता पुरस्कार तथा 10 पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों को मुख्यमंत्री वीरता पदक से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने सभी वीर पुलिसकर्मियों को बधाई दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क सुरक्षा प्रदेश के सामने बड़ी चुनौती है। कोविड के ढाई-तीन वर्षों में प्रदेश में लगभग 24 हजार लोगों की मृत्यु हुई थी, जबकि सड़क दुर्घटनाओं में हर वर्ष 23-24 हजार लोगों की जान चली जाती है। इसे तकनीक और प्रभावी प्रवर्तन के माध्यम से नियंत्रित किया जा सकता है। इसी उद्देश्य से अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित 87 इंटरसेप्टर वाहनों को उत्तर प्रदेश पुलिस को समर्पित किया गया है। सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन केवल एक व्यक्ति को प्रभावित नहीं करता, बल्कि उसका प्रभाव पूरे परिवार और अंततः समाज पर पड़ता है। ये इंटरसेप्टर वाहन विभिन्न जनपदों में सड़क सुरक्षा के मानकों के अनुपालन और यातायात नियमों के प्रभावी प्रवर्तन में योगदान देंगे। इस अवसर पर समाज कल्याण मंत्री असीम अरुण, उत्तर प्रदेश पुलिस के पूर्व महानिदेशक प्रकाश सिंह, उत्तर प्रदेश पुलिस के महानिदेशक राजीव कृष्ण, अपर मुख्य सचिव गृह संजय प्रसाद, स्वामी धर्मबंधु, प्रभात प्रकाशन से पवन अग्रवाल और उत्तर प्रदेश पुलिस के वरिष्ठ अधिकारीगण, कार्मिकगण व उनके परिजन उपस्थित रहे।

न्यायिक भर्ती ...

जिला जज के लिए गुजरात हाईकोर्ट की भर्ती प्रक्रिया को चुनौती दी गई थी, जिसमें 113 रिक्तियों में से कोई भी पद नहीं भरा गया था, जबकि दो उम्मीदवारों ने साक्षात्कार के लिए योग्यता प्राप्त की थी। न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने मामले की सुनवाई के दौरान अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने बताया कि भर्ती के रिकॉर्ड अब उसके सामने रखे गए हैं, जिसमें दिए गए अंक भी सीलबंद लिफाफे में हैं। उन्होंने पीठ से कहा कि भर्ती नियमों के अनुसार, उम्मीदवार के चरित्र का आकलन करने के लिए हाईकोर्ट से एक रिपोर्ट प्राप्त करनी होती है जिससे वह संबंधित है। उन्होंने आग्रह किया कि अदालत को यह देखना चाहिए कि क्या इन मामलों में रिपोर्ट प्राप्त की गई थी। इस पर जस्टिस बागची ने कहा कि हम पूरी परीक्षा प्रक्रिया में सुधार के लिए कुछ पहल करने में अधिक रुचि रखते हैं। इसके साथ ही, पीठ ने मामले को सुनवाई के लिए तब सूचीबद्ध करने को कहा है, जब मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) भी वर्तमान पीठ संयोजन में बैठ रहे हों। गुजरात हाईकोर्ट ने 25 जुलाई 2025 को 25 फीसदी सीधी भर्ती कोटे के तहत 113 जिला जज के पदों को भरने के लिए विज्ञापन दिया था। दो याचिकाकर्ता ही ऐसे उम्मीदवार थे जो सीधी भर्ती कोटे के तहत मौखिक परीक्षा के लिए योग्य पाए गए। याचिका के अनुसार मानसी जैन ने लिखित परीक्षा में 200 में से 100.5 अंक हासिल किए, जबकि विशाल बलजीत सिंह ने लिखित परीक्षा में 200 में से 110.5 और वाइवा वॉइस में 50 में से 10 नंबर हासिल किए। उम्मीदवारों को क्वालिफाई करने के लिए इंटरव्यू में 50 में से 20 नंबर लाने थे। याचिका में बताया गया कि पिछले सात सालों में 25 फीसदी सीधी भर्ती कोटे के तहत सिर्फ एक नियुक्ति हुई है, जबकि पांच नियुक्ति प्रक्रिया और 264 अधिसूचित रिक्तियां हैं, जिनमें 2019 में 26 रिक्तियां, 2020 में 34, 2022 में 34, 2023 में 57 और 2024-25 में 113 रिक्तियां शामिल हैं। याचिका में आरोप लगाया गया है कि साक्षात्कार की प्रक्रिया में गड़बड़ी हैं।

स्पेशल टीईट...

कक्ष निरिक्षक ड्यूटी, गुणवत्ता संवर्धन हेतु विभाग द्वारा कराए जाने वाले समस्त प्रशिक्षण अध्यापक के समान अनुभव है। विशेष टीईटी में आवेदन के अवसर को लेकर शिक्षामित्रों के साथ अलग व्यवहार किया जा रहा है, जबकि अन्य श्रेणियों में कार्यरत शिक्षकों एवं विशेष शिक्षकों को परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया गया है। याचिकाकर्ताओं की ओर से यह भी तर्क रखा गया कि शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) की अनिवार्यता के संबंध में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के बाद भविष्य में शिक्षण कार्य जारी रखने के लिए टीईटी की भूमिका महत्वपूर्ण हो गई है। ऐसे में लंबे समय से परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षामित्रों को विशेष टीईटी में अवसर दिया जाना आवश्यक है।

भविष्य की जरूरतों के...

देरी से कोचिंग फीस, किराये और परिवहन का खर्च बढ़ता है और परिवारों पर बोझ पड़ता है। उन्होंने कहा कि परीक्षा प्रणाली को 'टाइम सर्टेनिटी' के सिद्धांत को अपनाना चाहिए और मानकों से समझौता किए बिना परीक्षा चक्र को छोटा करना चाहिए। मोदी ने कहा कि यूपीएससी ने परीक्षा चक्र में करीब 100 दिन की कमी की है। प्रधानमंत्री ने यूपीएससी और राज्य लोक सेवा आयोगों के बीच बेहतर समन्वय तथा श्रेष्ठ प्रक्रियाओं को साझा करने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सम्मेलन को अधिक उत्पादक बनाने के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर की बेहतर कार्यप्रणालियों का अध्ययन किया जाना चाहिए तथा प्रौद्योगिकी के माध्यम से प्रक्रियाओं की दक्षता बढ़ाने पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने प्रक्रियाओं और मानकों को मानकीकृत करने तथा आयोगों की क्षमता निर्माण पर भी जोर दिया। मोदी ने कहा कि यूपीएससी के गठन के समय बड़े शहरों, समर्थ परिवारों और बड़े संस्थानों से पढ़े युवाओं को अवसरों का अधिक लाभ मिलता था लेकिन अब गांवों और कस्बों के युवा भी सार्वजनिक सेवा में पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की भागीदारी भी लगातार बढ़ी है। 1952 में सिविल सेवाओं में महिला उम्मीदवारों की हिस्सेदारी करीब तीन प्रतिशत थी, जो अब 30 प्रतिशत से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि 1976 में यूपीएससी के 50 वर्ष पूरे होने के समय की तुलना में आज परीक्षा देने वालों की संख्या 45 गुना से अधिक बढ़ चुकी है। इतने बड़े प्रतिभा समूह के बीच सही व्यक्ति का चयन आयोगों की बड़ी जिम्मेदारी है क्योंकि चयनित अधिकारी आगे चलकर जमीनी स्तर पर सरकार के प्रतिनिधि के रूप में काम करते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि यूपीएससी ने अपने पहले 100 वर्षों में अपनी विश्वसनीयता मजबूत की है और अब दूसरी सदी में नई संभावनाओं तथा चुनौतियों के अनुरूप इसे और समृद्ध करना होगा। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता, निष्पक्षता, योग्यता, गोपनीयता और निष्पक्ष प्रक्रिया यूपीएससी की पहचान हैं और इन मूल्यों को हमेशा बनाए रखना चाहिए।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने यूपीएससी की 100 वर्ष की यात्रा पर लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा शताब्दी स्मारक सिक्का, डाक टिकट और '100 महत्वपूर्ण न्यायिक निर्णय' पर आधारित पुस्तक का विमोचन किया। यूपीएससी की स्थापना 01 अक्टूबर 1926 को हुई थी। समारोह के दौरान प्रधानमंत्री ने हाल में एक विमान में हुई घटना के दौरान भारतीय कैप्टन स्मित के साहस और सूझबूझ की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि उनके साहस ने हर देशवासी को गौरवान्वित किया है और देशवासियों से उनके अच्छे स्वास्थ्य तथा दीर्घायु के लिए प्रार्थना करने की अपील की।

कार्यालय ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर विकास खंड हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी

पत्रांक- मेमो/2026-27 दिनांक -01.10.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर विकास खंड हैदरगढ़ में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (बीपीजीरामजी) योजनान्तर्गत इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य, इंटरलाकिंग ईंट, बालू, मौरंग, सीमेंट ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, लोकल बालू, सरिया हेतु सामग्री की आवश्यकता है, जिसकी आपूर्ति के लिए निविदा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 03-10-2026 से 12-10-2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी निविदा वांछित बंद लिफाफे में रखकर जमा कर सकते हैं। दिनांक 13-10-2026 को समय 3.00 बजे टेंडर समिति के समक्ष उक्त निविदा खोली जाएगी जिसकी दर सबसे कम होगी उसकी निविदा स्वीकार की जायेगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम व प्रकार	अनुमानित लागत रुपए में	सामग्री
1	बोधराम के दरवाजे से महेश के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण	1497230	इंटर लॉकिंग ईंट 80 एमएम जिग-जिग जैग-150 ग्रेड एम-150 प्रथम श्रेणी ईंट, ईंट गिट्टी-40 एमएम, सीमेंट मौरंग, बालू, 10 एमएम पत्थर गिट्टी लोकल बालू, साइन बोर्ड
2	राधे की दुकान से विनोद शुक्ला के दरवाजे तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य	496457	इंटर लॉकिंग ईंट 80 एमएम जिग-जिग जैग-150 ग्रेड एम-150 प्रथम श्रेणी ईंट, ईंट गिट्टी-40 एमएम, सीमेंट मौरंग, बालू, 10 एमएम पत्थर गिट्टी लोकल बालू, साइन बोर्ड

आवश्यक नियम व शर्तें निम्नवत हैं।

1. प्रत्येक सामग्री हेतु कम से कम 3 निविदायें आवश्यक हैं तथा उक्त कार्य की सामग्री समय सीमा 2 माह है।
2. आपूर्तिकर्ता की फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए जिसके समस्त अभिलेख बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए।
3. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसको आपूर्ति का आदेश ग्राम पंचायत द्वारा जारी किया जाएगा। समय से आपूर्ति न कर पाने पर या गुणवत्ता खराब होने पर ग्राम पंचायत आपूर्ति आदेश निरस्त कर किसी अन्य फर्म को समान दरों आपूर्ति देने हेतु स्वतंत्र होगी।
4. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने से व मापन के उपरांत ही किया जायेगा।
5. प्रस्तुत दरें प्राक्कलन में दी गयी पीडब्ल्यूडी द्वारा मान्य दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए।

प्रशासक — ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर — विकास खंड हैदरगढ़, जनपद बाराबंकी

पंचायत सचिव — ग्राम पंचायत मोहम्मदपुर — विकास खंड हैदरगढ़, जनपद बाराबंकी

कार्यालय ग्राम पंचायत रानीपुर विकास खंड हैदरगढ़ जनपद बाराबंकी

पत्रांक- मेमो/2026-27 दिनांक -30.09.2026

अल्पकालीन निविदा सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत रानीपुर विकास खंड हैदरगढ़ में विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (बीपीजीरामजी) योजनान्तर्गत इंटरलॉकिंग एवं नाली निर्माण कार्य, इंटरलाकिंग ईंट, बालू, मौरंग, सीमेंट ईंट गिट्टी, पत्थर गिट्टी, लोकल बालू, सरिया हेतु सामग्री की आवश्यकता है, जिसकी आपूर्ति के लिए निविदा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए आमंत्रित की जाती हैं। इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 03-10-2026 से 07-10-2026 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में अपनी निविदा वांछित बंद लिफाफे में रखकर जमा कर सकते हैं। दिनांक 09-10-2026 को समय 3.00 बजे टेंडर समिति के समक्ष उक्त निविदा खोली जाएगी जिसकी दर सबसे कम होगी उसकी निविदा स्वीकार की जायेगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम व प्रकार	अनुमानित लागत रुपए में	सामग्री
1	हीरालाल के दरवाजे से मिनी सचिवालय तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य	1575735	इंटर लॉकिंग ईंट 80 एमएम जिग-जिग जैग-150 ग्रेड एम-150 प्रथम श्रेणी ईंट, ईंट गिट्टी-40 एमएम, सीमेंट मौरंग, बालू, 10 एमएम पत्थर गिट्टी लोकल बालू, साइन बोर्ड

आवश्यक नियम व शर्तें निम्नवत हैं।

1. प्रत्येक सामग्री हेतु कम से कम 3 निविदायें आवश्यक हैं तथा उक्त कार्य की सामग्री समय सीमा 2 माह है।
2. आपूर्तिकर्ता की फर्म जीएसटी पंजीकृत होनी चाहिए जिसके समस्त अभिलेख बैंक डिटेल के साथ प्रमाणित छायाप्रति संलग्न होनी चाहिए।
3. जिस आपूर्तिकर्ता की दर सबसे कम होगी उसको आपूर्ति का आदेश ग्राम पंचायत द्वारा जारी किया जाएगा। समय से आपूर्ति न कर पाने पर या गुणवत्ता खराब होने पर ग्राम पंचायत आपूर्ति आदेश निरस्त कर किसी अन्य फर्म को समान दरों आपूर्ति देने हेतु स्वतंत्र होगी।
4. स्वीकृत आपूर्तिकर्ता को भुगतान तकनीकी रूप से गुणवत्ता प्रमाणित होने से व मापन के उपरांत ही किया जायेगा।
5. प्रस्तुत दरें प्राक्कलन में दी गयी पीडब्ल्यूडी द्वारा मान्य दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए।

प्रशासक — ग्राम पंचायत रानीपुर — विकास खंड हैदरगढ़, जनपद बाराबंकी

पंचायत सचिव — ग्राम पंचायत रानीपुर — विकास खंड हैदरगढ़, जनपद बाराबंकी

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने डीयू में किया स्वच्छता अभियान का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

■ अभियान की शुरुआत सुबह 7:30 बजे ग्वायर हॉल हॉस्टल के पास स्थित गोलचक्कर से हुई



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) में राष्ट्रव्यापी 'स्वच्छता ही सेवा 2026' अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों, राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्वयंसेवकों और अधिकारियों के साथ सफाई अभियान में भाग लिया। अभियान के तहत डीयू परिसर से लेकर कमला नेहरू रिज (बोंटा) तक साफ-सफाई की गई और प्रतिभागियों ने स्वच्छता की शपथ ली।

अभियान की शुरुआत सुबह 7:30 बजे ग्वायर हॉल हॉस्टल के पास स्थित गोलचक्कर से हुई। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपनी टीम के साथ पीजी मेन्स हॉस्टल और विश्वविद्यालय अतिथि गृह होते हुए कमला नेहरू रिज की ओर बढ़ीं। इस दौरान पूरे मार्ग पर सफाई अभियान चलाया गया। विश्वविद्यालय परिसर के साथ ही गेट नंबर एक के सामने स्थित कमला नेहरू रिज को भी अभियान में शामिल किया गया। कार्यक्रम में दिल्ली विश्वविद्यालय दक्षिणी परिसर की निदेशक प्रो. रजनी अब्बी, कॉलेज ऑफ ओपन लर्निंग (सीओएल) की निदेशक प्रो. पायल मागो, नगर निगम के उत्तरी क्षेत्र की उप आयुक्त श्वेता नागरकोटी, विधायक सूर्य प्रकाश खत्री, दिल्ली के पूर्व महापौर राजा इकबाल सिंह और गांधी भवन के निदेशक प्रो. के. पी. सिंह सहित विश्वविद्यालय के शिक्षक, अधिकारी, कर्मचारी और डूसू पदाधिकारी मौजूद रहे। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और एनएसएस स्वयंसेवकों ने भी अभियान में भागीदारी की। नगर निगम के अधिकारी और कर्मचारी भी इस दौरान उपस्थित रहे। अभियान के आरंभ में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के साथ सभी प्रतिभागियों ने स्वच्छता की शपथ ली। इसका उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ सामूहिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना रहा। दिल्ली विश्वविद्यालय में 'स्वच्छता ही सेवा' अभियान के नोडल अधिकारी प्रो. के. पी. सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। इस वर्ष अभियान की थीम 'स्वच्छता में सहभाग, स्वच्छ भारत, विकसित भारत' रखी गई है। वहीं, इसका नारा 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' है। अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों को स्वच्छता के कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

रवि कुमार बने युवा जदयू नवगछिया के नए जिलाध्यक्ष, कार्यकर्ताओं में हर्ष

कैनविज टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल ने सांगठनिक फ़ेरबदल करते हुए जिलाध्यक्षों की नई सूची जारी कर दी है। इसमें नवगछिया संगठन के चर्चित युवा चेहरे और जदयू के पूर्व मुख्य जिला प्रवक्ता रवि कुमार को युवा जदयू नवगछिया का नया जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

रवि कुमार की इस नियुक्ति से स्थानीय कार्यकर्ताओं और समर्थकों में भारी उत्साह है। अपनी राजनीतिक पारी की शुरुआत युवा जदयू के जिला प्रवक्ता के रूप में करने वाले रवि कुमार का पार्टी में लंबा और बेदाग ट्रैक रिकॉर्ड रहा है। इससे पहले वे जदयू मीडिया सेल के जिला संयोजक के तौर पर भी बेहतरीन कार्य कर चुके हैं। लोकसभा चुनाव 2019 के बाद पार्टी ने उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए उन्हें 'सर्वश्रेष्ठ मीडिया सेल जिला संयोजक' के सम्मान से भी नवाजा था। उनकी लगन, सक्रियता और कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने साल 2021 में उन्हें मुख्य जिला प्रवक्ता की कमान सौंपी थी। इसके अलावा वे मीडिया सेल के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव जैसी कई महत्वपूर्ण संगठनात्मक जिम्मेदारियां भी संभाल चुके हैं। अपनी इस नई और महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए रवि कुमार ने मुख्यमंत्री सह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष नीतीश पटेल, ऊर्जा मंत्री शैलेश कुमार उर्फ बूलो मंडल और नवगछिया जदयू के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सिंह कुशवाहा के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता और आभार प्रकट किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी ने उन पर जो भरोसा जताया है, वे उस पर पूरी तरह खरा उतरने का प्रयास करेंगे और युवाओं को एकजुट कर संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत बनाएंगे।

त्योहारों पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के लिए उत्तर रेलवे चलाएगा दो फ़ेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। त्योहारों के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए उत्तर रेलवे ने नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा और दिल्ली जंक्शन-रींगस जंक्शन के बीच फ़ेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। इनमें नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा आरक्षित फ़ेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस तीन-तीन फ़ेरे दोनों दिशाओं में और दिल्ली जंक्शन-रींगस जंक्शन अनारक्षित स्पेशल दो-दो फ़ेरे दोनों दिशाओं में संचालित होगी। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय के अनुसार, यात्रियों की सुविधा और त्योहारों के दौरान अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने के लिए इन ट्रेनों का संचालन निर्धारित तिथियों और समय के अनुसार किया जाएगा। यात्रियों को ट्रेनों से संबंधित ताजा जानकारी के लिए एनटीईएस देखने या 139 पर संपर्क करने की सलाह दी गई है। उत्तर रेलवे ने बताया कि ट्रेन संख्या 04081/04082 नई दिल्ली-श्री माता वैष्णो देवी कटरा-नई दिल्ली आरक्षित फ़ेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस नई दिल्ली से 2, 3 और 4 अक्टूबर को तीन फ़ेरे लगाएगी। वापसी में श्री माता वैष्णो देवी कटरा से यह ट्रेन 3, 4 और 5 अक्टूबर को तीन फ़ेरे लगाएगी। ट्रेन संख्या 04081 नई दिल्ली से रात 11:45 बजे रवाना होगी और अगले दिन दोपहर 12 बजे श्री माता वैष्णो देवी कटरा पहुंचेगी। रास्ते में ट्रेन पानीपत, कुरुक्षेत्र जंक्शन, अंबाला कैंट, लुधियाना जंक्शन, जालंधर कैंट, पठानकोट कैंट, जम्मू तवी और शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन पर ठहरेगी। नई दिल्ली से रवाना होने के बाद ट्रेन रात 12:58 बजे पानीपत पहुंचेगी और 1 बजे रवाना होगी। कुरुक्षेत्र जंक्शन पर रात 1:50 बजे पहुंचेगी और 1:52 बजे रवाना होगी। अंबाला कैंट पर रात 2:30 बजे पहुंचकर 2:40 बजे रवाना होगी। ट्रेन लुधियाना जंक्शन पर सुबह 4:15 बजे पहुंचेगी और 4:20 बजे रवाना होगी। जालंधर कैंट पर सुबह 5:22 बजे पहुंचकर 5:27 बजे रवाना होगी। पठानकोट कैंट पर सुबह 7:15 बजे पहुंचकर 7:20 बजे रवाना होगी। जम्मू तवी पर सुबह 9:15 बजे पहुंचकर 9:25 बजे रवाना होगी। शहीद कैप्टन तुषार महाजन स्टेशन पर सुबह 11:08 बजे पहुंचकर 11:10 बजे रवाना होगी और दोपहर 12 बजे श्री माता वैष्णो देवी कटरा पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन संख्या 04082 श्री माता वैष्णो देवी कटरा से रात 9 बजे रवाना होगी। यह शहीद कैप्टन तुषार महाजन पर रात 9:28 बजे पहुंचेगी और 9:30 बजे रवाना होगी। जम्मू तवी पर रात 11 बजे पहुंचकर 11:05 बजे रवाना होगी। पठानकोट कैंट पर रात 12:45 बजे पहुंचकर 12:50 बजे रवाना होगी। ट्रेन जालंधर कैंट पर रात 2:45 बजे, लुधियाना जंक्शन पर रात 3:45 बजे, अंबाला कैंट पर सुबह 5:40 बजे, कुरुक्षेत्र जंक्शन पर सुबह 6:25 बजे, पानीपत पर सुबह 7:25 बजे पहुंचेगी। इसके बाद सुबह 10 बजे नई दिल्ली पहुंचेगी। उत्तर रेलवे ने बताया कि ट्रेन संख्या 04415/04416 दिल्ली जंक्शन-रींगस जंक्शन-दिल्ली जंक्शन अनारक्षित स्पेशल का संचालन भी किया जाएगा।

ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर (तृतीय) में पंजाब अपना हिस्सा लेने की तैयारी करे : सिद्धू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

■ 1.86 लाख करोड़ की केंद्रीय योजना में राज्य की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तत्काल परियोजना प्रस्ताव तैयार करने की मांग

चंडीगढ़। पंजाब सरकार के सेवानिवृत्त विशेष मुख्य सचिव करन बीर सिंह सिद्धू ने राज्य सरकार से केंद्र सरकार की ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर (तृतीय) योजना में पंजाब की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए तत्काल ठोस पहल करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की ओर से मंजूर की गई इस बड़ी ऊर्जा अवसंरचना योजना में पंजाब को अपने हिस्से का लाभ लेने के लिए समय रहते विस्तृत परियोजना प्रस्ताव तैयार कर केंद्र के समक्ष प्रस्तुत करना चाहिए। केंद्र सरकार ने 30 सितंबर को 1.86 लाख करोड़ रुपये की लागत वाली ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर चरण-(तृतीय) योजना को मंजूरी दी है। इस योजना का उद्देश्य देश में तेजी से बढ़ रही नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता को मजबूत करने के साथ-साथ उसके प्रभावी पारेषण और भंडारण के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचा विकसित करना है। योजना के तहत राज्यों के भीतर नवीकरणीय ऊर्जा के लिए करीब 1.36 लाख करोड़ रुपये की पारेषण व्यवस्था विकसित करने का प्रावधान किया गया है। इसके अतिरिक्त करीब 50,000 करोड़ रुपये की लागत से 50 गीगावाट-घंटे की बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली विकसित की जाएगी। इससे नवीकरणीय ऊर्जा की उपलब्धता को अधिक प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने और बिजली आपूर्ति व्यवस्था को मजबूत बनाने में मदद मिलने की उम्मीद है। सिद्धू ने कहा कि पंजाब के लिए यह योजना केवल अतिरिक्त बिजली उत्पादन से जुड़ा अवसर नहीं है, बल्कि राज्य की भविष्य की ऊर्जा जरूरतों और बिजली ढांचे को मजबूत करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण साबित हो सकती है। ऐसे में राज्य सरकार को योजना के प्रावधानों का अध्ययन कर पंजाब की आवश्यकताओं के अनुरूप परियोजनाओं की पहचान करनी चाहिए। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया कि संबंधित विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर नवीकरणीय ऊर्जा, पारेषण नेटवर्क और ऊर्जा भंडारण से जुड़े प्रस्तावों को प्राथमिकता के आधार पर तैयार किया जाए। साथ ही केंद्र सरकार की योजना के तहत उपलब्ध वित्तीय और तकनीकी अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए समयबद्ध कार्ययोजना बनाई जाए। पंजाब में नवीकरणीय ऊर्जा के विस्तार की संभावनाओं को देखते हुए ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर राज्य के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राज्य सरकार यदि समय रहते अपनी परियोजनाएं तैयार कर केंद्र के समक्ष रखती है तो इससे भविष्य में बढ़ती हरित ऊर्जा क्षमता को ग्रिड से जोड़ने तथा बिजली के बेहतर प्रबंधन में मदद मिल सकती है। सिद्धू ने जोर दिया कि 1.86 लाख करोड़ रुपये की इस राष्ट्रीय योजना में पंजाब को अपना हिस्सा हासिल करने के लिए अभी से सक्रिय होना होगा। इसके लिए केवल योजना की घोषणा तक सीमित रहने के बजाय विस्तृत परियोजना रिपोर्ट, संभावित क्षेत्रों की पहचान और आवश्यक पारेषण एवं भंडारण क्षमता का आकलन जल्द पूरा किया जाना चाहिए। केंद्र की इस पहल को देश में स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में बड़े निवेश के रूप में देखा जा रहा है। ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर के तीसरे चरण से नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन वाले क्षेत्रों को मजबूत पारेषण नेटवर्क से जोड़ने और ऊर्जा भंडारण क्षमता बढ़ाने पर जोर रहेगा।

एनएच पर बढ़ते हादसों के बीच पुलिस सख्त, हेलमेट से ट्रिपल राइडिंग तक पर कार्रवाई

बेतिया। पश्चिमी चंपारण इलाका से गुजरने वाले एनएच पर लगातार हो रहे सड़क हादसों को देखते हुए पुलिस ने यातायात नियमों के अनुपालन को लेकर सख्ती बढ़ा दी है। दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने के साथ लोगों को सुरक्षित यातायात के प्रति जागरूक करने के लिए नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों पर कार्रवाई की जाएगी। बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों के खिलाफ चालान की कार्रवाई होगी। इतना ही नहीं, थाना परिसर में बिना हेलमेट पहुंचने वाले बाइक चालकों का भी चालान काटा जा सकता है। थानाध्यक्ष इंद्रजीत पासवान ने गुरुवार को बताया कि बाइक पर चालक समेत दो से अधिक सवारी बैठाकर चलने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि ट्रिपल राइडिंग से वाहन का संतुलन बिगड़ने के साथ दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है। एनएच पर दुर्घटनाओं के संवेदनशील स्थानों को देखते हुए बोलवा मोड़ से परसा-मठिया चौक तक विभिन्न जगहों पर बैरियर लगाए गए हैं, ताकि वाहनों की गति नियंत्रित की जा सके।

हरीश रावत ने नीतीश कुमार पर साधा निशाना चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग

कैनविज टाइम्स संवाददाता

हरिद्वार। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधते हुए उन्हें 'पलटूराम' कहा और आरोप लगाया कि देश में चुनावी प्रक्रिया और मतदाता सूचियों को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र में जनता के विश्वास की बुनियाद हैं। हरिद्वार में गुरुवार को मीडिया से बातचीत में रावत ने कहा कि नीतीश कुमार पहले भाजपा के विरोध में विपक्षी दलों को एकजुट करने की कोशिश कर रहे थे और बाद में भाजपा के साथ चले गए। केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि जब तक उनके खिलाफ ईडी और सीबीआई की कार्रवाई होती रहेगी, वह भाजपा का विरोध करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि उनका जीवन खुली किताब है और उनकी और उनके रिश्तेदारों की जांच कराई जा सकती है। मतदाता सूची और 'वोट चोरी' के मुद्दे पर रावत ने आरोप लगाया कि यदि मतदाताओं के अधिकार प्रभावित होते हैं तो चुनी हुई सरकारों का नैतिक आधार कमजोर होता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस प्रत्येक व्यक्ति के मताधिकार की सुरक्षा के लिए आवाज उठाएगी। श्री रावत ने पंचायत, नगर निकाय, सहकारिता और छात्रसंघ चुनावों से जुड़े कुछ मामलों का उल्लेख करते हुए चुनावी प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं पर सवाल उठाए। उन्होंने हरिद्वार के ग्राम नाथूनखेड़ी में ग्राम प्रधान के चुनाव में आठ बार मतगणना होने और अंतिम गणना में परिणाम बदलने का दावा किया। मंगलौर नगर पालिका से जुड़े एक मामले में उन्होंने नामांकन निरस्त किए जाने की प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए। डीएवी पीजी कॉलेज देहरादून के छात्रसंघ चुनाव का उल्लेख करते हुए रावत ने छात्र नेता विनीत भट्ट की गिरफ्तारी के समय को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि वह संबंधित मुकदमे का समर्थन नहीं कर रहे हैं, लेकिन चुनाव के दौरान हुई कार्रवाई की समय-सीमा पर सवाल उठाना जरूरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस-प्रशासन की कार्रवाई से चुनाव प्रक्रिया प्रभावित होने की आशंका पैदा हुई। एसआईआर का उल्लेख करते हुए रावत ने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण के दौरान पात्र मतदाताओं के नाम सुरक्षित रखने और प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने की जरूरत है।

शारदा रिवरफ्रंट की धीमी प्रगति पर मुख्य सचिव नाराज, समर्पित प्रोजेक्ट मैनेजर तैनात करना का निर्देश

कैनविज टाइम्स संवाददाता



देहरादून। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने उत्तराखंड निवेश एवं अवसंरचना विकास बोर्ड (यूआईआईडीबी) के तहत संचालित परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए शारदा रिवरफ्रंट कॉरिडोर के कार्यों में धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने कार्यदायी संस्था यूपीसीसी द्वारा करीब दस माह में केवल 10 प्रतिशत काम किए जाने पर परियोजना के लिए समर्पित प्रोजेक्ट मैनेजर तैनात करने का निर्देश दिया।

सचिवालय में गुरुवार को यूआईआईडीबी की एग्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक में मुख्य सचिव ने सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूरा कराने और उनकी नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि शारदा रिवरफ्रंट परियोजना के लिए तैनात प्रोजेक्ट मैनेजर कार्यस्थल पर ही मौजूद रहे, ताकि कार्यों की लगातार निगरानी के साथ मौके पर आने वाली समस्याओं का तत्काल समाधान किया जा सके। उन्होंने यूआईआईडीबी की सभी परियोजनाओं के लिए समय-सीमा के साथ पीईआरटी चार्ट तैयार करने और प्रत्येक बैठक में परियोजनावार प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए। निर्धारित समय के अनुरूप प्रगति नहीं करने वाली परियोजनाओं में देरी के कारणों की पहचान कर सुधारात्मक कार्रवाई करने को कहा। । मुख्य सचिव ने कुंभ मेला 2027 को देखते हुए हरिद्वार क्षेत्र की प्राथमिकता वाली परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने सती कुंड से जुड़े कार्य 15 दिसंबर तक पूरा कराने के लिए श्रमिकों और शिफ्ट की संख्या बढ़ाने को कहा। साथ ही कार्यों की गति के साथ गुणवत्ता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने हरिद्वार में चल रहे कार्यों की नियमित निगरानी के लिए कार्यदायी संस्था के महाप्रबंधक को हरिद्वार में तैनात रहने और परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट जिलाधिकारी तथा मंडलायुक्त को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने सतही, भूमिगत और मैकेनिकल पार्किंग से जुड़े प्रस्तावों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हरिद्वार में नए पार्किंग प्रोजेक्ट शुरू करने से पहले जिलाधिकारी और मेलाधिकारी से लिखित अनापत्ति प्रमाण पत्र लेना होगा। अन्य विभागों की योजनाओं के साथ पार्किंग परियोजनाओं का समुचित समन्वय और एकीकरण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित क्षेत्र की आवश्यकता और व्यवहारिकता के आधार पर सतही, भूमिगत या मैकेनिकल पार्किंग में उपयुक्त विकल्प का चयन किया जाए। मुख्य सचिव ने रिवर राफ्टिंग विकास परियोजनाओं के संचालन और अनुरक्षण के लिए यूपीसीसी को अगले पांच वर्षों के लिए समर्पित टीम विकसित कर कार्यस्थल पर तैनात करने के निर्देश दिए। हरिद्वार और ऋषिकेश के लिए अलग-अलग इकाई बनाने को भी कहा। परियोजनाओं से जुड़े वित्तीय मामलों की निगरानी के लिए फाइनेंशियल एवं ऑडिट कमेटी गठित करने के निर्देश देते हुए उन्होंने वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। बैठक में प्रमुख सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव नितेश कुमार झा, रविनाथ रमन, डॉ. पंकज कुमार पाण्डेय, सी. रविशंकर, डॉ. रणवीर सिंह चौहान, विशेष सचिव पराग मधुकर धकाते सहित संबंधित विभागों और यूआईआईडीबी के अधिकारी मौजूद रहे।

बिहार में गंडक के उफान से सारण, चंपारण और वैशाली में तटबंध टूटे, लाखों लोग हुए प्रभावित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार में मानसून की विधाई के साथ आयी बाढ़ ने काफी तबाही मचा रखी है। लाखों लोगों की परेशानी बढ़ी हुई। पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण, सीतमढ़ी, वैशाली, मुजफ्फरपुर, सारण, पटना सहित कई जिले इससे आम जन जीवन प्रभावित हैं। सारण जिले में गंडक नदी का तटबंध क्षतिग्रस्त होने के बाद बाढ़ की स्थिति गंभीर हो गई है। मकेर प्रखंड में तटबंध टूटने से बड़ी मात्रा में पानी फैल गया है। इससे मकेर प्रखंड की सभी पंचायतें और अमनौर प्रखंड की कुछ पंचायतें प्रभावित हुई हैं। पानी का तेज बहाव परसा प्रखंड की ओर भी हो रहा है।

बाढ़ का पानी कुछ स्थानों पर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच)-722 पर चढ़ जाने से आवागमन और संपर्कता प्रभावित हुई है। जिला प्रशासन के अनुसार जिले की 18 पंचायतों के 48 गांव बाढ़ से प्रभावित थे। प्रभावित आबादी करीब 24,725 और लगभग 4,220 परिवार हैं। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने राहत एवं बचाव कार्य तेज कर दिया है। सारण के जिलाधिकारी वैभव श्रीवावस्तव ने मीडिया से बातचीत में कहा कि ''मकेर में तटबंध टूटने के बाद पानी तेजी से फैल रहा है। प्रभावित पंचायतों में नावें लगाई गई हैं और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का काम लगातार जारी है। उन्होंने बताया कि कल रात से ही प्रशासन की टीमें राहत एवं बचाव कार्य में जुटी हुई हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में एनडीआरएफ की दो टीमों और एसडीआरएफ की एक टीम को लगाया गया है। वैशाली जिले के लालगंज में स्थिति काफी भयावह बनी हुई है। लालगंज प्रखंड क्षेत्र में गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर के बीच यूसुफपुर पंचायत के पीरापुर स्थित वार्ड संख्या-5 के विभिन्न स्थानों पर रिंग बांध में रिसाव एवं कटाव की सूचना मिली। इसके बाद वैशाली जिलाधिकारी वर्षा सिंह ने तत्काल स्थल पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि ''जहां-जहां बांध में रिसाव की सूचना मिल रही है। वहां बोरे में मिट्टी भरकर रिसाव को रोकने और बांध को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है। साथ ही प्रशासन की टीम लगातार संवेदनशील स्थानों की निगरानी कर रही है। मुजफ्फरपुर में गंडक नदी के बढ़े जलस्तर के बीच बाढ़ का संकट और गहरा गया है। पारू प्रखंड के जयमल डुमरी इलाके में नारायणी गंडक नदी का तटबंध टूट गया है। तटबंध टूटने के बाद बाढ़ का पानी तेजी से आसपास के गांवों और निचले इलाकों में फैल रहा है। अचानक पानी फैलने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। कई परिवार घर छोड़कर ऊंचे और सुरक्षित स्थानों की ओर जाने लगे हैं। स्थानीय लोगों के मुताबिक, गंडक नदी का जलस्तर खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गया था। कई जगहों पर तटबंध के ऊपर से भी पानी का बहाव हो रहा था। लगातार बढ़ते दबाव के बीच जयमल डुमरी में तटबंध टूट गया। इसके बाद आसपास के इलाकों में तेजी से पानी फैलने लगा। तटबंध टूटने के बाद स्थानीय लोगों में प्रशासन के खिलाफ नाराजगी भी देखने को मिल रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि अगर समय रहते तटबंध की मरम्मत और निगरानी की जाती तो ऐसी स्थिति से बचा जा सकता था। तटबंध टूटने की सूचना मिलते ही प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। तिरहुत आयुक्त गिरवर दयाल सिंह ने बताया कि तटबंध टूटा है। सूचना मिलते ही जिलाधिकारी, एसडीएम वेस्ट, सीओ और बीडीओ समेत संबंधित अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं। राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है। गंडक नदी में अचानक जलस्तर बढ़ने से पश्चिम चंपारण में बाढ़ की स्थिति और भी गंभीर हो गई है। बागाहा गेज पर नदी का जलस्तर अब तक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया है, जो 2024 में दर्ज किए गए पिछले उच्चतम स्तर से अधिक है। जलस्तर में इस उछाल से तटबंधों पर दबाव बढ़ गया है और कई निचले इलाके जलमग्न हो गए हैं, जिससे राहत और पुनर्वास कार्यों में लगी एजेंसियों के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं।

चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063